संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 25 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 143 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




चारधाम यात्रा को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बैठक की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# यूसीसी लागू करना मेरा संकल्पः मोदी

● पीएम मोदी ने कंगना के समर्थन में मंडी में की जनसभा, बोले- कंगना देश की बेटियों के लिए प्रेरणा

**वादा**

**पांच चरणों के चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए बहुमत से ज्यादा सीटें जीत चुका हैः पीएम मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडीः भाजपा के वरिष्ठ** नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के मंडी में शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि देश लगातार तीसरी बार कांग्रेस को रिजेक्ट करने जा रहा है। पांच चरणों के चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए बहुमत से ज्यादा सीटें जीत चुका है। अब हिमाचल की चारों सीटें जीत कर सोने पे सुहागा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चार शून्य की हैट्रिक लगने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण पांच सौ साल के संघर्षों के बाद हुआ है। इस बीच कई पीढ़ियां संघर्ष करते हुए खप गईं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राम मंदिर निर्माण की संकल्प भूमि है। क्योंकि वर्ष 1989 में पालमपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में जो निर्णय हुआ था, उसने इतिहास रचा है। पालमपुर में ही अयोध्या में भव्य राममंदिर बनाए जाने का संकल्प लिया गया था। जो अब बन कर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि आपके वोट की ताकत से ही अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। इससे जहां सारा देश खुश है वहीं पर कांग्रेस खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि आपके वोट की ताकत से ही अयोध्या में राममंदिर बना है, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 की दीवार को गिरा दिया, पूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन देने के साथ ही भारत आज दुनिया की पांचवीं आर्थिक ताकत बना है। महिलाओं के लिए विधानसभा और लोकसभा में आरक्षण दिया गया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को एक ऐसा भारत चाहिए जिसमें गरीबी हो, संकट हो और समस्याएं हों। कांग्रेस विकास का रिवर्स गियर लाना चाहती है। कांग्रेस चुनावों में कह रही है कि सत्ता में आने पर अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे, परमाणु हथियार खत्म कर देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू (यूसीसी) करना मेरा संकल्प है। देश में सभी नागरिकों के लिए समान कानून होना चाहिए। कांग्रेस मुस्लिम पर्सन लॉ के बहाने शरिया कानून लाना चाहती है। कांग्रेस घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी पार्टी है। बाप-दादा की विरासत पर जीतने वाले देश का भला नहीं कर पाते।

## इंडी गठबंधन स्वार्थी एवं अवसरवादीः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को स्वार्थी एवं अवसरवादी करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी पार्टी है। कांग्रेस एवं उसके साथी एससी, एसटी और ओबीसी से आरक्षण छीनकर अपने खास वोट बैंक को देना चाहते हैं। संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आरक्षण का प्रावधान किया लेकिन कांग्रेस के लोग इसको खत्म कर अपने वोट बैंक मुस्लिम जेहादियों को देना चाहते हैं। सुरेश कश्यप के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कर्नाटक में यह कर दिखाया है।

## आपदा में दिए सैंकड़ों करोड़ की हुई बंदरबांटः पीएम

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के लिए केंद्र से सैंकड़ों करोड़ भेजे गए। मगर उसकी भी बंदर बांट हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार जाने वाली है...जब भी भाजपा की सरकार प्रदेश में बनेगी तो आपदा के दौरान भेजे पैसे का पाई-पाई का हिसाब लूंगा। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल को कांग्रेस बबार्दी के रास्ते पर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की चारों सीटों के साथ-साथ विधानसभा की छह सीटों पर भी भाजपा के प्रत्याशियों को विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि कंगना यहां की आवाज बनेंगी।

# बूथ वाइज डेटा अपलोड नहीं होगाः सुप्रीम कोर्ट



**खारिज**

**5 फेज की वोटिंग हो चुकी, चुनाव आयोग के लिए मैनपावर जुटाना मुश्किल, वोटिंग डाटा सार्वजनिक करने की मांग**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने मतदान के वास्तविक आंकड़े 48 घंटे के अंदर प्रकाशित करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग करने वाली याचिका पर कोई भी आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने कहा कि 2019 में दाखिल याचिका की मांग को बीच चुनाव में अंतरिम आवेदन के जरिए दोबारा उठाया गया है। हम इसे खारिज नहीं कर रहे हैं। इस याचिका पर ग्रीष्मावकाश के बाद सुनवाई करेंगे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव के पांच चरण हो चुके हैं। अभी निर्वाचन आयोग पर प्रक्रिया बदलने के लिए दबाव डालना सही नहीं होगा। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि याचिकाकर्ता का मकसद वोटर को भ्रमित करना है। याचिकाकर्ता की मंशा पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका 26 अप्रैल को ही खारिज की थी। कोर्ट ने 17 मई को निर्वाचन आयोग को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील अमित शर्मा से पूछा था कि आयोग को फॉर्म 17सी को वेबसाइट पर अपलोड करने में क्या परेशानी है। तब शर्मा ने कहा था कि इस प्रक्रिया में समय लगता है और ये रातों-रात पूरा नहीं हो सकता है। आयोग हर बूथ से ये फॉर्म लेता है।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

## बीजेपी हर जगह हार रही हैः खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**कलबुर्गीः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को भाजपा के 400 पार के नारे को लेकर आश्चर्य जताया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा हर जगह हार रही है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 से ज्यादा सीटें जीतने का नारा कैसे लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने की पूरी संभावना जताई। अपने गृहनगर कलबुर्गी में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने आईएनडीआईए के पक्ष में अच्छा माहौल बना दिया है।

**यह चुनाव जनता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच- खरगे**

उन्होंने कहा कि यह जनता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच का चुनाव है क्योंकि लोग आज निराश हैं, खासकर महंगाई और उच्च बेरोजगारी के कारण। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "साथ ही लोकतंत्र और भारत के संविधान पर भी बड़ा हमला हो रहा है।" भाजपा संस्थाओं का दुरुपयोग करके सरकार चला रहीः उन्होंने कहा कि भाजपा संस्थाओं का दुरुपयोग करके सरकार चला रही है।

## एक इंटरनेशनल खान मार्केट भी हैः विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को विदेशों में भारत के 'नकारात्मक' छवि फैलाने वालों को लेकर 'भारत विरोधी इकोसिस्टम' पर प्रहार किया। जयशंकर ने कहा कि भारत में 'खान मार्केट गैंग' की तरह ही इसका भी वैश्विक विस्तार है। उन्होंने इसे 'इंटरनेशनल खान मार्केट गैंग' करार दिया। जयशंकर ने खान मार्केट को लेकर कहा, "यह एक निश्चित विचार प्रक्रिया है, जिसको 'खान मार्केट गैंग' कहना एकदम सही होगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि एक अंतर्राष्ट्रीय खान मार्केट गैंग भी है।" ॉ उन्होंने कहा, "ये वे लोग हैं, जो एक तरह से भारत के हकदार लोगों से जुड़े हुए हैं। वे उनके साथ सामाजिक रूप से सहज हैं, उन्हें जानते हैं और उनके जैसा महसूस करते हैं।" भारत विरोधी इकोसिस्टम पर कटाक्ष करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, "भारत के खान मार्केट के पास मुद्दों की कमी हो गई है।






# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस होगा दूरदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दूरदर्शन 26 मई को एक और उपलब्धि हासिल करने जा** रहा है। नौ साल की अपार सफलता के बाद डीडी किसान 26 मई को नए रंग-रूप और नए अंदाज में देश के किसानों के बीच आ रहा है। यह जानकारी केंद्र सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में दी गई है। यह बदलाव देश के किसानों को सबसे बड़ा तोहफा होगा। पीआईबी की विज्ञप्ति के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस युग में यह देश का पहला सरकारी टीवी चैनल बनने जा रहा है जहां एआई एंकर पर सभी की निगाहें रहेंगी। दूरदर्शन किसान दो एआई एंकर एआई कृष और एआई भूमि लॉन्च करने जा रहा है। दोनों न्यूज एंकर एक कंप्यूटर हैं, जो हूबहू इंसान की तरह ही हैं और इंसानों की तरह ही काम कर सकते/सकती हैं। यह एंकर बिना रुके या फिर बिना थके 24 घंटे और 365 दिन न्यूज पढ़ सकते हैं। किसान दर्शक इन्हें कश्मीर से तमिलनाडु और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक देश के सभी राज्यों में देख पाएंगे। ये एआई एंकर देश-विदेश में हो रहे कृषि अनुसंधान, अनाज मंडियों में हो रही उठापटक या फिर मौसम की फेरबदल, हर आवश्यक जानकारी किसानों तक पहुंचाएंगे। इन एंकर की एक खास बात यह भी है कि ये देश-विदेश की पचास भाषाओं में बात कर सकते हैं।

**तकनीक**

**दूरदर्शन किसान 26 मई को दो एआई एंकर को करेगा लॉन्च, 50 भाषाओं में बातचीत करने में सक्षम**

**डीडी किसान का मुख्य मकसदः** डीडी किसान देश का एक मात्र टीवी चैनल है, जिसकी स्थापना भारत सरकार ने किसानों के लिए की गई। इस चैनल की स्थापना 26 मई 2015 को की गई थी। डीडी किसान चैनल की स्थापना का उद्देश्य था कि वह हमेशा सजग रहते हुए मौसम, वैश्विक बाजारों इत्यादि में होने वाले बदलावों से किसानों को अवगत कराता रहे, ताकि किसान पहले से ही उपयुक्त योजनाएं बना सकें और समय पर सही निर्णय ले सकें।







# रामपुर एचपीएस ने मनाया 37वां स्थापना दिवस

**लिहांटू**

**रामपुर बुशहरः** रामपुर जल विद्युत स्टेशन द्वारा एसजेवीएन के 37वें स्थापना दिवस समारोह गत दिवस को बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम विकास मारवाह, मुख्य महाप्रबंधक/परियोजना प्रमुख व अन्य वरि. अधिकारियों ने परियोजना निर्माण कार्यों के दौरान दिवंगत हुए साथियों को परियोजना मेमोरियल, दत्तनगर में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरान्त विकास मारवाह ने खेल मैदान, दत्तनगर में एसजेवीएन का ध्वजारोहण कर सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ एवं हिमपेस्को के जवानों ने परेड़ की। परियोजना प्रमुख द्वारा यह संदेश दिया गया कि रामपुर एचपीएस सामाजिक दायित्व नीति के तहत सामाजिक कल्याण एवं उत्थान के



लिए सदैव तत्पर है और इसी कड़ी में महिलाओं, युवाओ को प्रशिक्षण, बाल विकास, स्वच्छता एवं खेती संबंधी विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। हाल ही में परियोजना द्वारा 1.36 लाख की राशि से रजत जयंती महिला एवं बाल विकास योजना के तहत बीपीएल परिवार की 22 महिलाओं को प्रसव से पहले और बाद में स्वास्थ्य अनुरक्षण हेतू 5000 रुपए की राशि और 1000 रुपए की राशि का पोषाहार प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत बाडी और खरगा में क्रमशः 7.00 एवं 12.65 लाख की राशि से सामुदायिक भवनों का निर्माण किया गया। ग्राम पंचायत निरसू में 12.65 लाख की राशि से बैठने की वयवस्था की जा रही है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला और राजकीय उच्च विद्यालय कोयल में 5.25 लाख की राशि से चार यूनिट शौचालयों का निर्माण किया गया। मारवाह ने बताया कि परियोजना निरन्तर विद्युत उत्पादन कर प्रगति की ओर अग्रसर है और इसका श्रेय परियोजना से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी का जाता है। परियोजना प्रमुख ने सभी को प्रेरित करते हुए स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दी साथ ही अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक सुशील शर्मा का संदेश सभी कर्मचारियों को पढकर सुनाया। परियोजना प्रमुख विकास मारवाह को वर्ष 2023-24 में उनके सराहनीय कार्यों के लिए एसजेवीएन प्रबंधन द्वारा प्रशंसा पत्र एवं एसजेवीएन स्टार अवार्ड की ट्राफ ी भेजी गई, जिसे अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक की तरफ से विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन श्री शैलेश दत द्वारा परि0 प्रमुख को प्रदान किया।

# कार्यशाला में तैयार नाटक ठाकुर का कुआं, के भावपूर्ण मंचन किया

**सराहा**

▶▶ नाटक को सभी उक्त स्कूल के बच्चों तथा अध्यापकों ने सुबह की सभा में देखा और खूब सराहा

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा कुल्लू के सरकारी स्कूलों में आयोजित की जा रही निःशुल्क नाट्य कार्यशालाओं में राजकीय उत्कृष्ट वरिश्ठ माध्यमिक पाठशाला भुन्तर में तीसरी कार्यशाला का समापन प्रतिभागी बच्चों ने कार्यशाला में तैयार किए गए मुंषी प्रेम चन्द की कहानी पर आधारित नाटक



ठाकुर का कुआँ के भावपूर्ण मंचन के साथ किया। इस नाटक को सभी उक्त स्कूल के बच्चों तथा अध्यापकों ने सुबह की सभा में देखा और खूब सराहा। विद्यालय की प्राचार्य डॉ दीप्ति पॉल ने ऐक्टिव मोनाल के इस प्रयास को सराहा तथा प्रतिभागी बच्चों को सफल प्रस्तुति के लिए बधाई दी। 21 दिन तक आयोजित इस कार्यशाला को संचालन संस्था के रंगकर्मी रेवत राम विक्की ने किया और लगभग 60 बच्चों को अभिनय तथा नाट्या विधा के गुर सिखाए।

# जिला चंबा में अब्सेंटी वोटर श्रेणी के 695 मतदाताओं ने किया मतदान : मुकेश

**मताधिकार**

▶▶ 85 वर्ष में इससे अधिक आयु वर्ग के 131 तथा दिव्यांग श्रेणी के 25 मतदाताओं को भी घर से मतदान की सुविधा प्रदान की

**हामिद**

**चंबाः आगामी** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 21 व 22 मई को जिला चंबा में अब्सेंटी वोटर श्रेणी के 695 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें भटियात विधानसभा क्षेत्र के 166, डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के 129, चंबा विधानसभा क्षेत्र के 156, भरमौर विधानसभा क्षेत्र के 105, तथा चुराह विधानसभा क्षेत्र के 139 दिव्यांग, 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा आवश्यक सेवाओं से संबंधित मतदाता शामिल हैं। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार अब्सेंटी वोटर की श्रेणी में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकोंए दिव्यांग मतदाताओं, विभिन्न विभागों के माध्यम से आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारीयों तथा कोविड.19 से ग्रस्त मरीजों को को नियमानुसार अबसेंटी वोटर की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि अब्सेंटी वोटर श्रेणी के दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को 21 मई से 28 में तक मोबाइल पोलिंग पार्टियों के माध्यम से घर द्वार पर ही मतदान की सुविधा प्रदान की जा रही है जबकि अब्सेंटी वोटर श्रेणी के तहत आवश्यक सेवाओं से संबंधित कर्मचारियों को उपमंडल मुख्यालय स्तर पर मतदान सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि 22 मई 2024 तक चुराह विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष इससे अधिक आयु वर्ग के 112 तथा 27 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर पर मतदान सुविधा का लाभ लिया है। भरमौर विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु वर्ग के 83 व 17 दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर द्वार पर मतदान सुविधा प्रदान की गई है। चंबा विधानसभा क्षेत्र के तहत 85 वर्ष में इससे अधिक आयु वर्ग के 131 तथा दिव्यांग श्रेणी के 25 मतदाताओं को भी उनके घर पर ही मतदान सुविधा प्रदान की गई है।

# 12 किलोग्राम चरस पकड़ी

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः** जिला पुलिस नूरपुर ने नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ी सफ लता हासिल की है। जिला पुलिस नूरपुर ने डोल में 12 किलोग्राम चरस की खेप पकड़ी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने नाकाबन्दी कर रखी थी कि ऑल्टो कार को रोककर तलाशी ली तो 12 किलो 156 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने कार चालक रमेश कुमार



निवासी मंडी के खिलाफ केस दर्ज कर चरस व ऑल्टो कार को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने डोल में नाकाबन्दी के दौरान रमेश कुमार निवासी मंडी से 12 किलो 156 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार व चरस को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। खेप कहां से लाई गई है और किसको सप्लाई की जानी थी इसका पता लगाया जाएगा।

# 85 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत



**एसपी जैरथ**

**नाहनः हिमाचल** प्रदेश कोली समाज की जिला सिरमौर इकाई ने महात्मा बुद्ध जयंती पर नाहन में जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार राशि का पूरा खर्च संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. बलबीर सिंह ने अपनी जेब से वहन किया। प्रताप सामुदायिक भवन नाहन में हुए कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य प्रो. बलबीर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि संस्थापक सदस्य राम स्वरूप चौहान विशिष्ट अतिथि रहे। राजगढ़ से आए जिला अध्यक्ष रतन कश्यप ने अध्यक्षता की। मंच का संचालन महासचिव जीत सिंह चौहान ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कश्यप विशेष रूप से मौजूद रहे। सबसे पहले समुदाय के लोगों ने महिमा पुस्तकालय में लगी महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर जाकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला के कोने कोने से आए पदाधिकारियों ने महात्मा बुद्ध पर व्याख्यान देते हुए मानव जाति को दिये उनके संदेश प्रस्तुत किये। इस दौरान चित्रकला स्पर्धा भी आयोजित की गई। इसमें राधा चौहान, सरोज बाला तोमर व बंसती देवी ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

अंत में बोर्ड परीक्षाओं और चित्रकला स्पर्धा के मेधावी बच्चों के साथ समुदाय का नाम रोशन करने वाले लोगों को पुरस्कृत किया गया। इसमें 10वीं की बोर्ड परीक्षा में मेधावी रहे नाहन के राघव, मुस्कान, शिवम गौड, सुदीप्ति चौहान, धरोटी की सुजल तोमर, शंभुवाला की अर्चना, चारू व जटोन की की प्रिया को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा समुदाय का नाम रोशन करने वाले भूड गांव के सेना मेडल से सम्मानित कैप्टन अजीत चौहान, गायक विकास कश्यप व वयोवृद्ध सदस्य जीवन सिंह चौहान को पुरस्कृत किया गया।

# पर्यटक रोहतांग दर्रे के अब कर सकेंगे दीदार

**रोहतांग बहाल**

▶▶ बर्फ बारी अधिक होने के बावजूद बीआरओ ने इस साल 20 दिन पहले रोहतांग बहाल किया है

**राज अग्रवाल**

**मनालीः** मनाली आने वाले पर्यटक शुक्रवार से रोहतांग दर्रा की जा सकेंगे। जिला प्रशासन ने रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए बहाल कर दिया है। बर्फ बारी अधिक होने के बावजूद बीआरओ ने इस साल 20 दिन पहले रोहतांग बहाल किया है। पिछले साल 13 जून से पर्यटको को रोहतांग भेजा गया था। रोहतांग दर्रा खुलने के बाद पर्यटक रोहतांग में बर्फ का आनंद ले सकेंगे। दर्रा बहाल होने से पर्यटन नगरी में पर्यटन सीजन भी गति पकड़ेगा। रोहतांग के खुल जाने से पर्यटन कारोबारियों ने राहत की सांस ली है। एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा, डीएसपी केडी शर्मा ने बीआरओ के साथ सडक का निरीक्षण किया था।

सडक यातायात के लिए सही पाए जाने केबाद उपायुक्त से दर्रा पर्यटकों के लिए खोलने की अनुशंसा की गई। जिसके बाद वीरवार को उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने बतौर जिला दंडाधिकारी रोहतांग पर्यटको के लिए खोलने की अधिसूचना जारी की।

# निगम की मासिक बैठक पानी की समस्या पर गरमाया सदन

**चमन शर्मा**

**शिमलाः शिमला** नगर निगम की मासिक बैठक का आयोजन शुक्रवार को बचत भवन में किया गया। आचार संहिता लगने के चलते नए विकास कार्यों को मंजूरी तो नहीं दी गई लेकिन शिमला शहर में पानी और आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर सदन में पार्षदो ने सवाल उठाए। पार्षदो का कहना था कि शहर में पानी का संकट गहराया है। शहर के कई हिस्सों में तीसरे दिन पानी मिल रहा है। कई जगह पर तीसरे दिन भी प्रेशर से पानी नहीं आ रहा है जिससे लोग परेशान है। पार्षदो ने बैठक में जल प्रबंधन निगम से समय से पानी देने की मांग उठाई। इसके अलावा बैठक में राम बाजार वार्ड में विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस के ही मनोनीत पार्षद अश्वनी सूद ने अपनी ही पार्षद के कार्यों पर सवाल उठाए। उन्होंने वार्ड में हुए कार्यो की जांच की मांग की जिस पर कांग्रेस की पार्षद सुषमा कुठियाला भडक गई है और दोनों में काफी देर तक बहसबाजी भी हुई। नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि शिमला में मई और जून महीने में गर्मी के चलते पानी की कमी रहती है शिमला को पानी देने वाली पेयजल परियोजनाएं में भी पानी की कमी आई है जिसके चलते शहर में दूसरी और तीसरे दिन पानी दिया जा रहा है आज बैठक में कई पार्षदो ने इसको लेकर सवाल उठाए थे और जल प्रबंधन निगम को पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में का पानी की काफी ज्यादा किल्लत है वहां पर टैंकरों के माध्यम से भी पानी की सप्लाई की जा रही है।

# जिला चंबा में ईवीएम का कमिशनिंग संबंधी कार्य आरंभः मुकेश रेपसवाल

**हामिद**

**चंबा :** लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार जिला चंबा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम संबंधी कमिशनिंग का कार्य आरंभ कर दिया गया है 22 मई, 2024 से शुरू की गई यह प्रक्रिया 25 मई 2024 तक जारी रहेगी। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि जिला चंबा में कुल 631 मतदान केंद्र हैं जिन में चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 123, भरमौर एसटी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 152, चंबा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 122, डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 113 तथा भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 121 मतदान केंद्र हैं।

# बीजेपी में लीडर कम डीलर ज्यादा : संजय अवस्थी

## मोदी और शाह के सामने बीजेपी नेताओं की बोलती हो जाती है बंद

**चमन शर्मा**

**शिमलाः लो**कसभा चुनाव के लिए अब तक हुए पांच चरणों के चुनाव में भाजपा बुरी तरह से पराजित हो गई। अपनी पराजय को स्वीकार न कर पाना भाजपा नेताओं को नागवार गुजर सकता है। क्योंकि भाजपा सत्ता की लोभी है। जो चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम करती है। अपने आपको को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा में लीडर कम डीलर ज्यादा हैं। जो विधायकों की खरीद फरोख्त करने के में माहिर है। शिमला से जारी एक प्रेस बयान में प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष



संजय अवस्थी ने भाजपा की कथनी और करनी पर बड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में सत्ता से

**साधा निशाना**

▶▶ भाजपा बुरी तरह से पराजित हो गई। अपनी पराजय को स्वीकार न कर पाना भाजपा नेताओं को नागवार गुजर सकता है

बाहर होने वाली है लेकिन सत्ता में रहने के लिए वह सांसदों की खरीद .फरोख्त भी कर सकती है। क्योंकिं आजाद भारत में चुनी सरकार को गिराने और विधायकों की खरीद-फ रोख्त का ट्रेंड भाजपा लाई है। चुने हुए प्रतिनिधियों की खरीद फ रोख्त के बढ़ते प्रचलन के चलते आज देश का संविधान खतरे में आ गया है। इसलिए देश के 38 राजनीतिक घटक दलों ने इंडिया गठबंधन का निर्माण किया है। अवस्थी ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आज सिर्फ दो लोगों की पार्टी बनकर रह गई है। जहां सिर्फ दो लोग मनमाने फैसले लेकर जनता पर थोपने का काम करते हैं इन दोनों रंगा-बिला के सामने भाजपा नेताओं की भी नहीं चलती है।ज ो भी भाजपा नेता इन्हें कुछ बोलते हैं उन्हें राजनीति से ही बाहर किया जाता है।

# मतदान कर्मियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल सम्पन्न

**संगराय**

**जोगिंद्रनगरः एक** जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र से तैनात मतदान कर्मियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल सम्पन्न हो गई। इस चुनावी रिहर्सल में विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले 744 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। इस बात की पुष्टि करते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनीश चौधरी ने बताया कि लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत तैनात मतदान कर्मियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल आज राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिन्दर नगर के प्रांगण में पूरी हुई। इस चुनावी रिहर्सल में कुल 744 मतदान कर्मियों जिनमें 143 पीठासीन



अधिकारी, 221 सहायक पीठासीन अधिकारी तथा 380 मतदान अधिकारी शामिल है ने भाग लिया। इस दौरान सभी उपस्थित मतदान कर्मियों को तमाम मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अंतिम चुनावी रिहर्सल के लिए सभी मतदान कर्मियों को विधानसभा क्षेत्र भी आवंटित कर दिये गए हैं। अब जोगिन्दर नगर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित सभी मतदान कर्मी अपने-अपने आवंटित विधानसभा क्षेत्र में 29 मई को अंतिम रिहर्सल के लिए रिपोर्ट करेंगे।

इसके अतिरिक्त सभी मतदान कर्मियों को चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र भी वितरित कर दिये गए हैं। इस मौके पर तहसीलदार जोगिन्दर नगर डॉ. मुकुल शर्मा, तहसीलदार लडभड़ोल उर्मिला सुमन, नायब तहसीलदार मकरीड़ी विनय कुमार, प्रधानाचार्य गर्ल्स स्कूल डॉ. सुनील ठाकुर, चुनाव सहायक मोहन सिंह भी मौजूद रहे।


# चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों का दूसरा पूर्वाभ्यास

**ट्रेनिंग**

▶▶ ऐसे स्थान पर स्थापित करने जहां मतदान की गोपनीयता बना रहे, ईवीएम को सील करने के बारे जानकारी दी गई

**लिहांटू**

**रामपुर बुशहरः** लोक सभा चुनाव 2024 में रामपुर विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर ऑफि सर, पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी व मतदान कर्मचारियों का दूसरा पूर्वाभ्यास जीबी पंत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर बुशहर के सभागार में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रामपुर की अध्यक्षता में सम्पन हुई। सहायक रिटर्निंग अधिकारी रामपुर ने बताया कि इस प्रशिक्षण में आगामी 01 जून को होने वाले लोक सभा चुनाव के लिए तैनात अधिकारियो को निवार्चान सामग्री, ईवीएम मशीन, वीवीपेट, मॉक पोल, राजनैतिक पार्टियों के पोलिंग एजेट के रोल, मतदान केन्द्र में पहुंचने का समय, मतदान केन्द्र में मोबाईल फ ोन साथ न रखने, मतदान के समय वोटिंग मशीन व वीवीपेट को ऐसे स्थान पर स्थापित करने जहां मतदान की गोपनीयता बना रहे, ईवीएम कन्ट्रोल यूनिट को सील करने के बारे विस्तृत जानकारी दी



गई। सभी ईवीएम मशीनें चुनाव आयोग द्वारा अधिकृत वाहनों में ही ले जाया व आया जा सकेगा और निर्धारित तिथि को सभी अधिकारियों को अपने-अपने पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना किया जाएगा। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों का चुनावी ड्यूटी रामपुर विधान सभा क्षेत्र से बाहर शिमला ग्रमीण, चौपाल व ठियोग के लिए लगी है उनको 27 व 28 मई को रवाना किया जाएगा व उनका तीसरा व अन्तिम पूर्वाभ्यास 29 मई को उनके सम्बन्धित पोलिंग स्टेशन में होगा। रामपुर विधान सभा क्षेत्र में जो अधिकारी व कर्मचारी लोक सभा चुनावी ड्यूटी में तैनात होगें उनका भी अन्तिम व तीसरा पूर्वाभ्यास 29 मई को होगा व 30 मई को अपने-अपने पोलिंग बूथ के लिए रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर निर्वाचन विभाग द्वारा एक मतदान केन्द्र स्थापित कर लोक सभा चुनाव 2024 में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों ने बैलेट पेपर के माध्यम से अपना मत का प्रयोग किया। दूसरे पूर्वाभ्यास में चुनावी ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी/कर्मचारियों को स्वयं ईवीएम को संचालित करने दिया गया और उनके संशय को दूर किया गया ताकि पोलिंग के दिन उन्हें कोई समास्या न हो।

# 27 मई को प्रियंका गांधी ऐतिहासिक चौग़न से भरेगी हुंकार

## मतदान को लेकर हिमाचल में स्टार वार शुरू

**प्रचार का जिम्मा**

▶▶ खडगे के रोहडू आने की उम्मीद जताई जा रही है जबकि राहुल भी 26 मई तक हिमाचल का दौरा करेंगे

**चंबाः** जैसे-जैसे अंतिम चरण का मतदान करीब आ रहा है वैसे-वैसे अब भारतीय जनता पार्टी तथा कांग्रेस के केंद्रीय बड़े नेता हिमाचल आना शुरू हो गए हैं तथा स्टार वार शुरू हो गया है। जहां तक चंबा की बात है तो भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा तो चौगान में चुनावी रैली को संबोधित करके जा चुके हैं अब कांग्रेस की तरफ से 27 में को प्रियंका गांधी ऐतिहासिक चौगान से कैसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की काट करेंगे यह तो 27 में को सुबह 10 बजे की उनकी ऐतिहासिक रैली से ही पता चलेगा। अब किन-किन बातों पर प्रियंका गांधी मतदाताओं के समक्ष अपनी बात रखेगी यह उसी दिन पता चलेगा। वैसे अगर स्टार वार की बात की जाए तो अंतिम चरण में जहां 25 मई में प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा हलके के अम्ब में अमित शाह आएंगे तथा इसी दिन वह धर्मशाला में भी आम जनता को संबोधित करेंगे वही 25 में को ही कांग्रेस अध्यक्ष खडगे के रोहडू आने की उम्मीद जताई जा रही है जबकि राहुल गांधी भी 26 मई तक हिमाचल का दौरा करेंगे ऐसी भी संभावना जताई जा रही है।

# हिमाचल राम मंदिर के निर्माण की संकल्प भूमि: मोदी

**वोट की अपील**

**500 साल का इंतजार, 500 साल अविरत संघर्ष चलाए लाखों लोगों ने शहादत दी**




**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: दिल्ली** के जिस शाही परिवार ने हिमाचल को धोखा दिया, उसने फि र मुडकर यहां अपनी शक्ल नहीं दिखाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छोटी काशी मंडी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए यह शब्द कहे। मोदी ने कहा की पालमपुर यहां से ज्यादा दूर नहीं है। मैं आज याद दिलाना चाहता हूं कि पालमपुर में भाजपा की कार्यसमिति की बैठक थी, उसमें जो निर्णय हुआ था उससे एक इतिहास रचा गया था। इसी अधिवेशन में भाजपा ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। यानी हिमाचल राम मंदिर के निर्माण की संकल्प भूमि है। हिमाचल में लिया गया वो ऐतिहासिक संकल्प सिद्ध हो चुका है। 500 साल का इंतजार, 500 साल अविरत संघर्ष चलाए लाखों लोगों ने शहादत दी। अब वो 500 साल का इंतजार खत्म हुआ। ये इंतजार खत्म किया है आपके एक वोट ने, आपके वोट की ताकत ने 500 साल का इंतजार खत्म किया। आज अयोध्या में रामलला विराजमान हुए, हिमाचल खुश हुआ है, देवी-देवता आशीर्वाद बरसा रहे हैं। लेकिन, कांग्रेस खुश नहीं है।अगर आपके एक वोट ने मोदी की ताकत नहीं बढ़ाई होती, तो कांग्रेस कभी राम मंदिर नहीं बनने देती। मोदी ने कहा की 2024 के इस चुनाव में 5 चरणों के चुनाव हो चुके हैं। इन पांच चरणों में भाजपा एनडीए को बहुमत से ज्यादा सीटें मिल चुकी हैं। अब इसमें हिमाचल की चार सीटें जुड़ जाएंगी, तो सोने पर सुहागा हो जाएगा। मैं देख रहा हूं कि हिमाचल फि र एक बार 4.0 से हैट्रिक बनाने जा रहा है। देश लगातार तीसरी बार कांग्रेस को रिजेक्ट करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपने दशकों तक कांग्रेस का शासन देखा है। कांग्रेस को ऐसा भारत पसंद है जहां गरीबी हो, संकट हो, नागरिक समस्याओं से घिरे हों। इसलिए वो देश में पुराने हालात वापस लाना चाहती है। वो देश के विकास में रिवर्स गीयर लगाना चाहती है। इसलिए कांग्रेस कह रही है कि अगर हम सत्ता में आएंगे तो 370 वापस लाएंगे, सीए, को खत्म करेंगे। कांग्रेस के साथी तो कह रहे हैं कि हम देश के परमाणु हथियार खत्म कर देंगे। मोदी ने समान नागरिक संहिता का संकल्प लिया है। भारत का नागरिक भले ही वो हिंदू हो, मुस्लिम हो, सिख हो, ईसाई हो, बौद्ध हों, उनके लिए एक समान नागरिक कानून होने चाहिए। लेकिन कांग्रेस समान नागरिक संहिता का विरोध कर रही है। कांग्रेस मुस्लिम पर्सनल लॉ के बहाने शरिया को समर्थन देती है।

# पूर्व विधायक ने चालक के नाम पर सम्पतियों में लगाया काला धन: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/कांगड़ा**

**कागड़ा।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू गत दिवस को धर्मशाला में हिमाचल-पंजाब गोरखा एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक और भाजपा के उम्मीदवार ने 15 माह तक अपना मोबाइल और अपने महल के दरवाजे धर्मशाला की जनता के लिए बंद रखे। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक के महल के बाहर इतना बड़ा गेट है कि आम आदमी अंदर जाने से भी डरता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने परिवार और पार्टी का नहीं हुआ, वह धर्मशाला की जनता का क्या होगा? उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक के मन में आम आदमी के लिए कोई पीड़ा नहीं है, वह सिर्फ धन के लोभी हैं। ऐसे व्यक्ति राजनीति के लिए भी



खतरनाक हैं। ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व विधायक ने धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में अपने चालक नेकराम के नाम पर 10 करोड़ रुपए से अधिक की 82 सम्पतियां खरीदीं जो उनका ही काला धन है। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार भू-माफि या हैं और धन के लालच में उन्होंने धर्मशाला की जनता का वोट भी बेच दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार प्रॉपर्टी डीलर बनकर काम कर रहे थे और जनसेवा से उनका कोई नाता नहीं था। भाजपा के साथ मिलकर उन्होंने एक चुनी हुई सरकार को गिराने का षडयंत्र रचा और डील की दूसरी किश्त प्राप्त करने के लिए हरियाणा पहुंच गए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जन भावनाओं का सौदा करता है उसे सबक सिखाने का वक्त आ गया है। उन्होंने सभी से एक जून को कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने धर्मशाला उपचुनाव में देवेन्द्र जग्गी को मैदान में उतारा है जो ईमानदार छवि के हैं और आम आदमी की पीड़ा को समझते हैं, इसलिए धर्मशाला के मतदाता देवेन्द्र जग्गी को अधिक से अधिक संख्या में वोट डाल कर विजयी बनाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश निर्वाचन आईकॉन जसप्रीत पाल चंबा में साइकलिंग द्वारा करेंगे मतदाताओं को जागरूक: मुकेश रेपसवाल

**हामिद**

**चंबा:** जिला चम्बा में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश निर्वाचन आइकन जसप्रीत पाल साईकललिंग करके मंडी से जिला चम्बा पहुंच रहे हैं। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी चम्बा मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि जसप्रीत पाल जोगेंद्रनगर, धर्मशाला से होते हुए 27 मई को बनीखेत पहुंचेंगे। इसके उपरांत वे चम्बाए सलूणी और होली में जागरुकता फैलाते हुए 29 मई को भरमौर जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जसप्रीत पाल साइकिलिंग के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला चम्बा में रोजाना विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करके मतदान के प्रति लोगों को व्यापक स्तर पर जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने जिला वासियों से से 1 जून, 2024 को सभी कार्य छोडकर मतदान करने का आह्वान भी किया।

### सेवानिवृत पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की त्रैमासिक बैठक रविवार को बिलासपुर में: ठाकुर

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर**: सेवानिवृत पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर की त्रैमासिक बैठक बाबा नाहर सिंह बजिया मन्दिर धौलरा बिलासपुर में रविवार को 11 बजे होगी। बैठक में सेवानिवृत पुलिस पेंशनर की विभिन्न प्रकार की समस्याओं जिनमें विभाग और सरकार का दीर्घ काल से मांगों के प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैया अपनाये जाने को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। सभी सदस्यों की राय ली जाएगी कि जो पार्टी पुलिस पेंशनर की समस्याओं को गंभीरता से हल करने को बचनवद्ध होगी। पुलिस पेंशनर उसी पार्टी को समर्थन देंगे। इस आशय की जानकारी एसोसिएशन के प्रधान डॉ. रवीन्द्र कुमार ठाकुर ने देते हुए जिले के सभी सेवानिवृत कर्मचारियों एवं अधिकारियों से अपील की है कि वे इस बैठक में पधार कर अपनी एकता का प्रदर्शन करते हुए। विभाग एवं सरकार पर अपनी मांगों को मनवाने के लिए समूह दबाब बनाएं।

### श्री नयना देवी जी के गैस उपभोक्ता 28 को करवाएं केवाईइसी: टीसी सैनी

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** जिला बिलासपुर के सैनी गैस एजेंसी के मालिक टीसी सैनी ने श्री नयना देवी जी एवं सभी समीपवर्ती पंचायत एवं गांव के लोगों से आग्रह किया है कि श्री नयना देवी जी क्षेत्र के सभी इंडेन गैस उपभोक्ता श्री नयना देवी जी में गुफा के समीप पम्मा गेस्ट हाउस में 28 मई को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक अपने गैस कनैक्शन की केवाईसी करवाएं ताकि क्षेत्र की जनता को गैस लेने में आ रही बाधा से उन्हें निजात मिल सके। सैनी ने कहा कि जब से गैस एजेंसी का कार्य ऑनलाइन हुआ है तब से कुछ उपभोक्ताओं को गैस लेने में काफी मुश्किल हो रही है परिणाम स्वरूप उनकी केवाईसी होना आवश्यक है। यहां तक कई उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन के साथ मोबाइल नंबर अटैच नहीं है अतः उनका मोबाइल नंबर भी अटैच होना अनिवार्य है उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वह 28 मई को श्री नयना देवी जी में गुफा के समीप पम्मा गेस्ट हाउस हाउस में आए।

### बाबा कुटिया सुनहाणी में 26 से होगी भागवत कथा

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** विकास खंड झंडूता के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुन्हांनी के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल ब्रमलीन महंत प्रेम गिरी जी महाराज की तपोस्थली शिव गौरी शंकर मंदिर सुन्हांणी नागा बाबा की कुटिया मे 26 मई से 3 जून तक श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के महंत व पंचदस नाम अवाहन अखाडा के महंत सेक्रेटरी बाबा अर्भय गिरी जी महाराज ने बताया कि 26 मई को कलश यात्रा स्थापना व पुराण का स्वागत किया जायेगा। उन्होंने बताया की दोपहर 12:30 से 3:30 तक कथा वाचक पंडित राधा रमण शास्त्री द्वारा प्रवचन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 3 जून को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमे श्रधालुओं सहित बड़ी संख्या में संत समाज भाग लेगा।

# बीटन में पानी न आने से ग्रामीण परेशान

**राजन पुरी**

**ऊना: हरोली** विधानसभा क्षेत्र के गांव बीटन गांव में जल शक्ति विभाग द्वारा लगाए गए नलकों में पानी न आने से ग्रामीण परेशान है। बीटन के कई वार्ड में पानी आ रहा है, तो वो गंदा है। जिसके चलते बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद भी अभी तक समस्या का हल नहीं हो पाया है। ऐसे में ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग से स्वच्छ पानी देने की मांग उठाई है।

बीटन के वार्ड नंबर सात, आठ व नौ के ग्रामीणों में भजन लाल, सुनील दत्त, संजीव कुमार, देवेंद्र, देस राज, धर्मपाल, अशोक कुमार, सोहन लाल व समस्त हरिजन बस्ती ने बताया कि पिछले कई दिनों से गांव में पानी नहीं आने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के बीच पानी न मिलने के चलते इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई वार्ड में कुछ समय पानी आ रहा है, तो गंदा पानी है। पानी के साथ-साथ काफी रेत भी साथ आ रहा है, जिसके चलते बीमारियों का खबरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि समस्या को लेकर कई बार जल शक्ति विभाग को अवगत करवाया, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

# कर्मचारियों के लिए चुनाव संबंधी दूसरा पूर्वाभ्यास अयोजित

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 30-द्रंग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पीआरओए एपीआरओ और पीओ के लिए चुनाव संबंधी दूसरा पूर्वाभ्यास राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दूसरे पूर्वाभ्यास में लगभग 1000 पीआरओ, एपीआरओ और पीओ ने भाग लिया। पूर्वाभ्यास में मौजूद सभी अधिकारियों को मतदान के दौरान ईवीएम, वीवी पैट, ईवीएम का ट्रांसपोर्टेशन, ईवीएम को सील करना, बैटरी चेंज करना, वोट सीक्रेसी, प्रैजाइडिग अधिकारी डायरी, चुनाव आयोग द्वारा जारी किए जाने वाले प्रैस कार्ड, पोलिंग स्टेशन स्थापित करने, मॉक पोल करवाने, पोल क्लोजिंग, ड्यूटीज और कर्तव्यों और चुनाव के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि पीआरओ, एपीआरओ और पीओ को चुनाव के दौरान उनको सौंपे गए कार्यों का पूरी ईमानदारी और कत्र्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी एक जिमेवारी वाला कार्य हैं और यह टीम वर्क हैं। जब हम एक टीम के रूप में मिलकर कार्य करेंगे तो कोई भी कार्य आसान हो जाता हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में पारदर्शिता का खास ध्यान रखे और हर कार्य मैन्युअल के अनुसार ही करे। अपनी मर्जी से कोई भी कार्य नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में तैनात कोई भी पोलिंग पार्टी बिना सुरक्षा के मूव नहीं करेगी और पोलिंग स्टेशन में पहुंच कर, टीम अपने पहुंचने की सूचना अपने सेक्टर ऑफिसर को देना सुनिश्चित करेगी।

# घरवासड़ा में कूड़ा जलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस थाना बंगाणा के तहत घरवासड़ा में कूड़ा जलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने बंगाणा पुलिस के पास शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विक्रम सिंह निवासी घरवासडा ने बताया कि वीरवार शाम को गांव के तरसेम व पंकज को कूड़ा फैंकने से रोका, तो दोनों ने मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं पत्नी के साथ भी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी ओर पंकज कुमार निवासी घरवासड़ा ने बताया कि वीरवार शाम को घर से कूछ दूरी पर कूड़ा जलाने लगा, तो गांव के ही विक्रम सिंह व शिल्पा ने मारपीट की।

# मोदी को आपदा में क्यों नहीं आई हिमाचल की याद: अमृत गिल

**राजन पुरी**

**ऊनाः** हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए विशेष तौर पर पहुंची अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मीडिया कोऑर्डिनेटर अमृत गिल ने दावा किया है कि भाजपा देशभर में पूरी तरह सफाई की ओर बढ़ चली है। उन्होंने कहा कि पांच चरणों के मतदान के बाद दक्षिण में जहां भाजपा पूरी तरह से साफ हो चुकी है, वही मध्य भारत में बीजेपी आधी से भी कम रह चुकी है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की नफरत की राजनीति अब खत्म होने वाली है और राहुल गांधी की मोहब्बत की



दुकान देश भर में जमकर चलेगी। अमृत गिल ने कहा कि दक्षिण में जहां भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से साफ हो चुकी है वहीं दूसरी तरफ मध्य भारत में आधी से भी कम सीटें बीजेपी की रहने वाली है। उन्होंने कहा कि दो विचारधाराओं की इस लड़ाई में एक तरफ नरेंद्र मोदी का नफरत का बाजार है तो दूसरी तरफ न्याय के योद्धा राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान है।

# पत्रकार केहर सिंह को पितृशोक

**राजन पुरी**

**ऊनाः** उपमंडल अंब के तहत मुबारिकपुर के पत्रकार केहर सिंह के पिता हवलदार ठाकुर शेर सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया। 87 वर्षीय शेर सिंह कुछ दिनों से बीमार थे, जिनका अंतिम संस्कार ग्राम पंचायत सिद्ध चलेहड में दोपहर बाद किया गया। शेर सिंह के निधन पर पत्रकार दविंदर सिंह, सुरेंद्र शर्मा, जगमोहन सिंह, संदीप कुमार, सरोज, पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार, जिला पार्षद सुधीर कुमार दीपा, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, उप प्रधान शेरे मुख्तियार, व्यापार मंडल के प्रधान पूर्ण ठाकुर ने गहरा शोक प्रकट किया है।

# एससी, एसटी व ओबीसी के कोटे को कम करने का प्रयास कर रही कांग्रेसः अनुराग



**राजन पुरी**

**ऊनाः हमीरपुर** लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में एक के बाद एक कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए अपने पक्ष में मतदान करने का लोगों से आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने जहां 10 साल की मोदी सरकार की उपलब्धियां जनता को बताई, वहीं साथ ही साथ कांग्रेस को भी निशाने पर रखा। भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस शासित प्रदेशों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्गों को दिए गए आरक्षण को पांच फीसदी कम करके अल्पसंख्यकों के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण देने की तैयारी की जा रही है। वहीं अनुराग ठाकुर ने हिमाचल के मुख्यमंत्री से भी इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। अनुराग ने मुख्यमंत्री से पुछा

**वोट मांगा**

**एक के बाद एक कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए अपने पक्ष में मतदान करने का लोगों से आह्वान किया**

क्या हिमाचल सरकार भी एससी एसटी और ओबीसी के कोटे को कम करने पर विचार कर रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अंग्रेजों की विचारधारा बांटो और राज करो की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बातें करके तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने का संकल्प लेकर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# देवेंद्र भट्टो की मुख्यमंत्री को चुनौती

**राजन पुरी**

**ऊनाः कुटलैहड़** विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भट्टो ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करते हुए देवेंद्र कुमार भुट्टो ने डीहर, नलवाडी, थानाकलां बुढवार, चुरडी आदि आधा दर्जन नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व सहित मुख्यमंत्री को भी जमकर आड़े हाथ लिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भट्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री हार को सामने देखकर लगातार बौखलाहट में औच्छी बयान बाजी पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि



जिस तरह से उनके और उनके परिवार की संपत्ति को लेकर मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से लांछन लगाया है, ऐसे लांछन लगाने से बेहतर होता यदि मुख्यमंत्री अपने सभी अधीनस्थ विभागों से मामले की जांच करवाते। भुट्टो ने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के पास प्रदेश का हर विभाग है। राज्य सरकार का सुखविंद्र सुक्खू नेतृत्व कर रहे है। अगर उन्हें लगता है कि 14 माह में मेरी निजी आय 5 करोड़ से 15 करोड़ हो गई है, तो जांच करवाएं। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि पहले भी समाज सेवी था। आज भी है और कल भी समाज सेवी ही रहेगा। हम तीस वर्षो से सक्रिय राजनीति कर रहे हैं। हमें सुखविंदर सिंह सुक्खू से समाज सेवा का प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। भुट्टो ने कहा कि राज्य सरकार का 14 माह का कार्यकाल कालाध्याय लिखा जाएगा, योंकि डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में सूबे के मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू ने विधायको को जलील एक हजार कार्यालय बंद हुए है और मित्रो को खुश करने के अलावा सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की कोई अपल्ब्धि नहीं है।

# अवैध खनन से पेयजल योजनाएं बंद होने के कगार पर

**बिलासपुर**

**कश्मीर ठाकुर।**

**विकास खंड** झंडूता के अंतर्गत आने वाली सरहयाली खड्ड में अवैध खनन माफि या का धंधा जोरों पर चल रहा है। इसके चलते खड्डों का जलस्तर दिनप्रतिदिन नीचे गिरता जा रहा है जिस कारण जल शक्ति विभाग की पेयजल व सिंचाई योजनाएं कुछ बंद हो चुकी हैं जबकि कुछ बंद होने की कगार पर हैं। खड्डों में बदस्तूर जारी अवैध खनन को रोकने के दावे जमीन स्तर पर हवा होते नजर आ रहे हैं। हालत यह है कि खड्डों के साथ लगती किसानों की जमीन भी बंजर होती जा रही है। सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन और सरकार ने अवैध खनन माफिया पर शिकंजा नहीं कसा तो पूरा का पूरा इलाका





सूखे की चपेट में आ जाएगा। सरहयाली खड्ड में हो रहे अवैध खनन से बिजली के खंभो को भी खतरा बना हुआ है बरसात में कभी भी वह गिर सकते हैं। घुमारपुर भगतपुर व झबोला के किसानों प्रकाश चंद, रामकृष्ण,रमेश चंद, प्रदीप कुमार, हंसराज, नरेश कुमार, ओंकार शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने इस पर चिंता जताते हुए बताया कि यह खनन घुमारपुर और झबोला के मध्य सरयाली खड में जोरो से चला हुआ है यदि इसको सरकार द्वारा अभी नहीं रोका गया तो आने वाली बरसात में भारी नुकसान होगा जिसके लिए सरकार व विभाग जिम्मेदार होगा। अवैध खनन के कारण जल स्तर भी नीचे चला गया है जिससे हजारों घरों को पीने के पानी की समस्या हो सकती है। उन्होंने बताया भगतपुर गांव जो बीज उत्पादन का केंद्र माना जाता है पानी का स्तर नीचे चले जाने की वजह से बबार्दी के कगार पर पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि सरहयाली खड्ड के किनारे जल शक्ति विभाग की शाहतलाई से लेकर भड़ोलीकलां तक करीब एक दर्जन पेयजल योजनाएं व करीब आधा दर्जन सिंचाई योजनाएं करोड़ों रुपए खर्च करके चलाई जाती है लेकिन इस अवैध खनन के चलते खड्डों का जलस्तर काफी नीचे चले जाने के कारण करीब 4 सिंचाई योजना पूर्ण रूप से बंद हो चुकी हैं। यही कारण है कि विभाग की करोड़ों रुपए की मशीनरी बर्बाद होने की कगार पर है जबकि सरहयाली खड्ड से पत्थर, गटका, बजरी व रेत का अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है।

# अंब कॉलेज की प्रेरणा ठाकुर व आदित्य रहे सर्वश्रेष्ठ कैडेट्स

**राजन पुरी**

**ऊनाः** नवोदय विद्यालय पेखूबेला में छठी स्वतंत्र एनसीसी कंपनी ऊना के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। समापन अवसर पर कैडेट्स द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें गवर्नमेंट कॉलेज ऊना की प्रधानाचार्या डॉक्टर मीता शर्मा मुख्य अतिथि रही। जबकि कमान अधिकारी लैफ्टिनेंट कर्नल राजेंद्र कुमार सैनी विशेष रूप से मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गवर्नमेंट कालेज ऊना, गवर्नमेंट कालेज अंब, गवर्नमेंट कालेज ढलियारा, भटौली और बहुत से स्कूलों के कैडेट्स ने हिस्सा लिया। कैडेट्स ने पहाड़ी नाटी, पंजाबी गीत



एवं हरियाणवी नृत्य में जोश दिखाया। महाराणा प्रताप कॉलेज अंब से प्रेरणा ठाकुर और आदित्य सीनियर डिवीजन में सर्वश्रेष्ठ कैडेट रहे। जूनियर डिवीजन में चौकीमन्यार स्कूल की बिनांश कुंडल और गरली की अक्षिता देओल बेस्ट कैडेट रहे। जिन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन अश्विनी कुमार, विवेक, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, पारुल और जेसीओ सुनील कुमार, सूबेदार सुनील सिंह, हवलदार प्रभु, मोहन कुमार, सुमेश चंद, राजेश कुमार, कुलविंदर राणा, मनीष कुमार, संजीव कुमार व छठी हिमाचल प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी ऊना के कार्यालय अधीक्षक विपिन शर्मा, अभिषेक कुमार व रमन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# धनबल को लोकतंत्र से जनता देगी जवाब: सीएम

## धनबल को जवाब देने और लोकतंत्र बचाने का जिम्मा जनता पर: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग**

**केलांग: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज लाहौल-स्पीति जिले के उदयपुर में कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी अनुराधा राणा और लोक सभा क्षेत्र मण्डी से पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के लिए चुनाव प्रचार किया और मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने उपचुनाव का बोझ लाहौल-.स्पीति की जनता पर थोपा है क्योंकि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को धोखा दिया और भाजपा की राजनीतिक मंडी में अपना ईमान बेच दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सम्मान से ज्यादा भाजपा की अटैची में रखे सामान के बोझ के नीचे वे दब गए और बेशर्मी की सारी हदें पार कर दीं। उन्होंने कहा कि जब कुछ साथी कांग्रेसी विधायक उनसे राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोट करने का कारण पूछने गए तो रवि ठाकुर ने उन कांग्रेसी विधायकों को भी भाजपा में शामिल होने के लिए उकसाया और कहा कि भाजपा 15-15 करोड़ रुपए दे रही है, ले लो। ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व विधायक रवि ठाकुर की हर मांग को कांग्रेस सरकार ने पूरा किया। आजादी के बाद पहला हिमाचल दिवस उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद स्पीति घाटी में मनाया गया और स्पीति की महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह देने की योजना भी यहीं से शुरू की गई। एक मई 2023 से स्पीति घाटी की सभी महिलाओं को 1500 रुपए पैंशन मिलना शुरू हो गई तथा 1 फ रवरी, 2024 से पूरे जिले की महिलाओं को इस योजना के दायरे में लाया गया। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल स्पीति की महिलाओं को पैंशन मिलना आरम्भ हो गई है और उनके खाते में पैसे आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर का गणित कमजोर है और एक महीने तक सरकार गिराने की उनकी कोशिशें असफल हुईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लाहौल स्पीति से एक ईमानदार उम्मीदवार के रूप में अनुराधा राणा को टिकट दिया है और क्षेत्र के मतदाता उन्हें सफल बनायें। उन्होंने कहा कि आजाद प्रत्याशी को वोट देकर मतदाता अपना वोट खराब न करें क्योंकि अनुराधा की जीत लाहौल-स्पीति से तय है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार आजाद उम्मीदवार अपना इस्तीफ ा स्वीकार करवाने के लिए धरने-प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की ताकत जनबल है, धनबल नहीं। यह चुनाव सरकार बचाने का चुनाव नहीं है बल्कि असत्य और खरीद फरोख्त की राजनीति को जवाब देने का है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को कोई खतरा नहीं है और वर्तमान कांग्रेस सरकार अपना साढ़े तीन साल का बाकी का कार्यकाल पूरा करेगी।



# चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों का दूसरा पूर्वाभ्यास

**पोलिंग बूथ**

**▶▶ अन्तिम व तीसरा पूर्वाभ्यास 29 मई को होगा व 30 मई को अपने-अपने पोलिंग बूथ के लिए रवाना किया जाएगा**

**चमन शर्मा**

**शिमला:** लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनज़र रामपुर विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर ऑफि सर, पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी व मतदान कर्मचारियों का दूसरा पूर्वाभ्यास आज जीबी पंत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर बुशहर के सभागार में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी रामपुर निशांत तोमर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सहायक रिटर्निंग अधिकारी रामपुर ने इस प्रशिक्षण में आगामी 01 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैनात अधिकारियों को निर्वाचन सामग्री, ईवीएम मशीन, वीवीपैट, मॉक पोल, राजनैतिक पार्टियों के पोलिंग एजेंट के रोल, मतदान केन्द्र में पहुंचने का समय, मतदान केंद्र में मोबाइल फ ोन साथ न रखने, मतदान के समय वोटिंग मशीन व वीवीपैट को ऐसे स्थान पर स्थापित करने जहां मतदान की गोपनीयता बनी रहे, ईवीएम कंट्रोल यूनिट को सील करने के बारे विस्तृत जानकारी दी। सभी ईवीएम मशीनें चुनाव आयोग द्वारा अधिकृत वाहनों में ही ले जाई व लाई जा सकेगी और निर्धारित तिथि को सभी अधिकारियों को अपने-अपने पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की चुनावी ड्यूटी रामपुर विधानसभा क्षेत्र से बाहर शिमला ग्रामीण, चैपाल व ठियोग के लिए लगी है उनको 27 व 28 मई को रवाना किया जाएगा व उनका तीसरा व अन्तिम पूर्वाभ्यास 29 मई को उनके सम्बन्धित पोलिंग स्टेशन में होगा।

रामपुर विधानसभा क्षेत्र में जो अधिकारी व कर्मचारी लोक सभा चुनावी ड्यूटी में तैनात होंगे उनका भी अन्तिम व तीसरा पूर्वाभ्यास 29 मई को होगा व 30 मई को अपने-अपने पोलिंग बूथ के लिए रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर निर्वाचन विभाग द्वारा एक मतदान केन्द्र स्थापित कर लोकसभा चुनाव 2024 में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों ने बैलट पेपर के माध्यम से अपना मत का प्रयोग किया।

## हरोली पुलिस ने बाइक चोर किया काबू, बाइक भी बरामद

**राजन पुरी**

**ऊना:** हरोली पुलिस ने बालीवाल से चोरी हुई बाइक को चार दिन में ढूंढ निकालने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान विशाल कुमार निवासी पालकवाह तथा रमन कुमार निवासी पुबोवाल के रुप में हुई है। पुलिस ने शतिर से चोरी हुई बाइक भी बरामद की है। बता दें कि हरिकृष्ण निवासी बढेड़ा ने बीती 21 मई को हरोली पुलिस को शिकायत दी थी कि दो दिन पहले बालीवाल में दहाजा देखने गया हुआ था, जहां से बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# माइक्रो आब्जर्वर के लिए प्रशिक्षण आयोजित, सामान्य पर्यवेक्षक ने की अध्यक्षता

**तैनाती**

**▶▶ सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर को जिला के विभिन्न मतदान केन्द्रों में तैनाती दी जाएगी**



**चमन शर्मा**

**शिमला :4-शिमला** लोकसभा चुनाव क्षेत्र अ.जा. के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात सामान्य पर्यवेक्षक जंग बहादुर यादव की अध्यक्षता में यहां बचत भवन के सभागार में शिमला जिला के लिए तैनात किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर को जिला के विभिन्न मतदान केन्द्रों में तैनाती दी जाएगी, जिसके आदेश 29 मई, 2024 को दूसरे प्रशिक्षण के दौरान प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर का कार्य मतदान केन्द्र में हो रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की देख-रेख करना रहेगा। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर पोलिंग पार्टी का हिस्सा न होते हुएए मतदान केन्द्र में हो रही सभी प्रकार की गतिविधियों की देखरेख करेंगे तथा मतदान के उपरांत वह अपनी रिपोर्ट संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को सौंपेंगे।

उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रिजाइडिंग ऑफि सर द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की देख-रेख भी करनी होगी ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि जिला के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग भी की जाएगी। सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान केन्द्र में कैमरा मशीन के ऊपर न लगा हो ताकि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। जंग बहादुर यादव ने कहा कि मतदान के दिन प्रातः 5 बजे सभी माइक्रो ऑब्जर्वर अपने-अपने मतदान केन्द्र में पहुंचना सुनिश्चित करें ताकि प्रातः 5:30 पर मॉकपोल का आयोजन किया जा सके। उन्होंने कहा कि आप सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि यदि मॉकपोल के दौरान पॉलिटिक्ल पार्टी के एंजेट वहां पर मौजूद नहीं है तो इस स्थिति में 15 मिनट तक राजनैतिक प्रतिनिधियों का इंतजार करना होगा अन्यथा 15 मिनट के दौरान मॉकपोल को आरम्भ किया जाएगा। सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मतदान केन्द्र में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है।

सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान केन्द्र में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से संबंधित दिशा-निदेर्शों का आवश्यक रुप

से पता होना जरूरी है ताकि मतदान के दिन हो रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### परवाणु से सटी टकसाल पंचायत का वार्ड 12 इन दिनों पानी की कमी से जूझ रहा है

**विमल ग्रोवर**

**परवाणू:** परवाणु से सटी टकसाल पंचायत का वार्ड 12 इन दिनों पानी की कमी से जूझ रहा है। यहां पानी आए लगभग 11 दिनों से अधिक का समय हो गया है, परन्तु विभाग कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। यहां एकमात्र प्राकृतिक बावड़ी में भी पानी नहीं बचा है। इसके चलते पेयजल को लेकर लोगो में यहां त्राहि त्राहि मची हुई है। बता दें की बावडी में जो थोड़ा बहुत जल बचा है उसे आसपास के स्लम में रह रहे लोगो ने दूषित कर डाला है। टकसाल कॉलोनी के निवासियों का कहना है की बावड़ी के साथ लगते स्लम में रह रहे प्रवासियों के कारण आज बावड़ी पूरी तरह खाली हो गई है। प्रवासियों द्वारा बावड़ी को पूरी तरह दूषित कर दिया गया है। कॉलोनी के लोगो का कहना है की बावड़ी के साथ जितनी भी झुग्गी झोंपडि?ा है, उन में रह रहे प्रवासी बावड़ी के पास ही कपडे धोते है। आस पास कचरा फैलाते हैं और बावड़ी के अंदर तक घुसकर पानी को दूषित करते है।इसके चलते परवाणू और टकसाल के पंचायत क्षेत्र में डायरिया जैसी गंभीर बीमारी फैली है। इतना ही नहीं इस बावड़ी का पानी जो कभी अमृत समान होता थाए आज इसके सेम्पल फेल हो रहे है। टकसाल कॉलोनी के निवासियों नें प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन से पानी ना मिलने और प्राकृतिक बावड़ी को स्लम में रह रहे प्रवासियों द्वारा पूरी तरह दूषित करने पर कड़ी कार्यवाही की माँग उठाई है।

**कॉलोनीवासी करेंगे चुनावों का बहिष्कार** :वहीं इस अवसर पर बावड़ी के पास एकत्रित हुए टकसाल कॉलोनीवासियों एवं वार्ड मेंबर निशा देवी नें कहा की वर्षों से टकसाल कॉलोनी में ना तो पानी की उचित व्यवस्था है और ना ही सडक की सुविधाए इसलिए इस बार हम सभी मिलकर लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे। उन्होने कहा की जब तक हमारी मूलभूत सुविधाओं की मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक किसी भी पार्टी के नेता को अपने क्षेत्र में नहीं आने देंगे।

**सडक सुविधा होती तो पानी के टैंकर भी मंगवा लेते** : कॉलोनी के लोगों का कहना है की कई दशकों से टकसाल कॉलोनी में सडक की भी सुविधा नहीं है। सडक की सुविधा होती तो यहाँ के निवासी पानी के टैंकर मंगवा कर भी गुजारा कर लेते, परन्तु टकसाल कॉलोनी को सरकार एवं प्रशासन ने सडक की सुविधा भी मुहैया नहीं करवाई है।

**टकसाल वार्ड सदस्य के बोल** :उधर, टकसाल वार्ड 12 की वार्ड सदस्य निशा देवी नें कहा की कॉलोनीवासियों को 12 दिन पुरे होने के बाद भी पानी नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए सरकार एवं प्रशासन पूरी तरह दोषी है। निशा देवी नें कहा की कॉलोनीवासियों के लिए हर रोज पर्याप्त पानी की व्यवस्था, सडक की सुविधाए प्राकृतिक बावड़ी की सफ ाई आदि मांगे पूरी की जाए अन्यथा कॉलोनी के लोग चुनावों का तो बहिष्कार करेंगे ही साथ ही आंदोलन कर चक्का जाम भी करेंगे। उन्होंने कहा की इस आंदोलन के दौरान यदि कुछ गड़बड़ होती है तो उसके लिए सरकार एवं प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

### शक्ति पंप्स को इनोवेटिव मोटर टेक्नोलॉजी के लिए मिला 14 वां पेटेंट

**शिमला**: भारत में **सोलर पंप और मोटर बनाने वाली अग्रणी निमार्ता कम्पनी शक्ति पंप्स** (इंडिया) लिमिटेड को मेथड एंड ऐपरेटस फॉर सॉफ्ट स्टार्ट, सॉफ्ट स्टॉप, प्रोटेक्शन एंड ब्राउन आउट ऑपरेशन ऑफ अ ग्रिड कनेक्टेड मोटर का आविष्कार करने के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट अधिनियम 1970 में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट दाखिल करने की तारीख से 20 वर्षों की अवधि के लिए मान्य है। यह कम्पनी को मिला 14 वां पेटेंट है। यह पेटेंट तकनीक मोटर और ग्रिड विद्युत प्रणालियों दोनों के लिए कई प्रमुख लाभ प्रदान करती है। यह मोटर की गति को धीरे-धीरे बढ़ाकर, सॉफ्ट स्टार्टर मोटर और जुड़े उपकरणों पर मेकेनिकल स्ट्रेस को कम करता है जिससे मोटर की लाइफ बढ़ती है साथ ही मेंटेनेंस कॉस्ट भी कम होती है। यह पारंपरिक स्टार्टिंग टेक्निक के सडन टॉर्क और मैकेनिकल शॉक को खत्म करते हुए, एक स्मूथ और नियंत्रित स्टार्ट देती है, जो सेंसिटिव उपकरणों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। यह नई पेटेंट तकनीक मोटर और ग्रिड विद्युत प्रणालियों में इनपुट को बूस्ट करती है। शक्ति पंप्स के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने इस उपलब्धि पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमने अपना 14वां पेटेंट प्राप्त किया, जो इनोवेशन और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण योगदान है। सॉफ्ट स्टार्टर और स्टॉप शक्ति पंप्स की पेटेंट तकनीक की प्रमुख विशेषता है जो मोटर में एक्सिलरेशन और डीएक्सिलरेशन पर नियंत्रण प्रदान करती हैं और मैकेनिकल स्ट्रेस को कम करती हैं। कन्वेयर सिस्टम, पंप, एचवीएसी सिस्टम और मशीनिंग जैसे एप्लीकेशन में सुरक्षा को बढ़ाती हैं। मोटर स्टार्ट के दौरान करंट को कम करके, वोल्टेज को कम करती है ।ज्यादा विद्युत की आवश्यकता को कम करती है। जिससे सिस्टम एफिशिएंसी, विश्वसनीयता और मोटर की लाइफ में सुधार होता है। इसे

# श्रीकृष्ण-सुदामा की अटूट दोस्ती व प्रेम बनी मिसाल

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** ग्राम पंचायत औहर के प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए पंडित बृजेश गोस्वामी ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अटूट मित्रता के बारे में श्रद्धालुओं को बताया। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में सुदामा नाम का एक गरीब ब्राह्मण था। बचपन में वह श्रीकृष्ण महाराज के साथ एक ही गुरुकुल में पढ़े था। दोनों में बड़ा प्रेम था। गुरुकुल की पढ़ाई समाप्त करने पर कृष्ण राजा बन गए और सुदामा गरीबी में दिन काटने लगा। गरीबी से तंग आकर एक दिन उसकी पत्नी ने कहा कि जाओ कृष्ण जी से कुछ माँग लाओ वह राजा हैं और तुम उन्हें अपना बचपन का मित्र बताया करते और उनकी बड़ी प्रशंसा किया करते हो। कृष्ण मेरे मित्र हैं पर यदि उन्होंने मना कर दिया तोए पत्नी के कहने पर सुदामा द्वारकाधीश के ओर चल पडा। चूंकि सुदामा के पास भगवान को देने के लिए कोई उपहार नहीं था तो सुदामा की पत्नी ने उन्हें मुठी भर चावल दे दिए। उन्होंने कहा कि द्वारिका पहुंचकर सुदामा श्रीकृष्ण जी के महल के सामने जाकर खड़े हो गए और द्वारपालों ने उन्हें रोका और परिहास उड़ाया। किंतु बहुत देर के बाद जब भगवान श्रीकृष्ण को सुदामा के बारे में पता चला तो



**दोस्ती**

**▶▶ सुदामा नाम का एक गरीब ब्राह्मण था। बचपन में वह श्रीकृष्ण महाराज के साथ एक ही गुरुकुल में पढ़े था।**

वह नंगे पैर दौड़ते हुए द्वार पर आए जहां पर फटेहाल सुदामा को देखकर अश्रुपूर्ण होकर उन्होंने सुदामा को गले लगाया। दोनों मित्र एक-दूसरे को चुपचाप देखते रहे। उसके बाद श्रीकृष्ण बड़े आदर और प्रेम के साथ अपने निवास में ले गए और अपनी रानियों से उनका परिचय कराया। परिचय कराने के उपरान्त श्रीकृष्ण ने गरम पानी से सुदामा के पैर धोए। उनकी दुरावस्था को देखकर श्रीकृष्ण रोने लगे। कृष्ण ने सुदामा से पूछा भाभी ने हमारे लिए क्या सौगात भेजी है सौगात का नाम सुनकर सुदामा का चेहरा एकदम उतर गया। वह चावलों की पोटली को, जो कोख में छिपाई हुई थी और छिपाने लग गए जिससे कृष्ण उसे देख न पाए।

## फत्तेवाल में जमीनी विवाद को लेकर दंपति से मारपीट

**राजन पुरी**

**ऊना:** सदर थाना के तहत फत्तेवाल में जमीनी विवाद को लेकर दंपति से मारपीट हुई है। मारपीट में महिला घायल हुई है, जिसका पीएचसी बसदेहड़ा में उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दर्शना देवी निवासी फत्तेवाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह ने जागीरी लाल, राम प्रकाश व सोम नाथ हमारी जमीन से पेड़ काट रहे थे। जब मैनें व मेरे पति ने पेड़ काटने से मना किया, तो इन्होंने हमारा रास्ता रोककर मारपीट करी। आरोप है कि इससे पहले भी हमारी जमीन से पड़ काटते रहे है। इनकी मारपीट से मुझे व मेरे पति राम लाल को चोटें लगी है।

# नूरपुर में पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों के लिए दूसरा पूर्वाभ्यास आयोजित

**विजय समयाल**

**कांगडा:** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए पहली जून को होने वाले मतदान को लेकर आज नूरपुर विस क्षेत्र के पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों के लिए स्थानीय राजकीय आर्य डिग्री कालेज में दूसरा पूर्वाभ्यास आयोजित करवाया गया जिसमें पीपीटी के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया की बारीकियाँ समझाई गईं। इसके अतिरिक्त मतदान संपन्न करवाने के लिए चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों व गाइडलाइन्स बारे अवगत करवाया गया। इस मौके पर इलेक्शन डयूटी के लिए तैनात अधिकारियों को ईवीएम और वीवीपैट के संचालन की ट्रेनिंग देने के साथ मतदान के दौरान प्रयोग होने वाले दस्तावेजों बारे जानकारी दी गई।सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर एसडीएम गुरसिमर सिंह ने मतदान के लिए तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी सभी दिशानिर्देशों के अनुसार डयूटी देना सुनिश्चित करें। उन्होंने चुनाव डयूटी के लिए तैनात सभी आधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा उन्हें टीम भावना के साथ पूरी निष्ठा से कार्य करने को कहा।



# करोड़ों हड़पने के बाद भी समाज सेवा का नकाब जनता करेगी बेनकाब: विवेक

**राजन पुरी**

**ऊना:** कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने शुक्रवार को दर्जनों स्थानों पर जनसंपर्क अभियान के तहत अपने वोट पक्ष में वोट मांगे। चुनाव प्रचार के दौरान विवेक शर्मा ने जहां कांग्रेस सरकार की नीतियों का गुणगान किया, तो वहीं भाजपा प्रत्याशी पर भी जुबानी हमला किया। कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी का चिट्ठा प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बंगाणा में हुई जनसभा में खोला। उन्होंने कहा कि करोड़ों हड़पने के बाद भी समाजसेवा का नकाब जनता बेनकाब करेगी। विवेक शर्मा ने कहा कि ऐसे व्यक्ति का मुखिया बनना क्षेत्र का दुर्भाग्य हो सकता है। उन्होंने कहा कि अच्छा हुआ ऐसे लोगों से जल्द ही पीछा छूट गया। उन्होंने कार्यकताओं से आवाहन किया कि अब आपको किसी से घबराने की जरूरत नहीं है। आपको किसी से डरने की जरूरत नहीं है। आप स्वयं सरकार हो, आप ही मुख्यमंत्री हो और आप ही एमएलए हो। हम आपकी सेवा के लिए हैं और इसके लिए आपके साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि देवेंद्र भुट्टो पिछले 14 महीने कार्यकताओं को अनेकों बहाने बनाकर टालते रहे। उन्होंने कई बार बताया कि मुख्यमंत्री कुटलैहड़ का दौरा करेंगे, लेकिन उन्होंने कभी मुख्यमंत्री से इस बारे में बात ही नहीं की। इस बात का पता तभी चला जब मुख्यमंत्री ने स्वयं बंगाणा पहुंचे। उन्होंने कहा कि जो आजकल पैसे देकर वोट लेने का प्रचलन है, शराब पिलाकर वोट हथियाना का चलन है। इसको रोकना होगा, नहीं तो आने वाले समय में जनता को भारी परेशानियों लोकतांत्रिक प्रणाली में उठानी पड़ सकती है। उन्होंने जनता से आवाहन किया कि ऐसे लोगों का बहिष्कार करें, जो आपको ऐसे लालच देते हैं।



# छड़ोल पंचायत में फेंका जा रहा है, एम्स संस्थान का मेडिकल वेस्ट

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** जिला बिलासपुर कोठीपुरा स्थित एम्स संस्थान प्रबंधन द्वारा घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। एम्स प्रबंधन द्वारा संवेदनशील गीला कचरा, प्लास्टिक वेस्ट और गंदगी से भरे हुए कचरे की गाडि?ां ग्राम पंचायत छड़ोल के पंचायत घर से लगभग मात्र दो सौ मीटर के पास फेंक दी गई है। यह कचरा छड़ोल और चेहड़ी गांव के बीच सफेदा मोड़ के पास रात के अंधेरे में कई दिनों से गाडि?ों के माध्यम से उतारा जा रहा है, जिससे समय इलाका वासी सकते में आ गए हैं। हैरानी की बात है कि उपरोक्त कचरा डंप करने हेतु एम्स प्रबंधन और संबंधित बायोमेट्रिक वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी द्वारा गीला कचरा प्रबंधन हेतु कोई ठोस उपाय किए बिना दोनो गांवों के बीच में वन विभाग की खाली जमीन पर फेंक दिया है जो निंदनीय है। यह गीला कचरा और प्लास्टिक किसी बायोमेट्रिक वेस्ट ट्रीटमेंट मशीन द्वारा छोटे छोटे कतरों में काटा गया है और इस प्रकार की मशीन एम्स संस्थान के अलावा बिलासपुर जिला में किसी और विभाग अथवा संस्थान के पास उपलब्ध नहीं हैए जिससे साफ साफ इंगित होता है कि यह कचरा एम्स संस्थान प्रबंधन और उसके साथ जुड़ी कोई सफाई व्यवस्था वाली कंपनी जिम्मेवार है। यह कचरा कितना संवेदनशील है यह जांच का विषय तो है ही साथ ही जिला बिलासपुर प्रशासन को भी इसकी भनक तक नहीं है। समस्त इलाकावासियों ने एम्स बिलासपुर प्रबंधन, जिला प्रशासन और बायोमेट्रिक वेस्ट मैनेजमेंट विभाग हिमाचल प्रदेश से इस कचरा डंपिंग की गहन जांच की मांग करते हैं और दोषियों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज करके उचित कानूनी कार्रवाई अमल में लाने की गुहार लगाते हैं। यह बहुत ही गंभीर लापरवाही बरती गई है जो माफी के काबिल नहीं है तथा जिला बिलासपुर पुलिस और प्रशासन से संज्ञान लेने की गुहार लगाते हुए इलाकावासियो ने चेताया है कि यदि रात को गीला कचरा उतारने कोई गाड़ी ग्राम पंचायत छड़ोल के क्षेत्र में आती है और कर्मचारियों के साथ कोई हादसा पेश आता है तो एम्स प्रबंधन और जिला बिलासपुर प्रशासन जिम्मेवार होगा।

यदि किसी संस्थान द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र छड़ोल में किसी भी प्रकार का कोई ठोस या गीला कचरा अथवा बायोमेट्रिक वेस्ट मैटेरियल रात के अंधेरे में फेंका गया तो स्थानीय जनता इसका विरोध करेगी तथा इस विरोध में कोई जान माल का नुकसान होता है तो सीधे तौर पर इसमें दोषी संस्थान प्रबंधन और जिला बिलासपुर प्रशासन जिम्मेवार होगा। हमारे गांव में इस प्रकार से गंदगी फैलाने वाले संस्थान प्रबंधन और कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# नहीं रहे प्रजामंडल के सिपाही भगवान दास, इलाके में शोक की लहर

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** उपमंडल घुमारवीं की गाहर पंचायत के वरिष्ठ नागरिक एवं प्रजामंडल के सिपाही सोहलद क्षेत्र के गाहर गांव से संबंधित 94 वर्षीय भगवान दास के शुक्रवार सुबह अचानक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। शुक्रवार के दिन क्षेत्र के सैंकड़ो लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उल्लेखनीय है कि मस्त एवं हरफनमौला स्वभाव के 94 वर्षीय भगवान दास 1948 से 1951 तक प्रजा मंडल मरहाणा यूनिट के सदस्य थे। उन्होंने उस वख्त के प्रजा मंडल मरहाणा यूनिट के प्रधान मियां शमशेर सिंह के साथ मिलकर रजवाड़ा शाही के खिलाफ लाम बंद होकर आवाज को बुलंद किया था। 12 अक्तूबर 1948 को बिलासपुर रियासत के राजा आनंद चंद ने इन्हीं लोगों की कुर्बानियों व दबाव के चलते हस्ताक्षर कर कर दिए थे। प्रजामंडल की इस लड़ाई में भगवान दास मियां शमशेर सिंह के साथ तीन बार हटवाड़ जेल में भी रहे थे। जिला बिलासपुर के ऐसे सैंकड़ो लोगों जिनमें मियां शमशेर सिंह स्वारा, भगवान दास गाहर, दयाराम गांव पध्याण, देवी राम जरोड़ा, भगत राम बरोटा, खजान सिंह बाड़ी-चैक की कुर्बानियों के चलते बिलासपुर रियासत को राजशाही से स्वतन्त्रता मिली थी।



## संपादकीय

# चारधाम यात्रा और आधे-अधूरे इंतजाम

**उत्तराखंड** में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति अत्यंत खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया? आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है। फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम (105 किलोमीटर) तक पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। माना यह भी जाता है कि केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद ही बद्रीनाथ धाम के दर्शन से ही पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है। निस्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई ?

चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। यहीं पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है।

# देवर्षि नारद को आदि गुरु मानने से बढ़ेगा गौरव

डॉ. सौरभ मालवीय

"बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति नारद स्मृति भी देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित ग्रंथ है। इसमें न्याय, उत्तराधिकार, संपत्ति का क्रय एवं विक्रय, उत्तराधिकार, पारिश्रमिक, ऋण एवं अपराध आदि विषयों उल्लेख है। एक प्रकार से यह न्याय अथवा संविधान का ग्रंथ है। इसमें नारद गीता, नारद नीति एवं 'नारद संगीत आदि ग्रंथ होने का भी उल्लेख किया गया है। नारद-परिव्राजक कोपनिषद अथर्ववेद से संबंधित ग्रंथ है। देवर्षि नारद मुनि इसके उपदेशक हैं। इसमें परिव्राजक संन्यासी के सिद्धांत, आचरण, संन्यासी-धर्म, संन्यासी-भेद आदि का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। परिव्राजक संन्यासी उसे कहा जाता है जो परिव्रज्या व्रत ग्रहण कर भिक्षाटन करके अपने जीवन का निर्वाह करता है। इसमें ब्रह्म के स्वरूप का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है"

प्राचीन काल से ही ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की द्वितीय तिथि को देवर्षि नारद मुनि की जयंती मनाने की परंपरा चली आ रही है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार देवर्षि नारद मुनि को सृष्टिकर्ता ब्रह्मा का मानस पुत्र माना जाता है। कहा जाता है कि उनका जन्?म ब्रह्मा जी की गोद से हुआ था। इसलिए वे उनके मानस पुत्र माने जाते हैं। वे समस्त देवी- देवताओं के ऋषि हैं इसीलिए उन्हें देवर्षि एवं ब्रह्मर्षि कहा जाता है। ब्रह्मर्षि का पद प्राप्त करने के लिए उन्होंने कठिन तपस्या की थी। उन्हें ब्रह्मनंदन एवं वीणाधर के नाम से भी पुकारा जाता है। ह्यनारदद्ध शब्द में ह्यनारद्ध का अर्थ है जल एवं अज्ञान तथा ह्यदद्ध का अर्थ है प्रदान करना एवं नाश करना। वे समस्त प्राणियों को ज्ञान का दान करके अज्ञानता का नाश करते हैं। वे प्राणियों को तर्पण करने में भी सहायता करते थे, इसीलिए उन्हें नारद कहा जाने लगा।

**भगवान विष्णु के अनन्य भक्त**

देवर्षि नारद मुनि सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के अनन्य भक्त माने जाते हैं। वे तीनों लोकों में भ्रमण करते हुए अपनी वीणा की सुमधुर तान पर भगवान विष्णु की महिमा का गान करते हैं। प्रत्यके समय उनकी जिव्हा पर भगवान विष्णु का नाम रहता है- नारायण-नारायण। वे सदैव भक्ति में लीन रहते हैं। इसके साथ-साथ में भटके हुए लोगों का मार्गदर्शन करते हैं तथा उनकी शंकाओं का समाधान भी करते हैं। उनके महान कार्यों की गणना संभव नहीं है। किन्तु कुछ कार्यों का उल्लेख करना संभव है, जैसे उन्होंने लक्ष्मी का विवाह अपने इष्टदेव भगवान विष्णु के साथ करवाया था। उन्होंने स्वर्ग के राजा इन्द्रदेव को मनाकर अप्सरा उर्वशी का पुरुरवा के साथ विवाह करवाया था। उन्होंने ऋषि बाल्मीकि को महान ग्रंथ रामायण लिखने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने व्यास जी को भागवत की रचना करने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने विष्णु भक्त प्रह्लाद एवं भक्त ध्रुव का मार्गदर्शन किया था। उन्होंने बृहस्पति एवं शुकदेव आदि को उपदेश देकर उनका मार्गदर्शन किया था। उनके ऐसे असंख्य महान कार्य हैं।

**देवर्षि नारद मुनि के ग्रंथ**

देवर्षि नारद मुनि बहुत ज्ञानी थे। वे अनेक कलाओं में पारंगत थे। उन्होंने वाद्य यंत्र वीणा का आविष्कार किया था। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वे ब्रह्मांड के प्रायः सभी विषयों के ज्ञाता थे। लगभग सभी



आदि ग्रंथों में उनका उल्लेख मिलता है। वे व्यास, बाल्मीकि एवं शुकदेव आदि के गुरु हैं। उन्हें तीनों लोकों में मान-सम्मान प्राप्त है। वे देवी-देवताओं के मन की बात भी समझ जाते थे। उन्होंने भक्तिभाव का प्रचार-प्रसार किया। उनका कहना था कि व्यक्ति को सर्वदा सर्वभाव से निश्चित होकर केवल अपने प्रभु का ही स्मरण करना चाहिए। यही भक्ति है एवं यही साधना है। लोक कल्याण के लिए उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की। इनमें नारद पांचरात्र, नारद के भक्तिसूत्र, नारद पुराण, बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति, नारद-परिव्राज कोपनिषद तथा नारदीय-शिक्षा आदि सम्मिलित हैं। नारद पांचरात्र वैष्णव संप्रदाय का ग्रंथ माना जाता है। इसमें 'रात्र' का अर्थ है ज्ञान। कहा जाता है कि इस ग्रंथ में ब्रह्मा, वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध का ज्ञान है इसलिए इसे पांचरात्र कहा जाता है। यह ग्रंथ श्रीकृष्ण द्वारा प्रदत्त था। देवर्षि नारद मुनि ने इसका प्रचार-प्रसार किया। इसमें प्रेम, भक्ति, मुक्ति एवं योग आदि का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति के संबंध में श्रीकृष्ण एवं राधा के प्रेम का उल्लेख किया गया है।

नारद भक्ति सूत्र नामक ग्रंथ देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित है। इसमें भक्ति के 84 सूत्रों का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति की व्याख्या से लेकर इसकी महत्ता, नियम एवं फल आदि का भी उल्लेख मिलता है। इसमें बताया गया है कि प्रेम भक्ति का प्रथम सोपान है तथा अपने इष्ट के लिए व्याकुल होना भक्तिभाव का चिह्न है। आदर्श भक्ति को समझने के लिए श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों के मनोभाव को समझना होगा।

नारद पुराण भी वैष्णव का ग्रंथ है। अट्ठारह पुराणों में यह छठे स्थान पर आता है। इसी से इसकी महत्ता का ज्ञान होता है। कहा जाता है कि इस पुराण का श्रवण करने से मुक्ति प्राप्त होती है अर्थात पापी व्यक्ति भी इसका श्रवण करके पाप मुक्त हो जाता है। इसमें पापों का उल्लेख किया गया है। इसके प्रारंभ में अनेक प्रश्न पूछे गए हैं। इसमें अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक कथाएं, धार्मिक अनुष्ठान, ज्योतिष, मंत्र, बारह मास की व्रत-तिथियों के साथ उनसे संबंधित कथाएं, शिक्षा एवं व्याकरण आदि का भी उल्लेख मिलता है।

बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति नारद स्मृति भी देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित ग्रंथ है। इसमें न्याय, उत्तराधिकार, संपत्ति का क्रय एवं विक्रय, उत्तराधिकार, पारिश्रमिक, ऋण एवं अपराध आदि विषयों उल्लेख है। एक प्रकार से यह न्याय अथवा संविधान का ग्रंथ है। इसमें नारद गीता, नारद नीति एवं 'नारद संगीत आदि ग्रंथ होने का भी उल्लेख किया गया है। नारद-परिव्राजक कोपनिषद अथर्ववेद से संबंधित ग्रंथ है। देवर्षि नारद मुनि इसके उपदेशक हैं। इसमें परिव्राजक संन्यासी के सिद्धांत, आचरण, संन्यासी-धर्म, संन्यासी-भेद आदि का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। परिव्राजक संन्यासी उसे कहा जाता है जो परिव्रज्या व्रत ग्रहण कर भिक्षाटन करके अपने जीवन का निर्वाह करता है। इसमें ब्रह्म के स्वरूप का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। इसमें परम पद प्राप्ति की प्रक्रिया का भी स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया गया है। अहं ब्रह्मास्मिअर्थात ह्यमैं ही ब्रह्म हूंद्ध मंत्र का उल्लेख किया गया है। साधक के लिए यह मोक्ष प्राप्ति की स्थिति है।

**लोक कल्याणकारी संदेशवाहक**

देवर्षि नारद मुनि एक लोक कल्याणकारी संदेशवाहक एवं लोक-संचारक थे। इसीलिए उन्हें आदि संबाददाता अथवा पत्रकार कहना अनुचित नहीं है। सर्वविदित है कि वही तीनों लोकों में सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। वे केवल देवी-देवताओं को ही नहीं, अपितु दानवों को भी आवश्यक सूचनाएं देते थे। उस समय मौखिक रूप से ही सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। इसलिए दानव भी उनका आदर-सत्कार करते थे तथा उनसे परामर्श लेने भी संकोच नहीं करते थे। प्राचीन काल में आधुनिक काल की भांति सूचना के साधन नहीं थे। उस समय चौपालों पर लोग एकत्रित होते थे। इसी समयावधि में उनके मध्य संवाद होता था। इस प्रकार सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। तीर्थ यात्रियों के द्वारा भी सूचनाओं का संचार होता था। व्यापारी भी सूचनाओं के संचार का माध्यम थे। इसके अतिरिक्त मेलों, धार्मिक एवं मांगलिक आयोजनों में भी सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। इनमें सम्मिलित होने वाले लोग सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का कार्य करते थे। सूचना देने वाले को संवाददाता कहा जाता है। इस प्रकार देवर्षि नारद मुनि आदि संवाददाता थे। वे सदैव एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण करते रहते थे। इसके संबंध में एक कथा प्रचलित हैं कि ब्रहमाजी के पुत्र दक्ष के यहां सौ पुत्र हुए तथा सभी पुत्रों को जनसंख्या बढ़ाने का आदेश दिया गया, ताकि सृष्टि आगे बढ़ सके। किन्तु देवर्षि नारद मुनि ने अपने भाई दक्ष के पुत्रों अर्थात अपने भतीजों को तपस्या करने के लिए प्रेरित किया। उनकी बात मानकर सभी दक्ष पुत्र घोर तपस्या करने लगे। दक्ष ने अपने पुत्रों को तपस्या छोड़कर सृष्टि बढ़ाने का पुनः आदेश दिया, परन्तु देवर्षि नारद मुनि ने उन्हें पुनः तपस्या में लगा दिया। इस पर दक्ष को क्रोध आ गया और उसने देवर्षि नारद मुनि को श्राप दे दिया। इस श्राप के अनुसार वे एक स्थान पर अधिक समय तक नहीं ठहर पाएंगे तथा सदैव विचरण करते रहेंगे। इसके साथ ही वे सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने का कार्य करेंगे। देवर्षि नारद मुनि ने इस श्राप को सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने इस श्राप का लोकहित में उपयोग किया। श्रीकृष्ण ने देवर्षि नारद मुनि की श्राप की इस स्वीकारोक्ति की सराहना की थी।

## कविता

जाओ जाओ लोगों बूथ पै जाओ।
बोट डालकै अपणा फरज निभाओ।।

बोट का हमको, मिला अधिकार निराला,
इस लोकतंत्र का, बोट ही है रखवाला,
अपणा एम पी चुण कै, संसद पहुंचाओ।
जाओ जाओ लोगों.........।।

धरम जाति के, ना जाल म्ह फसना,
जो देश सम्भाले, तुम उसको चुनना,
भई देखभाल कै, बटण उसका दबाओ।
जाओ जाओ लोगों.......।।

जो रोजगार की, हमसे बात करे,
जो महंगाई पै, सीधा घात करे,
ऐसे को लोगों, तुम ढूंढ के लाओ।
जाओ जाओ लोगों........।।

मंचो पे करें जो, झूठे वादे,
समझो लोगों, नापाक इरादे,
कहे भारती बोट डालके, लोकतंत्र बचाओ।
जाओ जाओ लोगों बूथ पै जाओ,
बोट डालके, अपणा फरज निभाओ।।

भूपसिंह भारती

# नवोन्मेषी और शैक्षिक गतिविधियां

विजय गर्ग

**नवोन्मेषी** और शैक्षिक गतिविधियों में संलग्न होकर, बच्चे अपनी गर्मी की छुट्टियों का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं और शारीरिक और बौद्धिक विकास सुनिश्चित कर सकते हैं स्कूली छात्र गर्मी की छुट्टियों के आगमन का बड़े उत्साह के साथ इंतजार करते हैं। वह अवधि भी एक छात्र के जीवन के सबसे सुखद चरणों में से एक है। यह भी जरूरी हो जाता है कि इस समय माता-पिता अपने बच्चों के समय की कीमत को पहचानें। उन्हें इस बात की चिंता होने लगती है कि उन दिनों के दौरान वे अपने बच्चे को अपने समय का बुद्धिमानी से उपयोग कैसे करने देंगे। इसके विपरीत, बच्चे उन महीनों में ऊर्जा और प्रत्याशा से भरे होते हैं। हालाँकि, कामकाजी माता-पिता के लिए यह परेशानी भरा हो जाता है यदि उनके बच्चे छोटे और अत्यधिक ऊर्जावान हों। उनकी दैनिक निर्धारित गतिविधियाँ अनियंत्रित हो जाती हैं, जिससे माता-पिता के लिए अपने बच्चों को सार्थक गतिविधियों में शामिल करना कठिन हो जाता है। हालाँकि गर्मी की छुट्टियों का मतलब हर किसी के लिए अलग-अलग होता है, लेकिन गर्मियों में सीखने के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यह बच्चों के शारीरिक और शैक्षणिक स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण घटक है। केवल 60 दिनों की गर्मी की छुट्टियों के साथ, हर दिन एक बच्चा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में भाग नहीं लेता है जो एक झटके का प्रतिनिधित्व करता है। फिर भी, माता-पिता अपने बच्चों को विभिन्न प्रकार की नई और मनोरंजक गतिविधियों में शामिल कर सकते हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश पाठ्यक्रम गर्म भारतीय गर्मी कुछ लोगों, विशेषकर बच्चों के लिए सहन करने का सबसे कठिन समय हो सकता है। यदि वे गर्मी से बचने के लिए तैयार नहीं रहेंगे तो उन्हें गंभीर पीड़ा हो सकती है। माता-पिता को इन गर्म दिनों के दौरान अपने बच्चों द्वारा खाए जाने वाले भोजन के बारे में सावधान रहना चाहिए ताकि उनके पाचन तंत्र पर कोई अतिरिक्त दबाव न पड़े। पाचन और निर्जलीकरण की समस्याओं से बचने के लिए, माता-पिता अपने बच्चों की भोजन योजना में तरबूज, दही, ककड़ी, नारियल पानी और मौसमी सब्जियां शामिल कर सकते हैं। बच्चों को उस समकालीन तकनीकी वातावरण के बारे में सीखना शुरू करना चाहिए जिसमें वे रहते हैं। इसलिए, माता-पिता अपने बच्चों को आकर्षक और नवीन शिक्षण उत्पादों से जोड़ सकते हैं। रुझान इस प्रकार हैं: बच्चों के लिए एआई और एमएल पाठ्यक्रम: बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे भविष्य के कौशल से परिचित कराने के लिए ऑनलाइन कई पाठ्यक्रम हैं। बच्चे जो भी करियर विकल्प चुनेंगे, उसमें ये कौशल अनिवार्य होंगे। छात्रों को ऐसे पाठ्यक्रमों का चयन करना चाहिए जिनमें पायथन कोडिंग, जेनरेटिव-एआई प्रॉम्प्ट राइटिंग और वेबसाइट और ऐप बिल्डिंग जैसे उद्योग प्रोजेक्ट शामिल हों। बच्चों और माता-पिता को नई प्रौद्योगिकियों से डरना नहीं चाहिए।

## विचार

# भारत के युवाओं में शक्ति, सामर्थ्य

संजीव

**हमें सदैव** वर्तमान में जीना चाहिए, वर्तमान का कठोर श्रम सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होता है। इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# राम को नहीं 'झुठाराम ' को हराना चाहता है देश

राकेश अचल

**इस लोकसभा** चुनाव में जितना मजा आ रहा है उतना मजा मैंने पिछले एक दर्जन लोकसभा चुनावों में नहीं उठाया। पहले चुनाव में जोकरों,मुंगेरी लालों और शेखचिल्लियों ,और तो और धरती पकड़ों के लिए सीमित स्थान था। अब चौतरफा इन्हीं की गूँज है ,धूम है। कौन ,किसे क्या ,समझता है ये बता पाना कठिन है ,लेकिन एक बात मै दावे के साथ कह सकता हूँ कि इस चुनाव में ' राम ' नहीं बल्कि ' झूठाराम ' निशाने पर हैं और देश की जनता [ जिसमें विपक्ष भी शामिल है ] झूठाराम को हराना चाहती है। राम का नाम लेकर झूठाराम अपने आपको बचने की कोशिश कर रहे हैं। चुनाव के छठवें चरण से ठीक पहले झूठाराम का आर्त्तनाद सुनाई दिया कि विपक्ष राम को चुनाव हराना चाहता है। सवाल ये है कि ये रामजी क्या सचमुच इस चुनाव में लोकसभा की 543 सीटों में से किसी एक पर ,किसी एक दल के या निर्दलीय प्रत्याशी हैं ? राम को हारने की एडवाइजरी पढ़ी तो मै पूरे दो दिन केंद्रीय चुनाव आयोग की वेबसाइट पर राम को तलाशता रहा । मुझे एक भी सीट पर दशरथ नंदन राम की और से दाखिल कोई पर्चा नजर नहीं आया। मेवाराम, सेवाराम, दाताराम, सियाराम, झुठाराम जैसे प्रत्याशी जरूर नजर आये। जब राम चुनाव लड़ ही नहीं रहे तो कोई उन्हें कैसे हरा सकता है? राम को समझना आसान भी है और कठिन भी। राम दीनबंधु भी हैं और दीनानाथ भी। वे अपराजेय भी है। दशानन भी उन्हें हरा नहीं पाया । परशुराम भी उनके सामने युद्ध करने के बजाय शीश नवकार वापस रंगभूमि छोड़ गए थे। राम से लड़ना किसी के बूते की बात है ही नही। कांग्रेस और समूचे विपक्ष की तो बिसात ही क्या है ? कांग्रेस में या किसी भी दल में [भाजपा में भी ] राम के सामने खड़े होने की कूबत किसी में भी नहीं है। हाँ रामनामी चादर ओढ़कर चुनाव लड़ने वालों से लड़ने और हारने की ताकत बहुतों में है। चुनावी जंग में कोई भी किसी का भी 'राम नाम सत्य है 'करने की ताकत और हैसियत रखता है भले ही उसके पास इलेक्टोरल बांड से मिला पैसा हो या न हो। हारा हुआ हर खिलाड़ी अंत में या तो अपनी माँ का नाम लेता है या राम का। छठवें चरण से ठीक पहले जो लोग राम का नाम ले रहे हैं वे सचमुच मन से हार चुके है।

# चले बदलने..वे आए दिन दूर की हाँकते हैं।

डॉ. सुरेश कुमार

**वे आए** दिन दूर की हाँकते हैं। उनकी मानो तो वे चुटकियों में भारत को विश्व का सरताज बना सकते हैं। अमेरिका जैसे विकसित देशों की प्रगति को व्यर्थ मानते हैं। उनकी मानो तो वे रातों रात दुनिया की रूपरेखा बदल सकते हैं। हम दोनों एक ही पाठशाला में पढ़ते थे। उसमें और मुझ में छह साल का अंतर था। किंतु उसने कभी इस अंतर को मित्रता के बीच आने नहीं दिया। जब वह पंद्रह साल का था तब वह दसवीं कक्षा पढ़ रहा था। उसी वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उसने भाषण देते हुए एक कहानी का जिक्र किया। कहानी का सार यही था कि बदलने की प्रबल इच्छा चिंगारी की भांति हमारे भीतर सुलगती रहनी चाहिए। उसने सभी से अपने-अपने गाँवों की रूपरेखा बदलने की शपथ दिलायी। भाषण इतना प्रेरक और जोरदार था कि तालियों की गड़गड़ाहट से प्रांगण गूँज उठा। उसी दिन कई गपोड़ियों ने उसका नाम हक्कड़ सिंह रख दिया। दस वर्ष बाद जब उसकी उम्र पच्चीस की हुई तो उसका विवाह हो गया। अब उसमें पहले जैसा उत्साह नहीं रहा। वह आए दिन कहता- असली जिंदगी का पता तो शादी के बाद चलता है। घर-गृहस्थी के चक्कर में जीवन कचूमर बन जाता है। वह खाक अपने गाँव को बदलेगा। वह अगर अपनी गली की दशा बदल दे तो वही काफी है। जब वह पैंतीस वर्ष का हुआ तो उसे लगा कि गली की दशा बदलना भी आसान नहीं है। तरह-तरह के लोग और तरह-तरह की सोच के बीच तालमेल करना टेढ़ी खीर है। भला इन्हें कौन बदल सकता है? बदलाव, परिवर्तन आदि पर्यायवाची शब्द शब्दकोश में ही अच्छे लगते हैं। वास्तविक जीवन में इसका पालन नभ-पाताल नापने के बराबर है। उसे लगा कि गली से पहले अपने परिजनों में परिवर्तन लाना जरूरी है।अब वह पैंतालीस वर्ष का हो चला है। वह परिजनों को बदलने चला था। परिजनों ने उसकी एक न सुनी। उसे तरह-तरह के उलाहने दिए। उसे भला-बुरा कहा। एक दिन जब उसके घर के पास एक बैठक चल रही थी तो उसमें एक पंद्रह वर्षीय बालक मेरे मित्र की भांति समाज में परिवर्तन लाने के बारे में जोर-शोर से भाषण दे रहा था। मित्र को अपना बचपन याद आ गया। उसने मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए कहा झ्र लो एक और मुझ जैसा दिवाना आ गया है!



# निकली है तोंद खतरे कई हजार

भूख और खाने में दो बाते होती हैं। एक ये कि एक इंसान अपनी भूख मिटाने के लिए पेट भरता है और दूसरी यह कि एक इंसान टेस्ट के लिए और ठस के पेट भरने के लिए खाना खाता है। यदि किसी को कोई चीज अच्छी लग गई तो वह इसे जी भरकर खा लेना चहाता है और अपने पेट से ज्यादा इसे लेने की कोशिश करता है। हर व्यक्ति की एक सीमा होती है जो इसे क्रॉस कर जाते हैं वह पेट बढ़ने की समस्या से पीड़ित हो जाते हैं। वैसे हर व्यक्ति को उम्र के किसी न किसी पड़ाव पर मोटापा महसूस होता है। कई बार शरीर में चर्बी बढ़ने के कारण गंभीर रोग भी हो जाते हैं।

## बढ़ते पेट की समस्याएं

**बेली फैट:** पेट के निचले हिस्से में बढ़ने वाले फैट को बेली फैट कहा जाता है, यह देखने में काफी भद्दा लगता है और फिगर को गंदा बना देता है। इस फैट से पाचन क्रिया और रीढ़ की हड्डी पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए, अगर आपको भी बैली फैट होने लगा है तो इसे कम करने के बारे में सोचना शुरू कर दीजिए।

**बढ़ने वाले पेट में टॉक्सिन इक्ट्ठे हो जाते हैं :** शरीर में कहीं और चर्बी होने से अलग होता है बेली फैट। पेट में जमा होने वाले फैट में कई सारे टॉक्सिन भी इक्ट्ठे हो जाते हैं जिससे शरीर में ऐसे हारमोन निकलते हैं जो नुकसान पहुंचाते हैं।

**यह मधुमेह का कारण भी बनता है :** टमी फैट के कारण निकलने वाले हारमोन्स से एक हारमोन शुगर (डाइबिटीज) होने का कारण भी बन सकता है। यह शरीर में इंसुलिन प्रतिरोधक को बढ़ा देता है और व्यक्ति के शरीर में इंसुलिन की मात्रा कम होती जाती है।

**हार्ट अटैक की वजह भी बन सकता है :** इसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ जाता है जिसकी वजह से हार्ट संबंधी रोग भी हो जाते हैं। जो गंभीर होते हैं और मरीज की जान लेने में देर नहीं लगाते। इसकी वजह से हार्ट अटैक, स्ट्रोक से तुंरत मृत्यु होने का खतरा बहुत ज्यादा हो जाता है।



**कैंसर का भी खतरा :** कई बार मोटे पेट के कारण निकलने वाले हारमोन से कैंसर या अवसाद का खतरा भी बना रहता है। रक्त के थक्के का जमना, ब्लड प्रेशर आदि की समस्या भी हो सकती है।

**सबसे पहले खुराक में परिवर्तन लाएं :** इसीलिए, अगर आपको पेट के निचले हिस्से में फैट जमा होने लगा है तो अपनी खुराक में परिवर्तन लाएं। डाइट चार्ट के हिसाब से भोजन करें।

**पेट को प्रोटीन के सेवन से इसे कम करें :** शोध से यह बात साफ हो चुकी है कि प्रोटीन के सेवन से इसे कम किया जा सकता है तो प्रोटीन का भरपूर सेवन करें। लेकिन स्वस्थ रहें और पेट पर चढ़ने वाली चर्बी को कम करें।

**पेट की चर्बी आसानी से कम नहीं होती :** इसके लिए अपने खाने से लेकर जौगिंग और जिम में मेहनत करनी होगी। व्यायाम करें, दौड़ें, शारीरिक श्रम करें और बढ़े पेट को कम करने का प्रयास करें।



# ग्लूकोमा रोगियों के लिए सिर झुकाने वाले आसन खतरनाक

**न्यूयॉर्क। योग करते समय सिर झुका कर आसन करने और पुश-अप, भारी वजन उठाने जैसे अन्य व्यायाम करने से ग्लूकोमा के रोगियों की आंखों पर दबाव बढ़ सकता है। एक नए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है।**

**- ग्लूकोमा के रोगियों को अपनी आंखों पर जोर देने के लिए मनाही है**

**- यानी वो आसन या काम जो आप सिर झुका कर उठाते हो या आसन मुद्रा में करते हो, ऐसे आसन बिलकुल या काम बिलकुल न करें**

**- इन आसनों से ग्लूकोमा रोगी अपनी आखों की रोशनी हमेशा के लिए खो सकते हैं**

**अंधापन :** ग्लूकोमा रोगियों में कम से लेकर अधिक स्तर तक यह आंखों की रोशनी को प्रभावित कर सकता है और इसकी वजह से रोगी की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए भी जा सकती है।

ऑप्टिक नर्व को नुकसान : ग्लूकोमा के रोगियों के ऑप्टिक नर्व को उस समय नुकसान पहुंच सकता है जब उनकी आंख के अंदर तरल पदार्थ का दबाव बढ़ जाता है। आंखों में तरल पदार्थ का दबाव बढ़ने का सबसे सामान्य कारण ''एलिवेटेड इंट्राऑक्यूलर प्रेशर' (आईओपी) है।

**तरल पदार्थ का दबाव बढ़ा :** अध्ययन में, ''न्यूयॉर्क आई एंड ईयर इनफर्मरी ऑफ माउंट सिनाई' (एनवाईईई) के अध्ययनकर्ताओं ने कई ऐसे प्रतिभागियों को शामिल किया जिनमें से कुछ को आंख से संबंधित कोई बीमारी नहीं थी और कुछ लोग ग्लूकोमा के रोगी थे। इन लोगों ने कई तरह के सिर झुकाकर किए जाने वाले योगासन किए थे। ऐसे आसन करने के बाद स्वस्थ लोगों और ग्लूकोमा पीड़ित लोगों की आंखों में तरल पदार्थ का दबाव बढ़ा हुआ पाया गया।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

## लॉफिंग जौक

नाना ने कुछ बडे हो गए नाती को गुर की बात समझाते हुए कहा- 'बेटा अब कोई काम धन्धा जमा लो, बेकार फिरना अच्छी बात नहीं। जब मैं तुम्हारी उम्र का था तो मैंने दुकान में 50 रूपये की नौकरी की थी। फिर छः साल बाद उतनी ही बडी दुकान बना ली थी।'

नाती से रहा न गया । बोल पडा- 'नाना जी, अब वे जमाने लद गए। अब वैसी तिकडम नहीं चलती। हर जगह कायदे के अनुसार हिसाब-किताब रखा जाता है।'


नवविवाहित जोंडा जब हनीमून मनाने के लिए हिल स्टेशन के एक होटल में पंहुचा तो मैनजेर ने दूल्हे को देखते ही उसका नाम रजिस्टर में लिख दिया।

दुल्हन ने खुशी के मारे मैनेजर से पूछा- क्या मेरे पति इतने मशहूर है कि आपकों उनका नाम-पता पूछने की जरूरत ही नही पडी बात असल में यह है देवीजी मैनेजर ने कहा-आपके पति हमारे होटल में हर वर्ष हनीमून मनाने आते है।

भोलाराम का बेटा मां से बोला- अम्मी तुम भी पिताजी की तरह क्रिकेट में छक्के लगा सक ती हो।


छक्के लगा तो नहीं सकती ,छुडा सकती हूं, मां बोली।

## काकुरो पहेली - 4064




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 4063 हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4064



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्रिहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली-4063



## सूडोकु -4064


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4063 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 4064



**बाएँ से दाएँ**

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**

2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली -4063 का हल



## न्यूज फ्लैश

### जिले में खुले सभी होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला में डिस्प्ले होगे इमरजेंसी नम्बर

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

विगत कुछ दिन पहले मथुरा ब्रज में (बरसाना ) दर्शन करने आए दंपती के साथ एक घटना हुई, जहाँ एक महिला के पति की रात्रि में अचानक हालत बिगड गई, महिला ने होटल में सम्पर्क किया, एम्बुलेंस इत्यादि की मदद मांगी लेकिन कोई मदद नहीं मिली। सड़क पर भी जाकर उसने स्थानीय जनता से भी मदद की गुहार लगाई थी, लेकिन लोगों में अविश्वास इतना फैला है की मदद से भी लोग डरते हैं। इसी संदर्भ में जिलाधिकारी को ब्रज के जागरूक नागरिकों के एक प्रतिनिधि मंडल ज्ञापन दिया जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने विषय की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सभी होटल गेस्टहॉउस, धर्मशाला में जरुरी नंबर की उपलब्धता कराने की जरूरत को आवश्यक माना और जिलाधिकारी ने भी तुरंत संज्ञान लेते हुए जिला पर्यटन अधिकारी डी के शर्मा से इस संदर्भ में वार्ता कर निर्देश दिए व सीएमओ को मेडिकल सुरक्षा प्रदान करने हेतु इमरजेंसी नम्बर जारी करने की भी बात कही

उम्मीद है एक छोटे से प्रयास से तीर्थ यात्रियों को आपातकाल में कुछ मदद मिल सकेगी। इस दौरान ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से श्रीमती रशिम शर्मा,संजय हरियाणा ,रूचि दुवेदी , अक्षय भारद्वाज आदि थे।

केएम विवि के स्टाफ ने परिक्रमार्थियों को दी पांच दिन निःशुल्क जलसेवा

### 19 मई से 23 मई तक लगी शीतल जल से हजारों भक्तों ने बुझाई प्यास

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

प्रचंड गर्मी के प्रकोप से हर कोई बेहाल नजर आ रहा है, लेकिन गिरिराज महाराज से आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं पर इसका कोई असर नजर नहीं आया। केएम विश्वविद्यालय के एचआर डिपार्टमेंट में कार्यरत स्टाफ एवं श्रीबालाजी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए पांच दिवसीय शीतल जल प्याऊ लगाई गई, जिसका हजारों श्रद्धालुओं ने 24 घंटे लाभ लिया। विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कार्यरत टीम के इस कार्य की सराहना व प्रशंसा की है।

श्रीबालाजी महाराज की असीम कृपा से श्रीबालाजी चैरिटेबल ट्रस्ट मथुरा द्वारा गोवर्धन परिक्रमा में श्रीकृष्ण कंचन धाम के सामने शीतल जल प्याऊ पांच दिन लगाकर परिक्रमार्थियों की जल सेवा की। गर्मी से व्याकुल श्रद्धालुओं ने शीतल जल पीकर गिरिराज महाराज और श्रीराधारानी के जयकारे लगाए। प्याऊ के मुख्य आयोजक वीरेंद्र सिसोदिया, देवेंद्र चौधरी, त्रिलोकी कुंतल रहे। इस दौरान केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के निर्देश पर विवि के एचआर डिपार्टमेंट के अनिल कप्तान, राहुल, रनवीर, गौरव, पंकज, हरेश, चन्द्रवीर, राकेश आई टी, पवन सिंह राजपूत, सुभाष सिंह आदि ने सहयोग कर गिरिराज की परिक्रमा देने वाले भक्तों को जलसेवा देकर उनका नाच गाने के साथ उत्साह वर्धन किया। विवि के कुलाधपति किशन चौधरी ने बताया कि धर्मार्थ सेवा हेतु यह प्याऊ 19 मई से 23 मई तक लगाई गई थी, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने गिरिराज बाबा की कृपा के साथ-साथ जलसेवा से लाभान्वित हुए हैं, ऐसे आयोजन भविष्य में जारी रहेंगे।

### शिक्षक शिक्षिकाओं की समस्याओं का करायेंगे समाधान: डॉ. कौशिक

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा /टीम एक्शन इंडिया**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश नेतृत्व ने मथुरा के शिक्षक नेता डॉ. कमल कौशिक को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर आज राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जनपदीय टीम ने उनके आवास पर पहुंचकर उनका स्वागत किया।

डॉ. कमल कौशिक ने कहा शिक्षक शिक्षिकाएं उनकी समस्याओं का समाधान अधिकारियों से कराया जाएगा और प्रदेश पर उच्च अधिकारियों के सामने रखा जाएगा। संगठन को मजबूत किया जाएगा। जिला मीडिया प्रमुख/ब्लॉक अध्यक्ष राया गोवर्धन दास गुप्ता ने प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलेगा शिक्षक शिक्षिकाओं की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। संरक्षक हरिओम गुप्ता ने कहा कि प्रदेश महामंत्री बनने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष श्रीमती अंजना शर्मा ने खुशी जाहिर की है ।


स्वागत करने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनमोहन गौतम, ब्लाक संगठन मंत्री पवन गौतम, देवेन्द्र शर्मा , गोपाल सारस्वत आदि थे।

# बतौर विधायक सतपाल रायजादा ने अपना वेतन बांटा गरीबों में: सुक्खू

## ढलियारा और हमीरपुर में सीएम सुक्खू ने सतपाल रायजादा के पक्ष में की जनसभाएं

**राजन पुरी**

**ऊना:** हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा के साथ मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने ढलियारा और हमीरपुर में जनसभाओं की। इन जनसभाओं में रायजादा के पक्ष में काफी लोगों की भीड़ उमड़ी। विभिन्न स्थानीय वक्ताओं ने जनसभाओं को संबोधित किया और रायजादा के पक्ष में वोट मांगे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सतपाल सिंह रायजादा हमेशा सच और



जनता के हित की राजनीति करते आए हैं। विधायक रहते हुए रायजादा अपना वेतन भी अत्यंत निर्धन परिवारों में बांटते रहे। वहीं दूसरी ओर अनुराग हैं जिन्होंने वोटें तो लीं लेकिन उसके बाद कभी भी संसदीय क्षेत्र की जनता को कुछ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अनुराग सिर्फ मोदी के सहारे चुनाव मैदान में है जबकि उनकी अपनी कोई उपलब्धि नहीं है। हमारी सरकार को केवल 14 माह का कार्यकाल हुआ है लेकिन फिर भी हम अपने कामों की लम्बी फेहरिस्त लेकर चुनावों में उतरे हैं लेकिन अनुराग केवल मोदी के नाम का रट्टा मारकर जनता से वोट हासिल करने की जुगत में है। 4 बार सांसद रहने के बावजूद अनुराग के पास कोई उपलब्धि नहीं है। इस बार जनता उन्हें मौका नहीं देगी।

**5 साल बाद चुनावों में ही दिखाई पड़ते हैं अनुराग: रायजादा**

कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा ने कहा कि राजनीति मेरे लिए कमाई का जरिया नहीं है। यहां सिर्फ मैं जनसेवा के लिए आया हूं।

झूठ बोलना मुझे आता नहीं और जनता से दूर मैं रह नहीं पाता। हर किसी के दरवाजे मेरे लिए खुले रहते हैं चाहे फरियादी किसी भी पार्टी विशेष से संबंध रखता हो। उन्होंने कहा कि 4 बार सांसद रहे अनुराग ठाकुर ने हमेशा ही संसदीय क्षेत्र की जनता को छला है। संसदीय क्षेत्र के लिए कोई काम चारों बार सांसद रहने के बावजूद नहीं करवाया। उन्होंने कहा कि जीत के बाद अनुराग संसदीय क्षेत्र से तो गायब हो ही जाते हैं और साथ ही अपने कार्यकत्ताओं को भी वह 5 साल बाद सिर्फ चुनावों में ही मिलते हैं। उन्होंने कहा कि जनता अपनी आंखे खोल चुकी है और अब भाजपा कार्यकत्ताओं को भी आंखे खोल लेनी चाहिए।

## क्रेडिट को किया संक्रमित रोगों के प्रति जागरूक

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

आर्मी एरिया के कैप्टन मनोज पाण्डेय, पी वी सी कॉम्प्लेक्स (मथुरा) में कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय के निर्देशन में चल रहे 11 यू पी वाहिनी एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में दिनांक 24 मई को जिला अस्पताल मथुरा से आये विषय विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश दीक्षित, डॉ. एस पी राठौर, डॉ. निश्चल दिवाकर ने एचआईवी, एड्स एवं टीबी जैसी घातक बीमारियों के बारे मे कैडेटों को जागरूक किया। डॉ एस पी राठौर ने बताया कि टीबी रोग विश्व स्तर पर बड़ी संख्या में जान लेने वाली शीर्ष बीमारियों में से एक है। यह एक संक्रमित वायु जनित रोग है जो फेफड़ों को प्रभावित करती है। इन्होंने टीबी रोग के मुख्य लक्षण बताएं- दीर्घकालीन खासी, भूख की कमी, वजन घटना, थकान, सांस फूलना इत्यादि। डॉ अखिलेश दीक्षित ने कैडेटों को एचआईवी और एड्स रोग के बीच में संबंध बताया। इन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमण वाले किसी व्यक्ति में एचआईवी संक्रमण के बिना किसी व्यक्ति की तुलना में उसके जीवन काल के दौरान क्षय रोग विकसित होने की अधिक संभावना होती है। डॉ निश्चल दिवाकर ने कैडेटों से अपील कि की वह भी अपने स्तर से समाज के लोगों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करे। कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय ने आए हुए अतिथियों की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं भविष्य में ऐसे कार्यक्रम अधिक से अधिक हो ऐसी कामना की। मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कपिल कौशिक ने संगोष्ठी में आए हुए विशेषज्ञों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आई डब्लयू एफ यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में पायल ने जीता रजत पदक




**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

खरखौदा के खांडा रोड़ स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ की भारोत्तोलन अकादमी की छात्रा पायल ने आई डब्लयू एफ यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है। यह प्रतियोगिताएं लीमा, पेरु में 22 से 26 मई तक आयोजित की जा रही है। जिसमें पायल ने 45 किलोग्राम वर्ग में 2 कांस्य तथा 1 रजत पदक जीते हैं।

प्राचार्या उषा वत्स ने शुक्रवार को विश्व स्तरीय भारोत्तोलन में रजत पदक हासिल करने पर पायल तथा उसके कोच सत्यवान को बधाई दी है। उन्होंने बताया की खेलों में बच्चों की मेहनत ही उनकी सफलता का राज होती है और यदि गुरु का सही मार्गदर्शन हो तो बच्चों को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। दूसरे देश में जाकर अपने देश, अकादमी, अपने कोच, माता-पिता व गांव का नाम रोशन करने पर खुशी का एहसास होता है।

## गर्मी के चलते स्कूलों में 10 दिन का किया जाए अवकाश: विकास

**राजन पुरी**

**ऊना:** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्राध्यापक संघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विकास रत्न ने जिला प्रशासन से जिला की गर्मी को देखते हुए छठीं से जमा दो तके सभी कक्षाओं को 10 दिन तक अवकाश करने की मांग उठाई है। शुक्रवार को जारी ब्यान में विकास रत्न ने कहा कि जिला में इन दिनों भयंकर लू की मार पड़ रही है। 44 डिग्री तापमान के चलते स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों के हित व स्वास्थ्य को देखते हुए मौसम विभाग के अलर्ट के मध्यनजर 5 जून तक अवकाश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण बच्चें भी बीमार पड़ रहे हैं।

## उद्यौगिक क्षेत्र में सडक पर गिरा कैमिकल, दोपहिया वाहन हुए स्किड़

**राजन पुरी**

**ऊना:** उद्यौगिक क्षेत्र टाहलीवाल में एक चलते टैंकर से सडक पर कैमिकल गिर गया। कैमिकल के गिरने से सडक से गुजर रहे कई दोपहिया वाहन स्किड़ हो गए, जिसके चलते कईयों को मामूली चोटें पहुंची।

वहीं पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर गिरे कैमिकल पर रेत डाला गया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार दोपहर को गोंदपुर की ओर टाहलीवाल आ रहा टैंकर का ढक्कन खुलने के चलते अंदर का कैमिकल सडक पर गिर गया। टैंकर ड्राइवर को केमिकल गिरने का पता सरकारी स्कूल के आगे लगा, जिससे ड्राइवर ने अपनी सूझबूझ से टैंकर को खाली जगह



देख कर साइड को लगा दिया और बड़ा हादसा होने से बचा लिया। सडक पर गिरे केमिकल से काफी लोग नीचे गिरे और उनको मामूली चोटें आई। एसएचओ अशोक चौधरी ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से सडक पर रेत फेंकी गई और आनेजाने वाले लोगों को सावधान भी करते रहे।

## चुनावी प्रक्रिया को सम्पन्न करवाने में मतदान कर्मियों की अहम भूमिका: शर्मा

**विस्तृत जानकारी**

▶▶उन्होंने मतदान प्रक्रिया से सम्बन्धित महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

**मनीष**

**सोलन:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करने के लिए सभी मतदान कर्मियों का सहयोग महत्वपूर्ण है। मनमोहन शर्मा आज सोलन जिला के डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के एलएस नेगी



सभागार में 53-सोलन अ.जा. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों की दूसरे चरण की रिहर्सल की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर मतदान कर्मियों से कहा कि यह प्रशिक्षण मतदान प्रक्रिया को सुलभ व सुचारू रूप से संचालित करवाने के उद्देश्य से करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार कार्य की अनुपालना करना तथा निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शिता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उपण्डलाधिकारी ना. सोलन डॉ. पूनम बसंल ने इस अवसर पर मतदान कर्मियों को मतदान से पूर्व होने वाले मॉक पोल तथा ईण्वीएमण व वीण्वीपैटण के संचालन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मतदान प्रक्रिया से सम्बन्धित महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। उपमण्डलाधिकारी ना.कण्डाघाट सिद्धार्थ आचार्य ने कहा कि सभी मतदान कर्मी मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया को समझकर मतदान के कार्य को बिना किसी रूकावट के सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें। 53-सोलन अ.जा. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की दूसरे चरण की रिहर्सल में 779 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर तहसीलदार सोलन मुल्तान सिंह बनियाल, तहसीलदार निर्वाचन ऊषा चौहान सहित मतदान कर्मी उपस्थित थे।

## वृंदावन व बरसाना में ब्रज दर्शन को आने वाले भक्त पाएंगे नि:शुल्क भोजन

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन श्रीबांके बिहारी जी के दर्शन के लिए देश भर से आने वाले भक्तों को अब वृंदावन में निःशुल्क भोजन मिलेगा। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने मंगलमय परिवार न्यास की ओर से की है। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने गुरुवार को बताया कि ब्रज दर्शन को आने वाले भक्तों को निःशुल्क भोजन की यह व्यवस्था वृंदावन और बरसाना के बाद अन्य तीर्थ स्थलों पर भी बढ़ाई जाएगी।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने जयपुर मंदिर के सामने अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया है। 4.90 करोड़ की लागत से तैयार वातानुकूलित इस अन्नपूर्णा भवन में ब्रज दर्शन के लिए बाहर से आने वाले भक्तों को निःशुल्क भोजन कराया जाता है। भोजन की यह व्यवस्था प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक तथा शाम सात बजे से रात 9 बजे तक रहती है। वातानुकूलित अन्नपूर्णा भवन का संचालन मंगलमय परिवार न्यास (संत विजय कौशल महाराज ) द्वारा किया जा रहा है। इसमें एक साथ करीब 150 लोग भोजन कर सकते हैं। यहां प्रतिदिन 2000-2500 व्यक्ति भोजन ग्रहण करते हैं। स्वच्छ और शांति पूर्ण वातावरण में कान्हा के भक्त यहां भोजन प्रसादी ग्रहण कर आनंदित होते हैं।

परिषद के मुख्य कार्यपालक एस बी सिंह का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि ब्रज में दूर-दराज से आने वाले तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो खासकर असहाय लोगों को भोजन की। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद वृंदावन की भांति यही प्रयास राधारानी की नगरी बरसाना में भी कर रहा है।

## रेलवे ट्रैक पर तीन महिलाओं के मालगाड़ी ने चिथड़े उड़ाये

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शुक्रवार की दोपहर मथुरा से दिल्ली जाने वाले डाउन रेलवे ट्रेक पर एक हृदय विदारक घटना घटित हो गई। घटना को देखने वालों को रौंगटे खड़े हो गए। मथुरा से दिल्ली के लिए जाती एक मालगाड़ी के सामने दो किशोरियों सहित एक महिला खड़ी हो गई। मालगाड़ी ने तीनों के चिथड़े उड़ा दिए। मौके पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए। तीनों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मरने वाले मध्यम वर्गीय परिवार के प्रतीत हो रहे हैं। त्यक्षदर्शियों के अनुसार अलवर पुल के समीप रेलवे लाइन पर रेलवे के मजदूर काम कर रहे थे।

भूतेश्वर की ओर से आने वाली रेलवे लाइन के किनारे-किनारे एक महिला दो किशोरियों को साथ लेकर इधर आई। मजदूर अपने काम में लगे हुए थे।

## वैष्णो माता के दर्शन करने जा रहे सात श्रद्धालुओं की मौत

**अंबाला/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा के अंबाला जिले में हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 19 लोग घायल हैं। यह सभी लोग ट्रैवलर से वैष्णो माता के दर्शन के लिए जा रहे थे। यह हादसा ट्रैवलर के आगे चल रहे ट्रॉले से टकराने की वजह से हुआ। मृतकों में छह माह की बच्ची और एक दंपति भी शामिल हैं। सभी लोग उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के बताए जा रहे हैं। यह हादसा अंबाला-दिल्ली हाइवे स्थित मोहड़ा के पास रात करीब 2 बजे हुआ। ट्रैवलर में कुल 26




लोग थे।

इस हादसे में ट्रैवलर का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और घायल हाइवे पर ही इधर-उधर गिर गए। कुछ घायल ट्रैवलर में ही फंस गए थे। चीख-पुकार सुनने पर राहगीरों ने घायलों को निकाला और पुलिस की मदद से एंबुलेंस के जरिए अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल व आदेश अस्पताल में दाखिल करवाया। नागरिक अस्पताल के डॉ. कौशल कुमार ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है।मोहड़ा पुलिस को घायल धीरज ने बताया कि वह लोग 23 मई की शाम को वैष्णो देवी के लिए रवाना हुए थे और सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। जैसे ही वह मोहड़ा के पास पहुंचे तो अचानक ट्राले के आगे कोई वाहन आ गया। जैसे ही ट्राले ने ब्रेक लगाया तो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर टकरा गया। मृतकों में विनोद,मनोज, गुड्डी, महेर चंद, सतबीर, 6 माह की दीप्ति व अन्य एक व्यक्ति शामिल हैं।

## लोकसभा चुनाव में देश के पीएम दे रहे निम्न स्तर के भाषण: केसी वेणुगोपाल

**चमन शर्मा**

**शिमला:** पीएम मोदी के हिमाचल दौरे को लेकर कांग्रेस ने बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस नेताओं ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रधानमंत्री को प्रदेश में आई भयंकर आपदा के समय हिमाचल की याद नहीं आई वे किस मूंह से आज वोट मांग रहे हैं। शिमला में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान महासचिव केसी वेणुगोपाल और सांसद व कांग्रेस प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने पीएम मोदी की रैली पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी आजतक के इतिहास में निम्न स्तर का भाषण दे रहे हैं। महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि अब तक हुए पांच




चरणों के चुनाव में पीएम को यह पता लग चुका है कि वे चुनाव हार रहे हैं। इसी बौखलाहट में वे असली मुद्दों से हटकर निम्न स्तर के भाषण देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी हर दिन विपक्ष के खिलाफ दुष्प्रचार करते हैं । लेकिन 2014 और 2019 में किए वायदों का जिक्र तक नहीं करते। पीएम मोदी ने 2014 में देश के 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था लेकिन आज यह आंकड़ा 20 करोड़ पहुंच गया इस पर वे कुछ नहीं बोलते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम ने सेना में युवाओं के भर्ती होने वाला सपना भी चकनाचूर कर दिया है। जहां उन्होंने अग्निवीर जैसी योजना लाई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल वीरों का राज्य है यहां से नौजवान युवा देश की रक्षा करने के लिए अपना प्राण त्याग देते हैं लेकिन मोदी ने यहां के नौजवानों के सपने को खत्म कर दिया।

के सी वेणुगोपाल ने कहा कि पीएम मोदी ने किसानो-बागवानों के हितों पर भी कुठाराघात किया है। जहां उन्होंने सेब पर इम्पोर्ट डयूटी सौ फ ीसदी करने का वादा किया था आज उसे उल्टा घटाकर 50 फ ीसदी कर दिया है। इसलिए भाजपा किसान विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इतिहास की भयंकर प्राकृतिक आपदा आई लेकिन केंद्र सरकार का कोई योगदान नहीं रहा। आज किस मूंह से वे हिमाचल में वोट मांगने आए हैं। इस बात का जिक्र तक नहीं किया। आखिर ऐसा कौन सा कारण था जिसके चलते हिमाचल को आर्थिक मदद नहीं दी। वेणुगोपाल ने कहा कि पीएम मोदी ने आपदा का पैसा सरकार को गिराने के लिए लगाया है। उन्होंने सुक्खू सरकार को गिराने के लिए सारा पैसा खर्च कर दिया है। जहां कांग्रेस के 6 विधायकों की खरीद. फरोख्त कर सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा था। उन्होंने कहा इससे पहले भाजपा ने गोवा, महाराष्ट्र और डच में विधायकों की खरीद-फ रोख्त कर सरकार बनाईं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने जनता से की गई 5 गारंटियों को पूरा किया है जिसको देखते हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जीताकर भेजेगी।

## फतेहाबाद में 2000 पुलिसकर्मी व सीआरपीएफ की 4 कंपनियां देंगी ड्यूटी

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह तैयार है। लोकसभा चुनाव के मध्यनजर जिला में कुल 2000 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है और उनके साथ होमगार्ड की तैनाती भी रहेगी। जिलेभर में कुल 371 लोकेशन में स्थित 688 बूथ पर मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे।

सीआरपीएफ की चार कंपनियां संवेदनशील/क्रिटिकल बूथों के लिए तैनात की गई है। इसी तरह जिला में कुल 30 पेट्रोलिंग पार्टी



ड्यूटी दे रही है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के ओवरऑल इंचार्ज डीएसपी होंगे व उनके साथ दूसरे इंचार्ज इंस्पेक्टर होंगे। जिला स्तर पर भी तीन प्लाटून कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयार की गई है। इसके साथ ही जिला की डायल-112 वाहन भी तैनात रहेंगे। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने बताया कि यदि कोई अवैध तौर से मतदाता को तंग कर रहा है या धनबल-बाहुबल का प्रयोग कर रहा है या मतदाताओं को गैर कानूनी ढंग से प्रभावित करने की कोशिश करे तो 112 या संबंधित एसएचओ को तुरन्त सूचना दे।

## कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 82 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.02 डॉलर यानी 0.02 फीसदी की उछाल के साथ 81.38 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.01 डॉलर यानी 0.01 फीसदी बढ़कर 76.88 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।




## रियलमी ने 25 हजार की रेंज में जीटी 6टी बाजार में उतारा

एजेंसी

**लखनऊ** देश के जाने माने स्मार्टफोन सेवा प्रदाता रियलमी ने जीटी सीरीज़ में रियलमी जीटी 6टी और एआईओटी सेगमेंट में रियलमी बड्स एयर 6 बाजार में पेश किया है।

रियलमी जीटी 6टी दो साल के लंबे इंतजार के बाद आईकोनिक जीटी सीरीज़ की भारतीय बाजार में वापसी कर रहा है। लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी जीटी 6टी के लॉन्च की घोषणा करके बहुत रोमांचित हैं। यह अपने सेगमेंट में टॉप परफॉर्मर है। इसके साथ हमने रियलमी बड्स एयर6 भी लॉन्च किया है। दो सालों के लंबे इंतजार के बाद हमारी फ्लैगशिप जीटी सीरीज़ रियलमी में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रियलमी जीटी सीरीज़ अपनी शुरुआत से ही लगातार टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन की सीमाएं बढ़ा रही है और उद्योग में नए मानक स्थापित करती आ रही है। यह स्मार्टफोन भी ऐसा ही कुछ करने वाला है।

## 6.80 लाख संदिग्ध कनेक्शनों की पहचान, पुनः सत्यापन के लिए कहा

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने लगभग 6.80 लाख मोबाइल कनेक्शनों की पहचान की है, जिनके अवैध, अस्तित्वहीन, या नकली/जाली पहचान प्रमाण (पीओआई) और पते का प्रमाण (पीओए) केवाईसी दस्तावेजों का उपयोग करके प्राप्त किए जाने का संदेह है। डी ओ टी ने आज यहां कहा कि संदिग्ध धोखाधड़ी वाले कनेक्शनों की पहचान - उन्नत एआई-संचालित विश्लेषण के माध्यम से, दूरसंचार विभाग ने लगभग 6.80 लाख मोबाइल कनेक्शनों को संभावित धोखाधड़ी वाले के रूप में चिह्नित किया है। पीओआई/पीओए केवाईसी दस्तावेजों की संदिग्ध सत्यता इन मोबाइल कनेक्शनों को प्राप्त करने के लिए मनगढ़ंत दस्तावेजों के उपयोग का सुझाव देती है।बढ़ा रही है और उद्योग में नए मानक स्थापित करती आ रही है। यह स्मार्टफोन भी ऐसा ही कुछ करने वाला है।

## न्यू इंडिया एश्योरेंस का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 128 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** न्यू इंडिया एश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ 128 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 354 करोड़ रुपये होने की घोषणा की । कंपनी के कार्यकारी निदेशक टाइटस फ्रांसिस ने कहा, न्यू इंडिया एश्योरेंस ने वर्ष के दौरान कई दावों के




प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद वित्त वर्ष 24 में उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। वर्ष के दौरान सकल लिखित प्रीमियम 8.3 प्रतिशत बढ़कर 41,996 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 7 प्रतिशत बढ़कर 1,129 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा, सॉल्वेंसी अनुपात 1.81 पर स्वस्थ रहा और कंपनी भारतीय सामान्य बीमा उद्योग में बाजार की अग्रणी बनी हुई है।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिकवाली का दबाव, बिटकॉइन 70 हजार डॉलर से भी नीचे लुढ़का

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से तीन आभासी मुद्राएं मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि बिटकॉइन समेत 7 क्रिप्टो करेंसीज बड़ी गिरावट के साथ रेड जोन में है। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन लुढ़क कर 70 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे आ गई।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69,681.86 डॉलर यानी 58 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 2.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ उछल कर



3,843.51 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। इन दोनों सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसीज के अलावा टेथर 0.07 प्रतिशत, बीएनबी 2.24 प्रतिशत, सोलाना 3.74 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.70 प्रतिशत और कार्डानो 1.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर डॉगकॉइन 2.56 प्रतिशत और टॉनकॉइन 2.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.59 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 215.62 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 9,815 करोड़ डॉलर यानी 8.17 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 14.42 प्रतिशत कम है।

अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.23 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 52.95 प्रतिशत रह गई है।

## गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का शेयर निर्गम मूल्य से 5 फीसदी ऊपर लिस्ट

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु स्थित इंश्योरेंस टेक स्टार्टप कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का शेयर निर्गम मूल्य 272 रुपये से पांच फीसदी से अधिक उछलकर गुरुवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ। कंपनी ने 2,615 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए इसका मूल्य दायरा 258-272 रुपये प्रति शेयर तय किया था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर गो डिजिट का शेयर 3.34 फीसदी




की बढ़त के साथ 281.10 रुपये पर लिस्ट हुआ। कारोबार के दौरान यह 11.39 फीसदी चढ़कर 303 रुपये पर पहुंच गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यह 5.15 फीसदी उछलकर 286 रुपये पर लिस्ट हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 26,869.44 करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि साधारण बीमा कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस को सार्वजनिक निर्गम के आखिरी दिन गत शुक्रवार को 9.6 गुना अभिदान मिला था। क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी एवं अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भी कंपनी के निवेशकों में शामिल हैं। उन्होंने आईपीओ में अपना कोई शेयर नहीं बेचा है।

## इंडिगो का चौथी तिमाही में मुनाफा 106 फीसदी बढ़कर 1,895 करोड़ रुपये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश एवं निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की पैरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 106 फीसदी बढ़कर 1,894.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका मुनाफा दोगुना से ज्यादा 1,894.8 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में एयरलाइन को 919.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की कुल आय बढ़कर 18,505.1 करोड़ रुपये हो



गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 14,600.1 करोड़ रुपये थी। इंडिगो के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का परिचालन से राजस्व सालाना आधार पर 26 फीसदी बढ़कर 17,825 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि हमारी रणनीति के मजबूत क्रियान्वयन से हमें लगातार परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि इंडिगो इस साल अपनी उड़ानों में 'बिजनेस श्रेणी' सेवा की शुरुआत करेगी।

## आईटीसी का मुनाफा चौथी तिमाही में घटकर 5,191 करोड़ रुपये पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईटीसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में विविध कारोबार से जुड़े आईटीसी का मुनाफा मामूली घटकर 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है।

आईटीसी लिमिटेड ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में कंपनी को 5,242.59 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय दो फीसदी बढ़कर 19,446.49 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 19,058.29 करोड़ रुपये




थी उल्लेखनीय है कि तेजी से बढ़ते उपभोक्ता से लेकर होटल और सिगरेट तक का कारोबार करने वाली कंपनी आईटीसी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए 7.50 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। इस तरह 29 जनवरी, 2024 को घोषित 6.25 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश के साथ वित्त वर्ष के लिए कुल लाभांश 13.75 रुपये प्रति शेयर होगा।

## क्यूब हाईवे ने चौथी तिमाही के लिए प्रति यूनिट 3.94 लाभांश की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्यूब हाईवे फंड एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रबंधित क्यूब हाईवे ट्रस्ट ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए सामान्य यूनिटधारकों को 508 करोड़ रुपये के हिसाब से 3.94 रुपये प्रति यूनिट वितरण को मंजूरी दी है।एक बयान में कहा गया है कि प्रति यूनिट वितरण में ब्याज के रूप में 1.79 रुपये, लाभांश के रूप में 20 पैसे, एसपीवी ऋण के पुनर्भुगतान के रूप में 1.94 रुपये और ट्रेजरी आय के रूप में 1 पैसा शामिल है।बयान में कहा गया है, निवेश प्रबंधक के निदेशक मंडल ने सामान्य यूनिटधारकों को 3.94 रुपये प्रति यूनिट (डीपीयू) वितरण की घोषणा की है, जो कुल वितरण राशि 508



करोड़ रुपये है। ट्रस्ट ने कहा कि वित्त वर्ष 2014 के लिए घोषित 10.09 रुपये की वार्षिक डीपीयू में 7.10 रुपये प्रति यूनिट ब्याज, 99 पैसे लाभांश, 1.94 रुपये एसपीवी ऋण का पुनर्भुगतान और 6 पैसे ट्रेजरी आय शामिल है।क्यूब इनविट के सीईओ विनय सेकर ने कहा, %%हम सात और सड़क संपत्तियों का अधिग्रहण करने की योजना बना रहे हैं, जो अपेक्षित विनियामक और यूनिटधारक अनुमोदन के अधीन हैं, जिनमें से छह एनएचएआई के हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल पर आधारित हैं, जहां राजस्व यातायात पर निर्भर नहीं है और इसलिए उच्च योगदान देगा। राजस्व स्थिरता और पैदावार।÷ क्यूब हाईवेज़ ट्रस्ट एक बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट है और इसे विविध निवेशक आधार का समर्थन प्राप्त है।

## पेटीएम ने उपभोक्ताओं, व्यापारियों के लिए अपने मुख्य भुगतान समाधानों को बढ़ावा देने के लिए नया विज्ञापन अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली।** अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम का स्वामित्व रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने कंपनी के विश्वसनीय भुगतान उत्पादों और अनुभव को प्रदर्शित करके मौजूदा उपयोगकर्ता जुड़ाव को बढ़ाने के लिए एक नया विज्ञापन अभियान शुरू किया। यह अभियान यूपीआई मनी ट्रांसफर, स्कैन और पे, अग्रणी साउंडबॉक्स, पेटीएम यूपीआई लाइट वॉलेट, यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, रिचार्ज और भुगतान को बढ़ावा देता है। पेटीएम ऐप पर उपलब्ध अन्य भुगतान उपकरणों के साथ-साथ बिल भुगतान, रिकवरी के लिए पेटीएम के प्रमुख फोकस क्षेत्रों को दर्शाता है। ये वर्टिकल अब पेटीएम के पेमेंट जीएमवी का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे। उदाहरण के लिए, यूपीआई जो पहले पेटीएम के पेमेंट जीएमवी में 70 प्रतिशत का योगदान देता था, अब जीएमवी में 80 से 85 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। पेटीएम ने कहा, जैसा कि हम वित्त वर्ष 2015 में मजबूत विकास के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं, हम अधिक भारतीयों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में लाने और यूपीआई, भुगतान क्यूआर कोड और साउंडबॉक्स जैसे भुगतान बुनियादी ढांचे को इस देश के हर कोने में फैलाने के लिए पहले से कहीं अधिक प्रतिबद्ध हैं। प्रवक्ता ने कहा. इसमें कहा गया है, हमारा विज्ञापन अभियान हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है- हर बार जब भारत अपने भविष्य की योजना बनाएगा, हम उसके केंद्र में होंगे और जैसे-जैसे आप जीवन में आगे बढ़ेंगे, पेटीएम हमेशा आपके साथ रहेगा।

# सर्राफा बाजार में सोना स्थिर, चांदी में तेजी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 74,500 रुपये से लेकर 74,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 68,290 रुपये से लेकर 68,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बना हुआ है। हालांकि चांदी आज एक बार फिर तेजी दिखा कर 96 हजार के स्तर के करीब पहुंच गया है। चांदी में तेजी आने की वजह से आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 95,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर



पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना भी बुधवार के भाव यानी 68,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी का किया एलान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए वार्षिक वेतन वृद्धि का एलान किया। साथ ही कंपनी और व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रदर्शन बोनस भुगतान की भी घोषणा की।कंपनी के सीएचआरओ रवींद्र कुमार ने कहा कि कंपनी पांच साल की परिवर्तन योजना के तहत



स्वयं को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया में है। साथ ही कर्मचारियों के बीच प्रदर्शन, संचालन और योग्यता आधारित प्रयासों के तहत प्रतिभा प्रोत्साहन के तहत प्रतिस्पर्धी वेतन वृद्धि प्रदान कर रही है। दो साल पहले टाटा समूह द्वारा घाटे में चल रही विमानन प्रक्रिया का अधिग्रहण करने के बाद यह पहली मूल्यांकन प्रक्रिया (अपरेजल प्रोसेस) है। एयर इंडिया में लगभग 18,000 कर्मचारी हैं। एयरलाइन ने ग्राउंड स्टाफ, केबिन क्रू और पायलटों सहित 31 दिसंबर, 2023 से पहले शामिल हुए सभी कर्मचारियों के लिए वार्षिक मूल्यांकन शुरू किया है। मूल्यांकन नए प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली पर आधारित हैं।

# शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर रिकॉर्डतोड़ तेजी का गवाह बना। आज के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचने के साथ ही ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 1,341 अंक से अधिक और निफ्टी निचले स्तर से 415 अंक से अधिक उछलने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.61 प्रतिशत और निफ्टी 1.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल और मेटल इंडेक्स के अलावा सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। निफ्टी का पीएसयू बैंक इंडेक्स 1.05 प्रतिशत उछल कर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी के फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स भी मजबूती के साथ कारोबार करते रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई रिकॉर्डतोड़ तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन



आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 420.09 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 415.94 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.15 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,945 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,822 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,010 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 113 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,247 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,043 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,204 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 26 शेयर बढ़त के साथ और 4 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 44 शेयर हरे निशान में और 6 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 32.47 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,253.53 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक 62.71 अंक की कमजोरी के साथ 74,158.35 अंक तक गिर गया, लेकिन इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से तेजडियों का कब्जा हो गया। इसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आई गई। आज दिनभर खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 1,341.56 अंक उछल कर 1,278.85 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 75,499.91 अंक तक पहुंच गया। हालांकि अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई बिकवाली के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से करीब 80 अंक फिसल कर 1,196.98 अंक की बढ़त के साथ 75,418.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 16.30 अंक की तेजी के साथ 22,614.10 के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक भी 20.35 अंक की कमजोरी के साथ 22,577.45 अंक के स्तर तक गिर गया लेकिन इसके बाद बाजार में चौतरफा खरीदारी होने लगी। इसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 416.15 अंक उछल कर 395.80 अंक की बढ़त के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 22,993.60 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 369.85 अंक की मजबूती के साथ 22,967.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर की खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइज 7.84 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 4.73 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 3.22 प्रतिशत, लार्सन एंड टूब्रो 3.60 प्रतिशत और एक्सिस बैंक 3.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 3.80 प्रतिशत, सन फार्मास्यूटिकल्स 2.87 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.13 प्रतिशत, कोल इंडिया 0.88 प्रतिशत और एनटीपीसी 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन , सैंकड़ों लोगों के मरने की आशंका

एजेंसी

**पोर्ट मोरेस्बी।** प्रशांत महासागरीय देश पापुआ न्यू गिनी में एंगा प्रांत के एक गांव में भूस्खलन से करीब 100 लोगों के मरने की आशंका है। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पोर्ट मोरेस्बी से 600 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में काओकलाम गांव में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 03:00 बजे भूस्खलन हुआ।रिपोर्ट में पोरगेरा वूमेन इन बिजनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष एलिजाबेथ लारुमा के हवाले से कहा गया कि भूस्खलन से पूरा गांव मलबे में दब गया है। हादसे के दौरान लोग अपने घरों में सो रहे थे। उन्होंने कहा, मेरे अनुमान से करीब 100 से अधिक लोग जमीन के नीचे दबे हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने हालांकि अभी इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है।



# गाजा में अधिकतर इजरायली बंधक मर चुके हैं , ट्रम्प ने किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि गाजा में अधिकतर इजरायली बंधक मर चुके हैं।श्री ट्रम्प ने न्यूयॉर्क शहर में चुनाव अभियान रैली में कहा, ऐसे बहुत से बंधक जिनका आप या हर कोई इंतजार कर रहे हैं , उनमें कई मर चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि हमास के वार्ताकार इजरायल के साथ बंधक समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार नहीं हं क्योंकि उनके अधिकांश बंधक मर चुके हैं। इससे पहले सोमवार को श्री ट्रम्प के तीन राजनयिकों ने गाजा संघर्ष पर नवीनतम जानकारी के लिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की थी।



# अमेरिका नीत बल का यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर हवाई हमला

**सना।** अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल के लड़ाकू विमानों ने गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर दो हवाई हमले किये। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। गठबंधन बल ने कथित हवाई हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन कहा कि उसने हूती समूह के नियंत्रण वाले क्षेत्र में चार हूती ड्रोन को नष्ट कर दिया था। स्थानीय निवासियों ने कहा कि उन्होंने हवाई अड्डे पर तेज विस्फोटों की आवाज सुनी है। होदेइदाह का हवाई अड्डा 2014 के अंत से बंद है, जब हूती समूह ने होदेइदाह सहित कई उत्तरी शहरों पर कब्जा कर लिया था। गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए, हूती समूह ने पिछले साल नवंबर में लाल सागर से गुजरने वाले इजरायल से संबंद्ध जहाजों को निशाना बनाते हुए जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों को लॉन्च करना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में जल क्षेत्र में तैनात अमेरिकी-ब्रिटिश नौसैनिक गठबंधन बल ने जनवरी से यमन में हूती के ठिकानों पर हवाई हमले और मिसाइल हमले करते रहा है।



# यूक्रेन के खार्किव में मिसाइल हमलों में 7 की मौत, 21 घायल

**कीव ।** रूसी सेना ने यूक्रेन के खार्किव में मिसाइल हमले किए। इन हमलों में सात लोग मारे गए और 21 अन्य घायल हो गए। खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ओलेग सिनेगुबोव ने कहा, रूसी सेना ने लगभग 15 मिसाइलें दागीं। समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि मारे गए सभी लोग एक प्रिंटिंग हाउस के कर्मचारी थे। मिसाइल हमले के समय इमारत के अंदर लगभग 50 लोग काम कर रहे थे। रूस के नये हमले शुरू करने से इस महीने खार्किव क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है।



# पाकिस्तान में 10 अरब डॉलर का निवेश करेगा संयुक्त अरब अमीरात

एजेंसी

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान में 10 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और पाकिस्तानी प्रधान मंत्री मुहम्मद शाहबाज शरीफ के बीच अबू धाबी में गुरुवार को गोलमेज सम्मेलन 'इनोवेट टुगेदर- यूएई-पाकिस्तान टेक कोलैबोरेशन' के बाद जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। बैठक में दोनों नेताओं ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जतायी।

इस मौके पर श्री शरीफ ने द्विपक्षीय सहयोग और संयुक्त उद्यमों की स्थापना के जरिए पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से बदलने के लिए अपनी सरकार का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए कृषि, खनन और उद्योग सहित



पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की कुल आबादी का 60 फीसदी युवाओं की है और उन्हें सशक्त बनाने के लिए आईटी कौशल का विकास आवश्यक है। उन्होंने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए यूएई और पाकिस्तानी कंपनियों के बीच सहयोग की सराहना की।

# बिडेन का अभियान ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ाने के लिए एक मेम मैनेजर को नियुक्त कर रहा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बिडेन और उनकी डिप्टी कमला हैरिस की टीम अपने अभियान में शामिल होने के लिए एक 'कंटेंट और मेम पेज पार्टनर मैनेजर' की तलाश में है। टीम अभियान की ऑनलाइन उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए मीम बनाने में कुशल किसी व्यक्ति की तलाश कर रही है। भूमिका के लिए एक पोस्टिंग के अनुसार, आदर्श उम्मीदवार को इंटरनेट पर मतदाताओं तक राजनीतिक सामग्री पहुंचाने का गहरा जुनून होना चाहिए। उन्हें 'राजनीति में गहरी रुचि होनी चाहिए और तेज़ गति वाले माहौल में आगे बढ़ना चाहिए।' चयनित उम्मीदवार को राष्ट्रपति बिडेन के गृहनगर 'विलमिंगटन, डेलावेयर क्षेत्र' में स्थानांतरित होने का इच्छुक भी होना चाहिए। नोटिस के अनुसार, मेम मास्टर की भूमिका प्रमुख जिम्मेदारियों के साथ आती है जैसे शीर्ष इंटरनेट प्रभावशाली लोगों के साथ संबंध बनाना, आकर्षक सामग्री बनाना और नए और



रचनात्मक विचार उत्पन्न करना।उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि उनके पास दो से चार साल का प्रासंगिक अनुभव और सामग्री विचार और रणनीति विकास में असाधारण रचनात्मकता हो और यह अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप होना चाहिए। नोटिस के अनुसार, उनके पास संगठित रहने की क्षमता भी होनी चाहिए। विज्ञापन यह भी अपेक्षा करता है कि उम्मीदवार सगाई के अवसरों की पहचान करने और उन्हें सुरक्षित करने और उन्हें प्रबंधित करने के लिए ÷बाहरी भागीदारों के साथ स्वतंत्र रूप से काम करें।उन्हें नवीन विचारों को बढ़ावा देने के लिए आंतरिक टीमों और क्रॉस-फंक्शनल भागीदारों के साथ सहयोग करना भी आवश्यक है। इसके अलावा, उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने सीओवीआईडी ??-19 टीकाकरण के साथ अद्यतित रहें, जब तक कि उनके पास ऐसा न करने का कोई वैध कारण न हो। बिडेन-हैरिस अभियान पारंपरिक और ऑनलाइन प्रचार दोनों में बहुत प्रयास कर रहा है। अमेरिका में प्रतिबंधित होने की संभावना के बावजूद वे इंस्टाग्राम, एक्स और टिकटॉक जैसे सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हैं।

# वियतनाम में इमारत में आग लगने से 14 लोगों की मौत

एजेंसी

**हनोई।** वियतनाम की राजधानी हनोई में शुक्रवार तड़के एक इमारत में आग लगने से कम से कम 14 लागों की मौत हो गयी और अन्य तीन घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इमारत एक संकरी गली में लगभग दो मीटर चौड़ी और ट्रुंग किन्ह स्ट्रीट से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है, जहां अग्निशमन कर्मियों का वाहन के साथ पहुंचना बहुत ही कठिन है। वियतनाम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार किराये मे दी गयी इस बहुमंजिला इमारत में प्रत्येक मंजिल पर दो कमरे हैं और पहली मंजिल का उपयोग इलेक्ट्रिक साइकिल की बिक्री और मरम्मत के लिए किया जाता है।एजेंसी ने कहा कि शुरुआत में आग लगने का मुख्य कारण इलेक्ट्रिक साइकिल में शॉर्ट सर्किट बताया गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



# स्पेन के मैलोर्का द्वीप पर इमारत ढही, चार लोगों की मौत

एजेंसी

**मैड्रिड।** स्पेन के मैलोर्का द्वीप में पाल्मा शहर में एक इमारत ढहने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी और 21 लोग घायल हो गये। बेलिएरिक द्वीप समूह की बचाव सेवा टीम के मुताबिक प्लाया डे पाल्मा में कार्टागो स्ट्रीट



पर एक इमारत के ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि 21 अन्य घायल हुए हैं।उन्होंने बताया कि दो मंजिली इमारत की छत पर स्थित एक बार की छत गिरने के कारण यह घटना हुई। कुछ लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं तथा मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

# अशांति की घटना के बाद सिंगापुर एयरलाइंस ने सीटबेल्ट साइन नीति में बदलाव किया

एजेंसी

**गाजा।** एयरलाइन और उड़ान डेटा के अनुसार, इस सप्ताह अशांति की घटना के बाद सिंगापुर एयरलाइंस ने अपनी उड़ान सीटबेल्ट साइन नीतियों में बदलाव किया है और कम से कम एक उड़ान मार्ग बदल दिया है, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और दर्जनों लोग अस्पताल में भर्ती हो गए।

सिंगापुर ब्रॉडकास्टर चैनल न्यूज एशिया को एक बयान में कहा गया है कि एयरलाइन अशांति के प्रति अधिक सतर्क रुख अपना रही है, जिसमें सीट बेल्ट साइन होने पर गर्म पेय या भोजन नहीं परोसना शामिल है।

इसमें कहा गया, एसआईए हमारी प्रक्रियाओं की समीक्षा करना जारी रखेगी, क्योंकि हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। एयरलाइन ने टिप्पणी के लिए रॉयटर्स के अनुरोध का जवाब नहीं दिया।

बोइंग 777-300ER विमान की SQ321 लंदन-सिंगापुर उड़ान 211 यात्रियों और 18 चालक दल को ले जा रही थी, जिसे आपातकालीन लैंडिंग के लिए बैंकॉक की ओर मोड़ दिया गया, क्योंकि विमान में अशांति फैल



गई थी, जिससे यात्री और चालक दल केबिन के चारों ओर उड़ गए, और कुछ छत से टकरा गए। लंदन से सिंगापुर के लिए दैनिक मार्ग SQ321 ने घटना के बाद से दो उड़ानें पूरी कर ली हैं और म्यांमार के उस हिस्से में उड़ान नहीं भरी है जहां निर्धारित लैंडिंग से लगभग 3 घंटे पहले अचानक अशांति हुई थी। ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि उड़ान का समय लगभग समान है।फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडार 24 के रूट डेटा से पता चलता है कि उन्होंने बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के ऊपर से उड़ान भरी। सिंगापुर एयरलाइंस ने कहा है कि विमान में मंगलवार को अचानक अत्यधिक अशांति आ गई। 73 वर्षीय एक ब्रिटिश यात्री की संदिग्ध दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

विमान के अंदर की तस्वीरों में ओवरहेड केबिन पैनल, ऑक्सीजन मास्क और छत से लटके पैनल और आसपास सामान बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। एक यात्री ने कहा कि कुछ लोगों के सिर सीटों के ऊपर लगी लाइटों से टकरा गए और पैनल टूट गए। रात तक, 46 यात्रियों और चालक दल के दो सदस्यों को बैंकॉक में अस्पताल में भर्ती कराया गया था; एयरलाइन ने कहा कि 19 अन्य अभी भी बैंकॉक में हैं।

बैंकॉक के समितिवेज़ श्रीनाकारिन अस्पताल के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि 46 में से 20 लोग गहन देखभाल में हैं, उन्होंने कहा कि घायलों को रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क और खोपड़ी की चोटों का मिश्रण था।

सिंगापुर एयरलाइंस, जिसे व्यापक रूप से दुनिया की अग्रणी एयरलाइनों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है और अधिकांश उद्योग के लिए एक बेंचमार्क के रूप में देखा जाता है, में हाल के वर्षों में कोई बड़ी घटना नहीं हुई है।

# आम चुनाव के कारण भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए टलने की आशंका

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा चार जुलाई को देश में आम चुनाव कराए जाने की अचानक घोषणा किए जाने के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) टलने की आशंका है। ब्रिटेन में आम चुनाव से ठीक एक महीने पहले चार जून को भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे।

हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों और रणनीतिक विशेषज्ञों ने भरोसा जताया है कि परिणाम भले ही कुछ भी हो, द्विपक्षीय संबंधों में खास बदलाव नहीं होगा लेकिन जो एफटीए समझौता सुनक के नेतृत्व वाली 'कंजर्वेटिव पार्टी' की सरकार में होने की उम्मीद थी, उसके अब आम चुनाव की घोषणा के कारण टलने की आशंका है। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए को लेकर बातचीत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी और इसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को



बढ़ाना है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच एक साल में करीब 38.1 अरब पाउंड का व्यापार होता है।

चुनाव पूर्व के अधिकतर सर्वेक्षणों में विपक्षी दल 'लेबर पार्टी' आगे दिख रही है। हालांकि 'लेबर पार्टी' ने भी इस समझौते को अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई है लेकिन इसकी समय सीमा को लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता। लंदन के थिंक टैंक 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज' (आईआईएसएस) में दक्षिण और मध्य एशियाई रक्षा, रणनीति और कूटनीति संबंधी मामलों के वरिष्ठ 'फेलो' राहुल रॉय चौधरी ने कहा, ''ऋषि सुनक ने चार जुलाई को चुनाव कराने की घोषणा करके सभी को हैरान कर दिया। इसके कारण कंजर्वेटिव सरकार द्वारा भारत के साथ बहुप्रतीक्षित एफटीए को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना खत्म हो गई है।'' ब्रिटेन के थिंक टैंक 'चैथम हाउस' में दक्षिण एशिया, एशिया-प्रशांत कार्यक्रम के वरिष्ठ शोध 'फेलो' डॉ. सी बाजपेयी ने कहा, ''ब्रिटेन में चुनाव के नतीजे कुछ भी हों, उसके भारत के साथ संबंधों में निरंतरता होनी चाहिए।

## रेस्तरां की इमारत ढही, चार लोगों की मौतू

**मैड्रिड।** स्पेन के मैलोर्का द्वीप पर एक रेस्तरां की इमारत ढह गई। इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बेलिएरिक द्वीप समूह की बचाव सेवा टीम ने बताया, प्लाया डे पाल्मा में



कार्टागो स्ट्रीट पर एक रेस्तरां की इमारत ढहने से 21 लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, रेस्तरां की इमारत रात करीब 8:30 बजे ढह गई। पीड़ितों में पर्यटक भी शामिल हैं। हालांकि, अभी उनकी पहचान नहीं हो पाई है।

# विस्तारित कोष सुविधा के लिए पाकिस्तान के साथ बातचीत में 'महत्वपूर्ण प्रगति' : आईएमएफ

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** आईएमएफ ने कहा कि नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के अधिकारियों के साथ देश के वास्ते विस्तारित कोष सुविधा के लिए कर्मचारी स्तर के समझौते पर पहुंचने को लेकर बातचीत में ''महत्वपूर्ण प्रगति'' हासिल हुई है। पाकिस्तान ने विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत छह से आठ अरब अमेरिकी डॉलर के बीच एक नया पैकेज देने के लिए औपचारिक अनुरोध किया है। यदि इसकी मंजूरी मिल गई तो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की देश को यह 24वीं मदद होगी। पाकिस्तान में आईएमएफ के मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर के नेतृत्व में आईएमएफ के एक दल ने घरेलू आर्थिक कार्यक्रम के लिए देश की योजनाओं पर चर्चा करने के वास्ते 13 मई से 23 मई के बीच इस्लामाबाद की यात्रा की। इसे आईएमएफ की विस्तारित कोष सुविधा के तहत समर्थन दिया जा सकता है। पाकिस्तान के अनुरोध पर यह आईएमएफ अधिकारियों ने यह यात्रा की।

वैश्विक ऋणदाता ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सुधारों को प्राथमिकता देना बातचीत के तहत नए ऋण पैकेज के आकार से अधिक महत्वपूर्ण है। पोर्टर ने एक बयान में कहा, मिशन और अधिकारी आने वाले दिनों में ऑनलाइन नीतिगत चर्चा जारी रखेंगे, जिसका मकसद




चर्चा को अंतिम रूप देना है। इसमें आईएमएफ और पाकिस्तान के द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय साझेदारों से अधिकारियों के सुधार प्रयासों को समर्थन देने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता भी शामिल है।

# चीन के अभ्यास के दूसरे दिन ताइवान ने अपने तट के पास दर्जनों युद्धक विमान और नौसैन्य जहाज देखे

एजेंसी

**ताइपे।** ताइवान ने कहा कि उसके तट के पास चीन की सेना के व्यापक अभ्यास के दूसरे दिन शुक्रवार को दर्जनों चीनी युद्धक विमान और नौसैन्य पोत देखे गए। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का कहना है कि उसका यह अभ्यास ताइवान के नए राष्ट्रपति के उद्घाटन भाषण के जवाब में है। चीन ने मीडिया को व्यापक फुटेज जारी किए हैं जिनमें ताइवान को 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के बलों से घिरा दिखाया गया है। शुक्रवार को एक नए वीडियो में 'एनिमेटेड' चीनी सेनाओं को हर तरफ से आते हुए और ताइवान को घिरा दिखाया गया है। ताइवान की आबादी 2.3 करोड़ है और इस घटनाक्रम के बावजूद यहां के लोगों में इसे लेकर कोई खास चिंता नहीं दिखाई दे रही। ताइवान की संसद में शुक्रवार को अभियानगत उपायों को लेकर राजनीतिक दलों के बीच काफी विवाद हुआ वहीं ताइपे में कारोबार सामान्य रूप से जारी रहा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसे 49 युद्धक विमान और 19 नौसैन्य पोत के साथ-साथ चीनी तट रक्षक



जहाजों के होने का भी पता चला है और बृहस्पतिवार से शुक्रवार तक 24 घंटे की अवधि में 35 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में उड़ान भरी। यह दोनों पक्षों के बीच की वास्तविक सीमा है। समुद्री और तट रक्षक पोतों, हवाई और जमीन-आधारित मिसाइल इकाइयों को खासतौर पर ताइवान नियंत्रित किनमेन और मात्सु द्वीप श्रृंखलाओं के आसपास अलर्ट पर रखा गया है।

ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने बृहस्पतिवार को राजधानी ताइपे के दक्षिण में ताओयुआन में एक नौसैन्य अड्डे का दौरा किया और नाविकों तथा शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा, ''हम बाहरी चुनौतियों और खतरों का सामना कर रहे हैं। हम स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों को बनाए रखेंगे।'' इससे पहले लाई ने सोमवार को अपने उद्घाटन भाषण में कहा था कि ताइवान ''एक स्वतंत्र संप्रभु राष्ट्र है जिसमें संप्रभुता लोगों के हाथों में है।'' उन्होंने साथ ही बीजिंग से अपनी सैन्य धमकी को रोकने को कहा था। वहीं चीन की सेना ने कहा कि ताइवान के आसपास उसका दो दिवसीय अभ्यास स्वतंत्रता चाहने वाली अलगाववादी ताकतों के लिए सजा के समान है। चीन में ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने बृहस्पतिवार रात एक बयान में कहा, ''ताइवान के नेता ने पदभार संभालते ही एक-चीन सिद्धांत को चुनौती दी और खुलेआम द्वि-राष्ट्र सिद्धांत पर बात की।'' 'एक-चीन सिद्धांत' के अनुसार चीन केवल एक है और कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत ताइवान भी चीन का ही हिस्सा है। चीन का मानना है कि ताइवान को मुख्य भूमि के साथ जोड़ा जाना चाहिए भले ही इसके लिए बल प्रयोग करना पड़े।

# गाजा में इजरायली सेना ने 24 लोगों की हत्या की

एजेंसी

**गाजा।** इजरायली सेना ने उत्तरी और मध्य गाजा में दो घरों को निशाना बनाया, जिसमें रात भर में कम से कम 24 लोग मारे गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी।फिलिस्तीनी



आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने कहा कि बुधवार रात गाजा शहर के केंद्र में एक घर पर इजरायली सेना की गोलाबारी के बाद 10 बच्चों सहित कुल 16 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, सुबह में सैन्य बलों ने मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शरणार्थी शिविर के एक घर को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम आठ लोग मारे गए। इजरायल रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए इसकी गतिविधियां पूरे गाजा पट्टी में जारी रहेंगी।

# स्रेब्रेनिका नरसंहार की याद में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव से भारत ने बनाई दूरी

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** यूगोस्लाविया के विघटन के बाद हुए गृह युद्ध के दौरान 1995 में स्रेब्रेनिका में बड़े पैमाने पर नरसंहार हुआ था। अब इस नरसंहार की याद में एनुअल डे मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव लाया गया। लेकिन भारत ने इस प्रस्ताव से अलग रहने का फैसला किया।

जर्मनी और रवांडा द्वारा लाये गए प्रस्ताव पर गुरुवार को 193 सदस्यीय महासभा में केवल 84 वोट पड़े। इससे विभिन्न देशों में मतभेद खुलकर सामने आ गए, क्योंकि ऐसे प्रस्ताव सर्वसम्मति से अपनाए जाते हैं।

उन्नीस देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि 68 देश अनुपस्थित रहे और 22 ने बिलकुल अलग रहने का फैसला किया। भारत क्यों इस प्रस्ताव से दूर रहा, इसका कोई कारण नहीं बताया गया है।

प्रस्ताव पारित होने के बाद, संयुक्त राष्ट्र हर साल 11 जुलाई कोस्रेब्रेनिका में 1995 के नरसंहार का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाएगा। 1995 में बोस्निआ में 8000 मुसलमानों की हत्या हुई थी। गृहयुद्ध से जूझ रहे बोस्निया में आजादी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को देखते ही गोली मार दी गई थी। संयुक्त राष्ट्र में जर्मनी के स्थायी



प्रतिनिधि एंटजे लेन्डर्टसे ने कहा कि उनका देश जर्मन नाज़ी द्वारा किए गए नरसंहार को दोबारा होने से रोकने के लिए प्रस्ताव को प्रायोजित कर रहा था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाज़ियों ने 60 लाख यहूदियों को मार डाला था। लेन्डर्टसे ने कहा कि यह बोस्निया में स्रेब्रेनिका नरसंहार के पीड़ितों की याद का सम्मान करने के लिए था और यह सर्बों के खिलाफ नहीं था, बल्कि केवल उन लोगों के खिलाफ था जिन्होंने हत्याएं कीं।

पड़ोसी देश सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने जर्मनी के इतिहास को देखते हुए इस तरह का प्रस्ताव पेश करने के रुख पर सवाल उठाया और कहा कि इसे राजनीतिक कारणों से और सर्बियाई लोगों को कलंकित करने के लिए पेश किया गया था। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने नरसंहार को अंजाम दिया, उन पर पहले ही मुकदमा चलाया जा चुका है, दोषी ठहराया गया है और जेल की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव एकतरफा है।

इस प्रस्ताव को पश्चिम और रूस के बीच टकराव के नजरिये से भी देखा जा रहा है, क्योंकि सर्बिया मास्को का सहयोगी देश है। अधिकांश मुस्लिम देशों ने प्रस्ताव पर पश्चिमी देशों के साथ मतदान किया, उन्होंने गाजा में हो रही हत्या का भी मुद्दा उठाया।

## थ्रो बॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए वीर भूमि के 19 छात्र-छात्राएं चयनित

एजेंसी

**महोबा।** वीर भूमि राजकीय महाविद्यालय में दो दिन पूर्व आयोजित प्रदेश स्तरीय थ्रो बाल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के 11 बालक और आठ बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। यह प्रतियोगिता 28 मई को पंजाब के पटियाला में आयोजित की जाएगी। जनपद मुख्यालय स्थित वीर भूमि राजकीय महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि 29वीं राष्ट्रीय सब जूनियर थ्रो बाल प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब के पटियाला शहर में 28 से 30 मई को होना है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जनपद के कुलपहाड़ कस्बा स्थित आरबीपीएस स्कूल के छात्र दीपराज ,आदित्य राजपूत, अथर्व निरंजन, सिद्धांत शक्ति, औनिक अग्रवाल, रेहान खान, हसन खान व फरहान खान व शरद गुप्ता को माधव इंटरनेशनल स्कूल के छात्र यह यशांसमणि व दिव्य दीप को बालक वर्ग की प्रादेशिक टीम में चयनित किया गया है। तो वहीं बालिका वर्ग में आरबीपीएस स्कूल की छात्राएं दिशा द्विवेदी, नंदिनी तिवारी, अंशिका पटेल, अक्षरा सोनी, खुशी गुप्ता ,अनुष्का नामदेव और कृतिका अग्रवाल को और माधव इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा राजनंदिनी को प्रदेश टीम में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 मई तक पंजाब के पटियाला में होगा।

## बांग्लादेश अमेरिका के खिलाफ दूसरा टी20 मैच क्यों हार गया : कप्तान नजमुल हुसैन

**ह्यूस्टन।** प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स में दूसरे टी20 मैच में अमेरिका के खिलाफ अपनी टीम की 6 रन से हार के बाद, बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने कहा कि उन्होंने हार मान ली है क्योंकि मेहमान टीम ने बीच के ओवरों में विकेट खो दिए। दूसरा टी20आई मैच यॉर्कर उत्सव बन गया, जिसमें हर जगह बेल्स उड़ रही थीं और हर एक विकेट के गिरने पर यूएसए के खिलाड़ी खुशी और जश्न मना रहे थे। अमेरिका के प्रेरित प्रदर्शन ने उन्हें तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी।

मैच के बाद बोलते हुए, नजमुल ने कहा कि दूसरे टी20 मैच में हार झेलना उनके लिए 'निराशाजनक' था। बांग्लादेश के कप्तान ने स्वीकार किया कि उन्होंने मैच में अच्छा नहीं खेला लेकिन वे आगामी मैच में वापसी की योजना बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें अपने भविष्य के मैचों के लिए अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है।'हमारे लिए बहुत निराशाजनक है। हमने बीच के ओवरों में विकेट खो दिए, यही कारण था कि हम हार गए। हम अच्छा नहीं खेल पाए, लेकिन हमारे पास अगले मैच में अच्छी योजना के साथ उतरने का मौका है। हमें अपना बदलाव करना चाहिए। मानसिकता, यह हमारे कौशल के बारे में नहीं है, नजमुल हुसैन ने कहा।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया चेन्नई में 'क्रिकेट की गर्मी' का जश्न मनाएगा

**चेन्नई।** पुरुषों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा शुरू होने में छह महीने से भी कम समय बचा है, ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंध केंद्र (सीएआईआर) और चेन्नई में ऑस्ट्रेलियाई महावाणिज्य दूतावास, ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए), 25 मई को चेन्नई में एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी करेगा।इस कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों देशों के लंबे समय से चल रहे क्रिकेट संबंधों का जश्न मनाना है, और यह नवंबर में जब दोनों टीमें मैदान में उतरेंगी तो श्रृंखला को लाइव देखने का अवसर भी उजागर करेगी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान और सीएआईआर सलाहकार बोर्ड के निदेशक एडम गिलक्रिस्ट ने कहा, ÷हमें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ समर ऑफ क्रिकेट कार्यक्रम तैयार करने में खुशी हुई है, जो समुदाय, व्यापार, मनोरंजन और पर्यटन में क्रिकेट को हमारे दोनों देशों के लिए एक बाध्यकारी शक्ति बनने में मदद करेगा।÷ . हम उम्मीद कर सकते हैं कि इस गर्मी में कई ऐसे पल होंगे जिन्हें आप भूल नहीं पाएंगे। भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त, फिलिप ग्रीन ने कहा, ÷बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला इस ग्रीष्मकालीन क्रिकेट कैलेंडर का मुख्य आकर्षण होने का वादा करती है। इसीलिए मैं भारतीय बिजनेस लीडर्स को बड़े खेलों के लिए ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने, ऑस्ट्रेलियाई कॉरपोरेट्स के साथ नए संबंध विकसित करने और ऑस्ट्रेलिया की सभी पेशकशों का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा हूं। इस कार्यक्रम में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर और प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के शामिल होने की उम्मीद है।

## नीदरलैंड ने टी-20 विश्वकप टीम में किए दो बदलाव

**एम्स्टर्डम।** फेड क्लासेन और डैनियल डोरम के चोटिल होने के कारण नीदरलैंड ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए दो नए खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार चोटिल खिलाड़ियों को टीम से बाहर किये जाने के बाद उनकी जगह रिजर्व काइल क्लेन और साकिब जुल्फिकार को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही काइल के भाई, रयान क्लेन को अब रिजर्व के खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।




## अमेरिका ने किया बड़ा उलटफेर, बांग्लादेश को लगातार दो बार हराकर जीती अपनी पहली टी-20 सीरीज

एजेंसी

**ह्यूस्टन।** अमेरिका ने बांग्लादेश को दूसरे टी-20 मैच में 6 रनों से हराकर अपनी पहली ऐतिहासिक टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती। प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में, मेजबान टीम ने जीत हासिल की और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। एक अच्छी सतह पर 144 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, बांग्लादेश के बल्लेबाजों को प्रवाह और लय के लिए संघर्ष करना पड़ा और अंततः अनुशासित गेंदबाजी के सामने उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। खेले गए इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

स्टीवन टेलर और कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक ने यूएसए को सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 44 रन जोड़े, हालांकि इसके बाद रिशाद हुसैन ने दो लगातार गेंदों पर टेलर और एंड्रीस गाउस को आउट कर बांग्लादेश को दोहरी सफलता दिलाई। टेलर ने 28 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की बदौलत 31 रन बनाए, जबकि गाउस



खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद मोनांक और आरोन जोंस ने टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। 104 के कुल स्कोर पर जोंस को मुस्तफिजुर रहमान ने आउट कर बांग्लादेश को तीसरी सफलता दिलाई। जोंस ने 34 गेंदों पर 35 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने 3 चौके और एक छक्का लगाया। कोरी एंडरसन कुछ खास नहीं कर सके और 11 रन बनाकर शोरिफुल इस्लाम का शिकार बने। 128 के स्कोर पर मोनांक पटेल इस्लाम का दूसरा शिकार बने। मोनांक ने 38 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्के की बदौलत 42 रन बनाए। पिछले मैच के हीरो रहे हरमीत सिंह (00) कुछ खास नहीं कर सके और 134 के कुल स्कोर पर मुस्तफिजुर ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद नितिश कुमार (नाबाद 07) और वेन शल्कविक ( नाबाद 07) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और यूसए की टीम को 20 ओवर में 6 विकेट पर 144 रन के कुल स्कोर तक पहुंचा दिया।

बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान और रिशाद हुसैन ने 2-2 विकेट लिये। 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में सौरभ नेत्रवाल्कर ने सौम्य सरकार (00) को पवेलियन भेज दिया। पांचवें ओवर में 30 के कुल स्कोर पर जेसी सिंह ने तंजीद हसन (19) को बोल्ड कर बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया।

यहां से नजमुल हुसैन शांतो (36), तौहीद हृदोय (25) और शाकिब अल हसन (30) ने मिलकर बांग्लादेश का स्कोर 100 के पार पहुंचाया, लेकिन इन तीनों के आउट होने के बाद बांग्लादेश की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गई और पूरी टीम 19.3 ओवर में 138 पर सिमट गई।

यूएसए के लिए अली खान ने 3, सौरभ नेत्रवाल्कर और शैडली वेन शल्कविक ने 2-2 व जसदीप सिंह (जेसी), और कोरी एंडरसन ने 1-1 विकेच लिया।

## जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच

एजेंसी

**जिनेवा।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को यहां डचमैन टालोन ग्रिक्सपुर को 7-5, 6-1 से हराकर जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने यह मुकाबला 77 मिनट में जीता।दुनिया के 27वें नंबर के ग्रिक्सपुर, 28-सदस्यीय जिनेवा टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त थे। यह टूर्नामेंट अगले सप्ताह से शुरु हो रहे फ्रेंच ओपन से पहले वार्म-अप के रूप में कार्य करता है।शुक्रवार को सेमीफाइनल में



जोकोविच का सामना चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से होगा, जिन्होंने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 6-3, 7-6(2) से हराया। गुरुवार के अन्य मैचों में, दूसरी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया, जबकि इटली के फ्लेवियो कोबोली ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर शेवचेनो को 6-4, 6-4 से हराया।

## फ्रेंच ओपन 2024, पुरुष एकल ड्रा: पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे राफेल नडाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चौदह बार के चैंपियन राफेल नडाल 2024 फ्रेंच ओपन के पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ने के लिए तैयार हैं। गुरुवार को टूर्नामेंट का ड्रा घोषित किया गया। यह दो साल पहले हुए उनके सेमीफाइनल का रीमैच होगा जब ज्वेरेव को टखने में चोट लग गई थी जिसके कारण उन्हें प्रतियोगिता से रिटायर होना पड़ा था।

नडाल कूल्हे की चोट के कारण पिछले साल के संस्करण में नहीं खेल पाए थे और संभव है कि क्ले कोर्ट में यह उनकी आखिरी उपस्थिति हो सकती है।गत चैंपियन नोवाक जोकोविच शुरुआती दौर में स्थानीय वाइल्डकार्ड पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट से भिड़ेंगे। नडाल और जोकोविच ड्रा के एक ही हाफ में हैं और सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त जननिक सिनर, यूएसए के क्रिस्टोफर यूबैंक्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।दो बार के मेजर चैंपियन, तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस




अल्कराज, पहले दौर में क्वालीफायर विजेता खिलाड़ी से भिड़ेंगे।

**ड्रा के अनुसार पहले दौर में बड़े खिलाड़ियों के मैच इस प्रकार हैं-**

राफेल नडाल बनाम अलेक्जेंडर ज्वेरेव
गेल मोनफिल्स बनाम थियागो सेबोथ वाइल्ड
जैकब मेन्सिक बनाम कैस्पर रूड
करेन खाचानोव बनाम सुमित नागल
होल्गर रूण बनाम डैनियल इवांस
उगो हम्बर्ट बनाम लोरेंजो सोनेगो
स्टेफानोस सितसिपास बनाम मार्टन फुस्कोविक्स
स्टेन वावरिंका बनाम एंडी मरे

जननिक सिनर बनाम क्रिस्टोफर यूबैंक्स।

## कोच इगोर स्टिमक ने कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम घोषित की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने गुरुवार को 6 जून को कुवैत के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 27 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

कुल 32 खिलाड़ी भुवनेश्वर में शिविर में प्रशिक्षण कर रहे थे, जिनमें से फुरबा लाचेनपा, पार्थिब गोगोई, इमरान खान, मुहम्मद हम्माद और जितिन एमएस को शिविर से रिलीज कर दिया गया। स्टिमक ने एआईएफएफ के हवाले से कहा, वे सभी बहुत पेशेवर और मेहनती थे। उनके बीच प्रतिस्पर्धा वास्तव में कड़ी है, खासकर जितिन और पार्थिब के पदों पर। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले मामूली चोटें लगी थीं और उन्हें 7-14 दिनों के आराम की जरूरत होगी। बाकी खिलाड़ी 29 मई तक भुवनेश्वर में ट्रेनिंग करते रहेंगे, जिसके बाद वे कोलकाता जाएंगे।

ग्रुप ए के अपने आखिरी दो मैचों में 11 जून को कतर से भिड़ने से पहले भारतीय टीम 6 जून को विवेकानन्द युबा भारती क्रिरंगन में कुवैत से भिड़ेगी। भारत वर्तमान में चार मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप



ए में दूसरे स्थान पर है।

समूह की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करेंगी और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में अपनी जगह पक्का करेंगी।

कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारत की 27 सदस्यीय टीम इस प्रकार है-

गोलकीपरः गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ।

डिफेंडरः अमेय रानावाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंद्र, निखिल पुजारी, राहुल भेके, सुभाशीष बोस।

मिडफील्डरः अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जेकसन सिंह थौनाओजम, लालियानजुआला चांगटे, लिस्टन कोलाको, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार सेकर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह वांगजम।

फॉरवर्डः डेविड लालह्लानसंगा, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

## संयुक्त राष्ट्र ने फीफा के प्रतिवर्ष विश्व फुटबॉल सप्ताह मनाने के प्रस्ताव को दिया समर्थन

एजेंसी

**जिनेवा।** फीफा ने घोषणा की कि प्रतिवर्ष विश्व फुटबॉल सप्ताह मनाने के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र का समर्थन प्राप्त है। विश्व फुटबॉल दिवस, जिसे बहरीन, लीबिया और ताजिकिस्तान द्वारा शुरू किया गया था और बाद में इस महीने की शुरुआत में महासभा में 170 देशों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया, वैश्विक स्तर पर इस तरह का समर्थन दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल की एकीकृत शक्ति और लोगों और देशों को एक साथ लाने की इसकी क्षमता का प्रमाण है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 25 मई




को वार्षिक विश्व फुटबॉल दिवस को फुटबॉल की वैश्विक पहुंच और वाणिज्य, शांति और कूटनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में इसके प्रभाव के रूप में स्वीकार किया और यह माना कि फुटबॉल सहयोग के लिए जगह बनाता है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो ने 21-25 मई तक विश्व फुटबॉल सप्ताह शुरू करने का आह्वान किया और उनके प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र और ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स ऑफ फुटबॉल ने समर्थन दिया। इन्फैनटिनो ने एक बयान में कहा, मुझे लगता है कि यह दुनिया को एकजुट करने की फुटबॉल की अद्वितीय शक्ति के बारे में सब कुछ कहता है... मैं केवल आपको, आप सभी को और संयुक्त राष्ट्र को भी इस ऐतिहासिक निर्णय पर बधाई देता हूं। फुटबॉल वास्तव में दुनिया को एकजुट करता है!!

## पूरी उम्मीद है कि धोनी अगले साल सीएसके के लिए उपलब्ध रहेंगे- काशी विश्वनाथन

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने कहा कि उन्हें पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से एक खिलाड़ी के रूप में आईपीएल 2025 में भाग लेने की 'बहुत, बहुत उम्मीद' है।धोनी, जिन्होंने सीएसके को रिकॉर्ड पांच इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाए, ने मौजूदा सीज़न की शुरुआत से पहले कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया और रुतुराज गायकवाड़ को ज़िम्मेदारियाँ सौंपी, जिन्होंने टीम को पांचवें स्थान पर पहुँचाया।अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह टूर्नामेंट में धोनी का आखिरी सीजन हो सकता है, लेकिन विश्वनाथन ने कहा कि अपने भविष्य पर अंतिम फैसला लेना पूरी तरह से पूर्व भारतीय कप्तान पर निर्भर है। मुझे नहीं पता। यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर केवल एमएस ही दे सकता है। हमारे लिए सवाल यह है कि हमने हमेशा एमएस द्वारा लिए गए फैसलों का सम्मान किया है। हमने इसे उन पर छोड़ दिया है, उन्होंने सीएसके के यूट्यूब चैनल पर एक सवाल पर कहा। लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि वह अगले साल सीएसके के लिए उपलब्ध होंगे। यह मेरा और प्रशंसकों का दृष्टिकोण और अपेक्षाएं हैं।

## पेरिस ओलंपिक से पहले जर्मनी में प्रशिक्षण लेंगी सिंधु, लक्ष्य सेन जाएंगे फ्रांस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए क्रमशः जर्मनी और फ्रांस में प्रशिक्षण लेंगे, खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने वित्तीय सहायता के लिए उनके संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रुकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ एक महीने से अधिक समय तक वहां प्रशिक्षण लेंगी।दूसरी ओर, लक्ष्य, जो पेरिस में पुरुष एकल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, ओलंपिक खेलों से पहले 8 से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द



हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में प्रशिक्षण लेंगे।मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है, एमओसी ने मंत्रालय की लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत उनके हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास लागत, स्थानीय परिवहन शुल्क, वीज़ा शुल्क, शटलकॉक खर्चों के वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है।एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला और तीरंदाज टीशा पुनिया के उपकरण खरीदने के समर्थन के प्रस्तावों और गोल्फर अदिति अशोक और तैराक आर्यन नेहरा के विभिन्न प्रतियोगिताओं में यात्रा के लिए सहायता के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। टॉप्स उनके हवाई किराए, आवास लागत, स्थानीय परिवहन लागत, आर्यन के उपकरण और अदिति के कैडी शुल्क का वित्तपोषण करेगा।एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई और महिलाओं की 4म400 रिले टीम को टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल करने और पहलवान निशा (68 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा) को कोर ग्रुप में पदोन्नत करने को भी मंजूरी दे दी।

एमओसी ने लॉस एंजिल्स और ब्रिस्बेन में क्रमशः 2028 और 2032 ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करते हुए टॉप्स डेवलपमेंट में गोल्फर कार्तिक सिंह को भी शामिल किया है।

## मकाबी तेल अवीव ने इजरायली बास्केटबॉल नियमित सीज़न में पहला स्थान हासिल किया

एजेंसी

**जेरूसलम।** इजरायली चैंपियन मकाबी तेल अवीव ने इजरायली प्रीमियर लीग में हापोएल तेल अवीव पर 88-82 से घरेलू जीत हासिल की। इसके साथ ही मकाबी ने लीग में 27 मैचों में अपनी 23वीं जीत दर्ज की, जिससे वह 8 टीमों की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। वहीं, हापोएल, अब 21-7 जीत-हार की रिकॉर्ड के साथ, दूसरे स्थान से प्लेऑफ़ में प्रवेश करेगा।

दक्षिणी तेल अवीव में मेनोराह मिवतचिम एरिना में 10,000 प्रशंसकों के सामने, हापोएल ने ब्रायन अंगोला के बेहतरीन खेल की बदौलत पहले क्वार्टर के अंत में 20-16 की बढ़त ले ली। इसके बाद टायलर एनिस के रिबाउंड और



पॉइंट्स की बदौलत हापोएल ने हाफटाइम तक 40-31 की बढ़त ले ली। हालांकि इसके बाद तीसरे क्वार्टर में रोमन सॉर्किन और लोरेंजो ब्राउन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मैकाबी को वापसी दिलाई और 58-54 की बढ़त हासिल कर ली। अंत में सॉर्किन और तामीर ब्लाट के अंकों की बदौलत मैकाबी ने 88-82 से जीत हासिल कर ली।

सॉर्किन 19 अंकों के साथ मैकाबी के शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि ब्राउन ने 18 अंक जोड़े। हापोएल के लिए जेलेन होर्ड ने सर्वाधिक 22 अंक बनाए।

## ड्रीम एफसी ने गुडविल को रौंदा, भारत यूनाइटेड वायुसेना पर भारी



**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग में यहां नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में ड्रीम एफसी ने गुडविल को 15 गोलों से रौंद कर लीग की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वहीं एक अन्य मैच में यंगस्टर एफसी ने दिल्ली यूनाइटेड को भूपिंदर और गौतम भाटिया के गोलों से 2-0 से हराया। सीनियर डिवीजन के सुपर सिक्स मुकाबलों में नेशनल यूनाइटेड ने हिंदुस्तान एफसी को 4-2 से और भारत यूनाइटेड ने वायुसेना को 3-1 से पराजित किया। शास्त्री और अजमल 3-3 से ड्रा खेले।

## नरेन की वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप टीम में वापसी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की टी20 विश्व कप टीम में नरेन की वापसी पर रसेल ने कहा, मैंने उनसे बात करने की कोशिश की मैंने उनसे बात करने की कोशिश की÷ नरेन की वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप टीम में वापसी पर रसेल वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल ने खुलासा किया है कि उन्होंने टीम के पूर्व साथी सुनील नरेन को अगले महीने कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापस आने के लिए मनाने की कोशिश की थी।

वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल ने खुलासा किया है कि उन्होंने कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए पूर्व टीम साथी सुनील नरेन को अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापस आने के लिए मनाने की कोशिश की थी।

नरेन कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मौजूदा सीज़न के दौरान बल्ले से असाधारण फॉर्म में हैं, उन्होंने तीन अर्द्धशतक और एक शतक सहित 482 रन बनाए और सीज़न में 16 विकेट भी हासिल किए। अपने सनसनीखेज आईपीएल सीज़न के बावजूद, नरेन अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास को रद्द करने के मूड में नहीं हैं। ÷हां, मैं निश्चित रूप से ऐसा सोचता हूं, मैं लगातार दो सप्ताह से टीम की घोषणा से पहले उनके दिमाग में यह बात जानने की कोशिश कर रहा था। रदरफोर्ड और मैंने उनसे बात करने की कोशिश की और कहा कि सिर्फ इस विश्व कप के



लिए, फिर आप संन्यास ले सकते हैं और जो चाहें कर सकते हैं करना चाहते हैं। हालाँकि वह गायब पहेली है, मुझे लगता है कि उसने अपना निर्णय ले लिया है और मैं भी उसके फैसले का सम्मान करता हूँ, एक बड़े आदमी के रूप में और एक अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में। मुझे लगता है कि अगर वह उस निर्णय को बदल सकता है तो पूरा वेस्ट इंडीज खुश होगा, रसेल ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया। उन्होंने नरेन की बल्लेबाजी फॉर्म की प्रशंसा की और सीजन में ऑलराउंडर को सलामी बल्लेबाज के रूप में बढ़ावा देने के लिए टीम मेंटर गौतम गंभीर को श्रेय दिया। ईमानदारी से कहूं तो मैं सुनील के लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि जब गौतम गंभीर वापस आए और उन्होंने कहा कि उन्हें बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए उनकी जरूरत है क्योंकि हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप के आधार पर, मुझे लगता है कि उन्हें 9वें या 10वें स्थान पर बल्लेबाजी करनी होगी, और वह वहां अंतिम छोर पर उनका कोई उपयोग नहीं है, वह एक सलामी बल्लेबाज के रूप में शीर्ष क्रम पर क्या कर सकते हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 25 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### कार पर कंटेनर पलटने के मामले में कंटेनर चालक पर केस दर्ज

**गन्नौर:** जीटी रोड पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के निकट कार पर कंटेनर पलटने के मामले में बड़ी थाना पुलिस न कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक जगमोहन सहगल की बेटे प्रतीक सहगल की शिकायत पर केस दर्ज किया है। शिकायत में पंजाबी बाग, दिल्ली के रहने वाले प्रतीक ने बताया कि उसके पिता जगमोहन सहगल, दिल्ली निवासी मोहनलाल व पानीपत के रामलाल के साथ कार में सवार होकर दिल्ली की तरफ आ रहे थे। जब वे बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास अपोलो इंटरनेशनल स्कूल के पास पहुंचे तो अचानक से एक तेज रफ्तार कंटेनर ओवरटेक करते समय सीधे उनकी कार पर पलट गया, जिससे उनके कार कैंटर के नीचे बुरी तरह से दब गई। इस हादसे में उसके पिता जगमोहन सहगल की मौत हो गई जबकि उनके साथी मोहनलाल व रामलाल घायल हो गए। पुलिस ने प्रतीक की शिकायत पर अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने जगमोहन सहगल के शव का पोस्टमार्टम करवा कर स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

### ससुराल वालों ने दामाद व उसकी मां के साथ की मारपीट

**गन्नौर।** दातौली गांव में ससुराल पक्ष के लोगों ने दामाद व उसकी मां के साथ मारपीट कर दी। घायल महिला ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में दातौली गांव की बीरो देवी ने बताया कि एक साल पहले उसके बेटे कुलदीप का विवाह राई गांव की शालू के साथ हुआ था। एक महीने पहले उनकी पुत्रवधु शालू की उसकी मां उसके जबरदस्ती अपने घर ले गई थी। वहां से लौटने के बाद शालू का व्यवहार उनके प्रति बदल गया। कहासुनी होने के बाद शालू ने अपने घर फोन करके अपने घर वालो को बुला लिया, जिन्होंने आते ही उसके व उसके बेटे कुलदीप के साथ मार पिटाई की और जाते समय जान से मारने की धमकी दी।

### दो-पहिया वाहन चालकों को कुचला, एक की मौत

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के मनौली-पबसरा सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने दो-पहिया वाहनों पर सवार दो युवकों को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया।

# गठबंधन वाले देश के खिलाफ साजिश रच रहे: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महराजगंज लोकसभा क्षेत्र की फरेंदा विधानसभा में जनसभा को किया संबोधित

**वोट की अपील**

▸▸ देश को सबसे ज्यादा क्षति कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने पहुंचायी है: सीएम योगी




**टीम एक्शन इंडिया**

**महराजगंज:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को सबसे ज्यादा क्षति कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने पहुंचायी है। इन्होंने सत्ता के लिए पहले देश का विभाजन किया, फिर देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया। ये कहते हैं कि हम संविधान बदलकर ओबीसी के आरक्षण में सेंधमारी कर मुसलमानों को दे देंगे। ये देश के खिलाफ गहरी साजिश रच रहे हैं, जिसे हम स्वीकार नहीं कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इसी के तहत पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस ने ओबीसी का सारा आरक्षण मुसलमान को दे दिया था। कोलकाता हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि देश में मुसलमान आरक्षण पाने के अधिकारी नहीं हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि संविधान के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और मंडल कमीशन के तहत ओबीसी जातियों को ही आरक्षण पाने का अधिकार है। यह आरक्षण धार्मिक आधार पर नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण देश के विभाजन की नींव डालने जैसा है। वर्ष 1947 में भारत का विभाजन हो चुका है, अब दूसरा विभाजन नहीं होने देंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महराजगंज लोकसभा क्षेत्र की फरेंदा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी पंकज चौधरी के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज अयोध्या में रामलला अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हैं। यह डबल इंजन की सरकार की वजह से साकार हो सका है। यह आपके वोट की ताकत से हुआ है। ऐसे में आपको अपने वोट की ताकत से हिंदू और सनातन विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देना है। वहीं सपा और कांग्रेस की सरकार में सारा पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री के लिए दिया जाता था। उस दौरान गांव में गरीब की जमीन पर चार लोग टोपी पहनकर पहुंचते थे।

### महराजगंज विकास के नये आयाम गढ़ रहा: सीएम

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज महराजगंज विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। इसी के तहत आनंदनगर से सिसवा तक पूरी रेल लाइन की स्वीकृत हो चुकी है। जल्द ही कार्य प्रारंभ होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले महाराजगंज की सड़कें सबसे खराब मानी जाती थीं जबकि आज हाइवे और चकाचक सड़कें देखने को मिलती है। यह आपके सही जगह दिये वोट से संभव हो पाया है। यहां मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो गया है। महाराजगंज और गोरखपुर में एम्स बन गया है। यहां फर्टिलाइजर फैक्ट्री भी चालू हो गयी है। सिद्धार्थनगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा हो गया है।

**डबल इंजन की सरकार सुविधाएं उपलब्ध करा रही: सीएम**

इसी महराजगंज के वनटांगिया गांव में 18 बस्तियों के लोग दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर थे। आज उन्हें रिवेन्यू विलेज के रूप में मान्यता दे दी गई है। ऐसे में उन्हे आजादी के बाद पहली बार एहसास हुआ है कि वह भी आजाद भारत के नागरिक हैं। वह आज सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं, उनके मकान बन रहे हैं। घरों में बिजली की सप्लाई हो रही है। सड़कें उनके घर तक जा रही हैं। वहां डबल इंजन की सरकार उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। सीएम ने यहां कार्बनिक और इंटीग्रेटेड फार्मिंग करने वालों की सराहना की। सीएम ने कहा कि आज प्रदेश से इंसेफेलाइटिस और माफिया को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। अब इंसेफेलाइटिस से बच्चों की मौत नहीं होती है।

# केरल की पेरियार नदी में हजारों मछलियां मरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोच्चि:** केरल की पेरियार नदी में हजारों मछलियों के मरने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। सरकार ने बैठक कर पेरियार नदी में हजारों मछलियों की मौत की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दीर्घ व अल्पकालिक सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। गत मंगलवार को वरपुझा, कदमक्कुडी और चेरनल्लूर के निकट मछली फार्मों में बड़ी संख्या में मछलियां मृत मिली थीं। इसके विरोध में मछली पालकों, पर्यावरणविदों और राजनीतिक पार्टियों के कार्यकताओं समेत स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया था। ऑक्सीजन की कमी के कारण बड़ी संख्या में मछिलयों की मौत हुई। केरल के उद्योग मंत्री पी. राजीव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि नियामक-सह-पुल के दरवाजे खोले जाने के कारण हजारों मछलियों की मौत हुई।

**सरकार सतर्क**

▸▸ हजारों मछलियों की मौत की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दीर्घ व अल्पकालिक सुरक्षा उपायों पर चर्चा की

# प्रशासन की लापरवाही मरीजों पर पड़ रही भारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु:** कर्नाटक में चित्रदुर्ग जिले के एक सरकारी अस्पताल में बिजली नहीं होने से दाखिल मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टर्स मोबाइल फोन टॉर्च का इस्तेमाल कर के मरीजों का इलाज कर रहे हैं। चित्रदुर्ग जिले के मोलकालमुरु में सरकारी अस्पताल बिजली की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। सभी मरीजों का इलाज यहां तक कि ऑपरेशन टॉर्च की रोशनी में या मोबाइल टॉर्च की रोशनी में करने को मजबूर हैं। बिजली की गंभीर समस्या के कारण परेशानी सिर्फ मरीजों को ही नहीं, बल्कि डॉक्टर और अस्पताल कर्मचारियों को भी हो रही है। मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, इस मामले में अस्पताल के अधिकारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया गया है, क्योंकि जनरेटर लगभग एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है। अस्पताल में बिजली समस्या के पीछे एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि कर्नाटक में भारी बारिश के बाद बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है।

**मरीज परेशान**

▸▸ चित्रदुर्ग जिले के मोलकालमुरु में सरकारी अस्पताल बिजली की गंभीर समस्या से जूझ रहा है

**कर्नाटक में हो रही भीषण बारिश:** राज्य में मार्च से मई के बीच लगभग 107 मिलीमीटर बारिश हुई है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, कर्नाटक में अभी मानसून से पहले की बारिश हो रही है। यहां मार्च से 21 मई तक 107.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। इस साल 23 मिमी बारिश अधिक हुई है। हर साल इस अवधि में 87.4 मिमी बारिश दर्ज की जाती है। बारिश की वजह से यहां जनजीवन काफी अस्त-व्यस्त है।

# यूपी के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 25 को मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों और बलरामपुर जिले की एक विधान सभा सीट पर 25 मई को मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। निर्वाचन आयोग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है।



**इन सीटों पर होगा मतदान:** सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्त कबीर नगर, लालगंज(सुरक्षित), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (सुरक्षित), भदोही तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 292-गैंसड़ी शामिल है। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। जो मतदाता शाम 06 बजे पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया छठवें चरण में कुल 2,70,69,874 (02 करोड़ 70 लाख 69 हजार 874) मतदाता हैं। इसमें 1,43,30,361 पुरुष (01 करोड़ 43 लाख 30 हजार 361) तथा 1,27,38,257 महिला (01 करोड़ 27 लाख 38 हजार 257) एवं 1,256 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। छठवें चरण में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता संतकबीरनगर तथा सबसे कम मतदाता इलाहाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

**तैयारी**

▸▸ मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। निर्वाचन आयोग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है

# देश का संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा: चंद्रशेखर

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुशीनगर:** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने शुक्रवार को दोपहर कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के कसया में भाजपा पर आरोप लगाया कि वह संविधान को समाप्त करने पर तुली है। कहा कि बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने दलितों, शोषितों और वंचितों को सम्मान से जीने के अधिकार के लिए संविधान दिया। भाजपा देश के संविधान को कुचलकर राजशाही का शासन स्थापित करना चाहती है। वह राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य की जीत के लिए जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन किया। दर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत में गणेशन ने कहा कि जब कल्याण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब अयोध्या आया था, लेकिन प्रभु राम के जन्मभूमि मंदिर में विराजमान होने के बाद आज पहली बार अयोध्या आया हूं।

# पीएम ने की शीला दीक्षित की तारीफ, संदीप ने जताई कृतज्ञता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एक टीवी चैनल में साक्षात्कार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शीला दीक्षित की तारीफ की, जिसके बाद शीला दीक्षित के पुत्र और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने प्रधानमंत्री की प्रशंसा की है। शनिवार को दिल्ली के सातों सीट पर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान है, ऐसे में मतदान के एक दिन पूर्व शुक्रवार को कांग्रेस के इस दिग्गज नेता द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शीला दीक्षित की तारीफ करते हुए कहा है कि वे व्यक्तिगत रूप से शीला दीक्षित का सम्मान करते थे। उन पर लगाए गए आरोप मेरे गले नहीं उतरता था। उन्होंने यह भी कहा कि शीला के आखिरी दिनों में आरोप लगाकर बदनाम किया गया था। संदीप दीक्षित ने इस वीडियो को शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है। प्रधानमंत्री के बयान के क्लिप को शेयर करते हुए संदीप दीक्षित ने कहा कि राजनीतिक मतभेद होते हुए भी प्रधानमंत्री ने मेरी मां और उनके योगदान को याद किया।

# तमिलनाडु में जयललिता के खाली स्थान को भर रही भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा कि उनकी पार्टी अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता के निधन के बाद राज्य की राजनीति में रिक्त हुए स्थान को भर रही है। जयललिता का हिंदुत्व के प्रति बेहतर रुझान था। पीटीआइ संपादकों के साथ बातचीत में आइपीएस अधिकारी से राजनीतिज्ञ बने अन्नामलाई ने यह बात कही। उन्होंने द्रमुक और अन्नाद्रमुक के



दबदबे वाले तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव में भाजपा को दोहरे अंक में मत प्रतिशत मिलने और राज्य में तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरने का विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने के बाद लोगों का भाजपा में विश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री द्वारा तमिलनाडु की बार-बार यात्रा करना, काशी-तमिल संगमम, सौराष्ट्र तमिल संगमम जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, नए संसद भवन में सेंगोल स्थापित करना और राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिये भाजपा को राज्य के लोगों तक अपनी पहुंच बनाने में मदद मिली।

# उत्तराखंड: स्वास्थ्य विभाग को मिले 37 नए नर्सिंग अधिकारी

**देहरादून:** स्वास्थ्य विभाग को 37 नये नर्सिंग अधिकारी मिले हैं। इन सभी नर्सिंग अधिकारियों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशालय द्वारा निर्वाचन आयोग की अनुमति के उपरांत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय चिकित्सालयों में तैनाती दे दी गई है। उत्तराखंड मेडिकल सर्विस सेलेक्शन बोर्ड ने 34 नर्सिंग अधिकारियों का चयन परिणाम जारी कर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग को उक्त नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति की संस्तुति की। जिसके उपरांत स्वास्थ्य महानिदेशालय ने निर्वाचन आयोग की अनुमति पर इन 34 नर्सिंग अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र व अन्य वांछित अभिलेखों की पुष्टि से वंचित रहे गये 03 नर्सिंग अधिकारियों को प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय चिकित्सालयों में तैनाती दे दी गई है। इसी प्रकार रूद्रप्रयाग में 03, पौड़ी 08, टिहरी 01, उत्तरकाशी 05, नैनीताल 01, अल्मोड़ा 02, बागेश्वर 01, पिथौरागढ़ 07 तथा चम्पावत में 02 शामिल हैं।

# अखिलेश-प्रियंका की रैली 25 को; शाह 29 को करेंगे रोड शो

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** लोकसभा चुनाव के 7वें और अंतिम चरण में गोरखपुर की वीआईपी सीट बचाने में राजनीति के सभी दिग्गत जुट गए हैं। 25 मई को छठे चरण की वोटिंग के साथ ही यहां राजनीति के दिग्गजों का जमावड़ा लगने लगेगा। 25 मई को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी एक बड़ी रैली करने जा रहे हैं। गोरखपुर से सपा प्रत्याशी काजल निषाद और बासगांव से कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे।




**समीकरण** श्रावस्ती संसदीय सीट 2009 में अस्तित्व में आई। इससे पहले ये सीट बलरामपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा थी

# लोस चुनाव : श्रावस्ती में कमल खिलेगा या खुलेगा सपा की जीत का खाता!

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** श्रावस्ती को बौद्ध नगरी के नाम से दुनियाभर में विशेष रूप से पहचाना जाता है। श्रावस्ती संसदीय सीट 2009 में अस्तित्व में आई। इससे पहले ये सीट बलरामपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा थी। इस सीट पर अब तक हुए तीन चुनाव में कांग्रेस, बसपा और भाजपा 1-1 बार जीत दर्ज करा चुके हैं। हालांकि इस सीट पर अब तक समाजवादी पार्टी का खाता नहीं खुला है। बता दें, सपा इस सीट पर दूसरे और तीसरे नंबर की पार्टी रही है।

**2009 के चुनाव में तीसरे नंबर पर सपा:** 15वीं लोकसभा के लिए



2009 में हुए चुनाव में श्रावस्ती सीट पर पहला चुनाव हुआ। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार पांडेय उर्फ बिन्नू ने विजय हासिल की। कांग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार को 201,556 वोट मिले। वहीं दूसरे स्थान पर रहे बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी रिजवान जहीर को 159,527 वोट हासिल किये। सपा प्रत्याशी रुबाब सईदा तीसरे स्थान पर रही। रुबाब सईदा को 111,247 वोट मिले।

**रणनीति**

▸▸ इस सीट पर अब तक हुए तीन चुनाव में कांग्रेस, बसपा और भाजपा 1-1 बार जीत दर्ज करा चुके हैं

इस चुनाव में

**2014 में दूसरे स्थान पर रही साइकिल:** 2014 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दद्दन मिश्रा ने 85 हजार से वोटों के अंतर से जीत हासिल की। दद्दन मिश्रा के खाते में 345,964 (35.30%) वोट आए। सपा प्रत्याशी अतीक अहमद 260,051 (26.53%) वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। बसपा के लाल जी वर्मा 194,890 (19.88%) वोटों से तीसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार पांडेय पांचवें स्थान पर रहे।

**2019 में सपा-बसपा गठबंधन में बसपा थी मैदान में:** 2019 के लोकसभा चुनाव में श्रावस्ती संसदीय सीट पर बसपा के राम शिरोमणि वर्मा और भाजपा के दद्दन मिश्रा के बीच मुकाबला हुआ था। सपा और बसपा के बीच चुनावी गठबंधन था। ये सीट बसपा के खाते में आई थी। राम शिरोमणि कड़े मुकाबले में मात्र 5320 वोटों के अंतर से जीते।